*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
13 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 324
मंईयां आजाद सिपाही
कलम कलम बढ़ाये जा



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 68,600 रु./10 ग्राम
चांदी 88,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# संथाल परगना में इस बार भी खूब होगा झकझूमर

## ■ 21 सितंबर को दुमका में अमित शाह फूंकेंगे विधानसभा चुनाव का बिगुल

## ■ सत्ता पक्ष भी लगातार बहा रहा है पसीना, खुद हेमंत ने संभाल रखी है कमान

**आजाद सिपाही विशेष**

**विधानसभा चुनाव के दरवाजे पर खड़े झारखंड की राजनीति का केंद्र माना जानेवाला संथाल परगना इस बार भी कांटे के चुनावी मुकाबले के लिए तैयार होता दिखने लगा है। वैसे भी झारखंड की सियासत में संथाल परगना की भूमिका बेहद अहम मानी जाती है। यह इलाका न केवल विद्रोहों और आंदोलनों का गवाह रहा है, बल्कि यहां की फिजाओं में एक अलग किस्म की सियासी रवायत देखी जाती है। संथाल परगना को वैसे तो झामुमो का गढ़ माना जाता है, लेकिन भाजपा भी यहां उतनी कमजोर नहीं है। चुनावी अखाड़े में शिबू सोरेन भी संथाल परगना से पराजय का स्वाद चख चुके हैं और हेमंत सोरेन समेत झामुमो के लगभग सभी दिग्गज भी। दूसरी तरफ भाजपा के लिए भी यहां की धरती एक समान नहीं रही। कभी पार्टी ने खूब चुनावी फसल काटी, तो कभी उसे सूखे का सामना करना पड़ा। लेकिन इस बार के विधानसभा चुनाव में संथाल परगना का परिदृश्य उलझा हुआ नजर आ रहा है। दोनों ही पक्षों ने संथाल फतह के लिए रणनीतियां तैयार की हैं। भाजपा की तरफ से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 21 सितंबर को दुमका से विधानसभा चुनाव का बिगुल फूकेंगे, तो सत्ता पक्ष की तरफ से सीएम हेमंत सोरेन ने ही कमान संभाल रखी है। 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो को सबसे बड़ी पार्टी बनाने के साथ सत्ता में लाने का काम संथाल परगना ने ही किया था। इसलिए इस बार भी झामुमो ने संथाल परगना में पूरी ताकत झोंक रखी है। पिछले कुछ दिनों से संथाल परगना के सियासी माहौल को देखने से एक बात साफ होती है कि झारखंड की सत्ता की चाबी माने जानेवाले इस इलाके में इस बार का चुनावी मुकाबला बेहद रोमांचक होगा। इसलिए यहां दोनों ही पक्षों ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। भाजपा ने जहां बांग्लादेशी घुसपैठ से लेकर भ्रष्टाचार तक को मुद्दा बना रखा है, वहीं हेमंत सोरेन ने भाजपा पर पैसे के बल पर घर और पार्टी को तोड़ने की साजिश का, बाहर के नेताओं पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप लगा कर साफ कर दिया है कि वह अपने इस अभेद्य दुर्ग को बचाने के लिए हर कीमत चुकाने को तैयार हैं। क्या है संथाल परगना का सियासी माहौल और संभावनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

आंदोलनों और विद्रोह की धरती संथाल परगना के माहौल में एक बार फिर चुनावी रंग घुलता हुआ नजर आने लगा है। विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे झारखंड का यह इलाका हमेशा से ही सियासत का केंद्र रहा है और इस बार भी परिस्थितियां बहुत अलग नहीं हैं। सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद का इंडिया ब्लॉक अपने इस मजबूत दुर्ग को बचाने के लिए पूरी ताकत लगाये हुए है, तो भाजपा भी बहुत पीछे नहीं है। एक-दूसरे पर राजनीतिक हमलों के बीच संथाल परगना अब चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहा है। इलाके में चुनावी चर्चाएं पूरे शबाब पर हैं। हर तरफ आसन्न विधानसभा चुनाव के बारे में बातें हो रही हैं। इन चर्चाओं में एक बात नोट करने लायक है कि यहां के लोग अब राजनीति के मामले में बहुत पीछे नहीं हैं। सोशल मीडिया के जमाने में संथाल परगना के लोग सियासत की महीन और झीनी परतों को भी उधेड़ने से परहेज नहीं कर रहे हैं। हर व्यक्ति के पास, चाहे वह शहरी हो या ग्रामीण, उच्च शिक्षित हो या अशिक्षित, अमीर हो या गरीब, हर उस व्यक्ति के बारे में पूरी जानकारी है, जो तनिक सा भी सियासत से जुड़ा हुआ है। संथाल के लोग अपने इलाके के बारे में हर वह जानकारी दे देते हैं, जो पहले संभव नहीं होती थी। कौन किससे मिल रहा है, कहां जा रहा है और कैसा काम कर रहा है से लेकर गलत कामों को गिनाने में आम लोग पीछे नहीं हटते। तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रमों पर लोग करीब से निगाह रख रहे हैं। इस तरह के माहौल से यह साफ हो गया है कि इस बार का विधानसभा चुनाव यहां दोनों ही पक्षों की ताकत का असली इम्तिहान लेगा। इसलिए दोनों ही पक्ष की तरफ से अभी से ही संथाल परगना में पूरी तकत झोंक दी गयी है। सत्ता पक्ष की तरफ से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मोर्चा संभाल रखा है, तो विपक्षी भाजपा की तरफ से प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी लगातार सक्रिय हैं।




### अमित शाह के दौरे से भाजपा को उम्मीद

इस चुनावी माहौल को धार देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 21 सितंबर को दुमका आ रहे हैं। उनके साथ भाजपा शासित चार राज्यों के मुख्यमंत्री भी होंगे। ये सभी लोग झारखंड भाजपा द्वारा निकाली जानेवाली परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करेंगे। इस परिवर्तन यात्रा को भाजपा के चुनाव अभियान का श्रीगणेश माना जा रहा है। 20 जुलाई को अपनी सात घंटे की रांची यात्रा के दौरान अमित शाह ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को जो मंत्र दिया था, दुमका का उनका दौरा उस मंत्र को कार्यरूप में उतारने का पहला अध्याय होगा। पिछले दो महीने में झारखंड भाजपा ने संथाल परगना के हर उस मुद्दे को पूरी ताकत से उठाया है, जो उसकी चुनावी नैया को पार लगाने में सहायक हो सकता है। अब अमित शाह के दौरे से उस नाव की गति को बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

### संथाल का राजनीतिक परिदृश्य

इस बात में कोई संदेह नहीं कि संथाल परगना झामुमो का अभेद्य किला है। 2019 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 18 में से नौ सीटें जीत कर अपना दबदबा साबित किया था। उसकी सहयोगी कांग्रेस ने चार सीटें जीती थी, जबकि पोड़ैयाहाट की सीट उसे बाद में मिल गयी थी। भाजपा को केवल चार सीटें मिली थीं। विधानसभा की 18 सीटों में सात अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। इन सभी आरक्षित सीटों, यानी दुमका, जामा, शिकारीपाड़ा, लिट्टीपाड़ा, महेशपुर, बोरियो और बरहेट के अलावा दो अनारक्षित सीटों, नाला और मधुपुर पर झामुमो का कब्जा है। उसकी सहयोगी कांग्रेस के पास पांच सीटें- जरमुंडी, पोड़ैयाहाट, महगामा, जामताड़ा और पाकुड़ हैं। भाजपा के पास चार सीटें- देवघर, गोड्डा, सारठ और राजमहल हैं। इन चार में से तीन सामान्य सीटें हैं, जबकि देवघर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा ने संथाल के विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल की थी। इनमें दो आदिवासी क्षेत्र, दुमका और जामा भी थे। 2019 के विधानसभा चुनाव में संथाल परगना में मिली ऐतिहासिक सफलता ने झामुमो नेतृत्व और खास कर हेमंत सोरेन को अपनी राजनीतिक रणनीति पर दोबारा विचार करने पर मजबूर कर दिया। विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद हेमंत सोरेन ने संथाल की किलेबंदी पर अधिक ध्यान दिया। उन्होंने कैबिनेट में तीन स्थान (खुद को मिला कर चार) के अलावा स्पीकर भी संथाल से बनाया।

### भाजपा के लिए चुनौती भी और अवसर भी

संथाल परगना की झामुमो ने जिस तरह किलेबंदी की है, उससे भाजपा के लिए चुनौती बड़ी हो गयी है। संथाल परगना में आदिवासियों की बहुसंख्यक आबादी को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा लंबे समय से कोशिश कर रही है। उसकी कोशिशें लोकसभा चुनाव में सफल होती दिखने लगी थीं। लेकिन हेमंत सोरेन ने इसे पूरी तरह बदल दिया है। अब संथाल में भाजपा की वापसी की राह बेहद कठिन हो गयी है। लेकिन इसके साथ ही उसके लिए इस किले को ध्वस्त करने का अवसर भी है। भाजपा के पास बाबूलाल मरांडी जैसा ताकतवर हथियार है, जिसने संथाल की राजनीति को बहुत करीब से देखा भी है और महसूस भी किया है। बाबूलाल मरांडी ही वह शख्स हैं, जिन्होंने शिबू सोरेन तक को मात दी है। इसके अलावा हाल के दिनों में भाजपा ने झामुमो के दो कद्दावर नेताओं, सीता सोरेन और लोबिन हेंब्रम को अपने पाले में कर हेमंत सोरेन के किले में दरार जरूर पैदा की है।

### संथाल में आदिवासी अस्मिता बनाम घुसपैठ और भ्रष्टाचार

जहां तक विधानसभा चुनाव में मुद्दों की बात है, तो इस बार सत्ताधारी गठबंधन का फोकस आदिवासी अस्मिता पर ही है। हेमंत सोरेन जिस तरह भाजपा पर गुजरात-महाराष्ट्र, असम और मध्यप्रदेश के लोगों को झारखंड में लाने और यहां के आदिवासी, दलित और पिछड़ों को बरगलाने के साथ पैसे के बल पर घर और पार्टी को तोड़ने का आरोप लगा रहे हैं, उससे साफ हो गया है कि यह मुद्दा भी सत्ता पक्ष का प्रमुख हथियार है। हेमंत सोरेन अपनी सरकार की उपलब्धियों को भी जनता के सामने मजबूती से रख रहे हैं। इसके अलावा आरक्षण, सरना धर्म कोड, 1.36 लाख करोड़ का बकाया, स्थानीयता नीति और केंद्रीय योजनाओं में झारखंड के हिस्से में कटौती जैसे झारखंड की जनभावना से जुड़े मुद्दे भी उनके एजेंडे में शामिल हैं। सत्ताधारी महागठबंधन को पता है कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उसके लिए मुश्किल होगी, तो इसकी काट के लिए वह केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओं को जेल में बंद करने का मुद्दा उठा रहा है। खासकर हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को झारखंडी अस्मिता से जोड़ने का प्रयास भी असरदार होता दिख रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इसे लेकर 'झारखंड झुकेगा नहीं' का नारा दिया है। इसके अलावा महागठबंधन के पास जल-जंगल-जमीन और स्थानीयता के मुद्दों के साथ स्थानीय मुद्दों को केंद्र में रखने की रणनीति बनायी है। 2019 में सत्ता संभालने के बाद वैश्विक महामारी के दौरान राज्य सरकार द्वार किये गये कार्यों की भी याद हेमंत सोरेन दिला रहे हैं। मंईयां योजना और अबुआ आवास योजना के सहारे वह संथाल की सियासी हवा को थामने की जुगत में हैं।

### इन मुद्दों पर महागठबंधन को घेरेगी भाजपा-आजसू

जहां तक विपक्षी भाजपा-आजसू का सवाल है, तो उसके पास विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा भ्रष्टाचार और परिवारवाद ही दिख रहा है। इसके अलावा संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी में बदलाव का मुद्दा भी उसका मुख्य हथियार बना हुआ है। हाल के दिनों में हिमंता बिस्वा सरमा और भाजपा के दूसरे नेताओं ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव में भी भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बना कर आक्रामक प्रचार अभियान छेड़ा था, हालांकि उसका बहुत अधिक असर नहीं पड़ा था। लेकिन विधानसभा चुनाव में वह इस मुद्दे को संथाल परगना के पिछड़ेपन से जोड़ कर सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिश कर रही है। इसके बाद खनिजों से ही जुड़े डीएमएफटी (डिस्ट्रिक्ट मिनरल्स फाउंडेशन ट्रस्ट) का सवाल उठा कर भाजपा-आजसू महागठबंधन सरकार को कठघरे में खड़ा कर रही है।

कुल मिला कर संथाल परगना इस बार ऐसे चुनावी मुकाबले का गवाह बनेगा, जो पहले कभी नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव के बाद जिस तरह से दोनों पक्षों ने यहां अपनी ताकत झोंक रखी है, उससे तो यही लगता है कि संथाल के रण में ही दोनों पक्षों की ताकत का लिटमस टेस्ट होगा।

---

## भाजपा नेता झारखंड की जितनी यात्रा कर लें

# चुनाव में जनता भाजपा की अंतिम यात्रा निकालने वाली है : सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि भाजपा नेता झारखंड की कितनी भी यात्रा कर लें, चुनाव में जनता उनकी अंतिम यात्रा निकालनेवाली है। गुरुवार को उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड आ रहे हैं। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दौरा होगा।

वह यहां राज्यपाल रह चुकी हैं। उनके कार्यकाल में राज्य के आदिवासियों और मूलवासियों के लिए कुछ ऐसे कदम उठाये गये, जिसकी वजह से यहां की जनता ने साल 2019 में भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंका। इसके बाद 21 सितंबर को गृह मंत्री अमित शाह भी आ रहे हैं। इन तीनों का आगमन ऐसे समय में हो रहा है, जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य की सरकार और अफसर आदिवासियों-मूलवासियों के दरवाजे तक जा रहे हैं। 21 तारीख को कई राज्यों के मुखिया और केंद्रीय मंत्री यहां आयेंगे। लगता है चुनाव तक पूरी मोदी कैबिनेट यहीं बैठेगी। लेकिन इसका कोई लाभ नहीं होनेवाला है। झारखंड में जब भी चुनाव होगा, भाजपा की अंतिम यात्रा तय है।



घुसपैठिया मुद्दे पर सुप्रियो ने कहा कि अगर घुसपैठ हुई है, तो इसके लिए केंद्र का गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय सीधे तौर पर जिम्मेदार है, क्योंकि सीमा सुरक्षा का मामला इन्हीं के जिम्मे है।

सुप्रियो ने कहा, हाल में हमारे नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी भाजपा में चले गये। वह एक बड़े नेता हैं। झामुमो की प्रतिबद्धता सरना धर्म कोड को लागू करना है। यह बड़ा अच्छा अवसर होगा, जब करमा पूजा के ठीक बाद चंपाई सोरेन मंच पर पीएम मोदी के साथ मौजूद रहेंगे, तो वह पीएम से अलग सरना धर्म कोड को लागू करने की दिशा में पहल के लिए कह सकते हैं। चंपाई सोरेन पीएम मोदी के मुंह से इस बात की घोषणा करवा दें कि 2025 में जब जातिगत गणना होगी, तो इसके साथ सरना धर्म की भी गणना करवा देंगे। चंपाई 21 सितंबर को जनगणना का मामला गृह मंत्री अमित शाह के साथ उठा सकते हैं। अलग सरना धर्म कोड पर अंतिम मुहर राष्ट्रपति की ओर से लगना है, जो खुद सरना धर्म की हैं। उनके सामने भी यह मुद्दा उठाया जाना चाहिए। सुप्रियो ने कहा कि पीएम झारखंड को 21 हजार करोड़ की सौगात देंगे। तो 1.36 लाख करोड़ का बकाया भी मिल जायेगा, हम तो यही मान रहे हैं। यदि ये सब घोषणाएं हो जाती हैं, तब तो हम मानेंगे कि पीएम को झारखंड से लगाव है।

---

# सर्विस रूल का उल्लंघन कर रहीं झारखंड की कैबिनेट सचिव : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने गुरुवार को हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजनीतिक हार स्वीकार कर चुके हैं। भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान एवं सह प्रभारी असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के झारखंड दौरे से उनकी बौखलाहट बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपनी हार देखते हुए पदाधिकारियों को आगे कर दिया है। राज्य सरकार की कैबिनेट सचिव ने पत्र लिख कर सर्विस रूल का उल्लंघन किया है। कहा कि पदाधिकारियों को पॉलिटिकल मामले में चुनाव आयोग को पत्र लिखने की अनुमति किसने दी। कहा कि राज्य सरकार के महाधिवक्ता खुद विधि विरुद्ध आचरण कर रहे। वे अब झामुमो के प्रवक्ता बन गये हैं।



लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि हेमंत सरकार अब बोरिया बिस्तर समेट रही है। लोकसभा चुनाव के परिणाम इंडी ठगबंधन को डराने लगा है। लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि बिदाई की बेला में भी हेमंत सोरेन गलत वादे कर रहे। लेकिन जनता उनकी सच्चाई से पूरी तरह अवगत है। जनता का भरोसा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उठ चुका है। कहा कि भाजपा राजनीतिक लड़ाई, राज्य क्की अस्मिता और सम्मान की लड़ाई चुनाव के मैदान में लड़ेगी और निकम्मी सरकार को जनता के सहयोग से पराजित करेगी।

# सचिवालय में तीसरे दिन भी कामकाज ठप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सचिवालय में तीसरे दिन भी कामकाज ठप रहा। सचिवालय सेवा संघ के बैनर तले सचिवालय सेवा के पदाधिकारी-कर्मचारी गुरुवार को भी सामूहिक अवकाश पर रहे। तीन दिनों में फाइलों का अंबार लग गया। लगभग 10 हजार फाइलों का मूवमेंट पूरी तरह से रूक गया। संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार से सचिवालय सेवा के पदाधिकारी-कर्मचारी काम पर वापस लौटेंगे। इसके बाद आगे की रणनीति बनायी जायेगी। बताते चलें कि सचिवालय सेवा संघ के पदाधिकारी-कर्मचारी अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर पिछले तीन महीने से आंदोलनरत हैं।

---

# हेमंत सरकार के संरक्षण में घुसपैठिये फल-फूल रहे : बाउरी



**2011 में संथाल में आदिवासी 28 फीसदी, हिंदू 67.95 फीसदी बचे, वहीं मुस्लिमों की आबादी बढ़ कर 22.73 फीसदी हो गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि झारखंड की डेमोग्राफी लगातार बदल रही है। इसके कारण देश की संप्रभुता और आदिवासियों-मूलवासियों की अस्मिता खतरे में है। वह गुरुवार को मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाइकोर्ट ने इस मामले में दर्ज जनहित याचिका को गंभीरता से लिया है। अदालत ने साफ कहा है कि घुसपैठ के कारण डेमोग्राफी चेंज हो रही है। अदालत ने छह जिलों के डीसी और एसपी को साफ निर्देश दिया है कि इस मामले में वे क्या कर रहे हैं, इसकी सीधी रिपोर्ट करें। बाउरी ने कहा कि राज्य सरकार तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण घुसपैठियों के लिए सबसे बड़ी संरक्षक बनी हुई है। राज्य सरकार के संरक्षण में एसपीटी एक्ट का उल्लंघन हो रहा है। पाकुड़, साहिबगंज में अवैध मदरसे बने हैं। इनके माध्यम से आधार कार्ड जैसे जाली दस्तावेज बना कर यहां अवैध रूप से लोग रह रहे हैं, जमीन खरीद रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार घुसपैठ को लेकर काफी संवेदनशील है। झारखंड में घुसपैठ को लेकर केंद्र सरकार ने आंकड़ा जारी किया है। इसके अनुसार संथाल परगना में 1961 में कुल आबादी 23,22092 थी। इसमें 2098492 यानि कुल आबादी का 90.37 प्रतिशत हिंदू, 219240 यानि 9.43 प्रतिशत मुस्लिम, 1037167 यानि संताल की कुल आबादी का 44.67 प्रतिशत आदिवासी थे। 2011 में संथाल में आदिवासी 28 फीसदी, हिंदू 67.95 फीसदी बचे, वहीं मुस्लिमों की आबादी बढ़ कर 22.73 फीसदी हो गयी। संथाल में 1961 में चार फीसदी क्रिश्चियन थे, जो 2011 में 20 फीसदी हो गये। यह बढ़ोतरी 67.48 फीसदी की दर से हुई है। साहिबगंज में 1961 में 20 फीसदी मुस्लिम थे, 2011 में 34.61 फीसदी मुस्लिम हो गये। पाकुड़ में 1961 में 20 फीसदी मुस्लिम थे, 2011 में 35.86 फीसदी मुस्लिम हो गये। पूरे देश में हिंदुओं की आबादी में औसत गिरावट जहां 4.28 फीसदी रही, वहीं संथाल परगना में यह औसत 22.42 प्रतिशत रही। यह गिरावट नैसर्गिक नहीं थी, बल्कि घुसपैठ के कारण यह सब हुआ। बाउरी ने कहा कि राज्य सरकार के पास विशेष पावर है कि वह मुख्य सचिव या उनके समकक्ष किसी पदाधिकारी के नेतृत्व में कमिटी गठित कर ऐसे लोगों को चिह्नित कर उन्हें वापस भेज सकती है। साथ में केंद्र सरकार ने यह भी कहा कि भारत सरकार इस गंभीर मसले के समाधान के लिए अपने हाथ में पूरी ताकत रखती है। बाउरी ने कहा कि भाजपा झारखंड सरकार से मांग करती है कि इस विषय पर गंभीरता दिखाये। पदाधिकारियों को राजनीति में नहीं झोंकते हुए उनको उनका काम करने दिया जाये। न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका को अपना काम करने देना चाहिए, नहीं तो इससे लोकतंत्र में गलत परंपरा पनपेगी और लोकतंत्र में घुन लगेगा। अधिकारियों को भी अपनी मर्यादा का ख्याल रखते हुए पक्षपात नहीं करना चाहिए। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह और मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

www.epaper.azadsipahi.in

13 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 324

चीफ जस्टिस के घर गणेश पूजा में शामिल हुए पीएम मोदी, विपक्ष ने किया सवाल



लाखों बहनों को करम पर्व की पूर्व संध्या पर खुशियों का उपहार

## सीएम आज खाते में भेजेंगे मईयां सम्मान योजना की दूसरी किस्त



- बोकारो के लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोम गाढ़ की पवित्र भूमि ललपनिया में कार्यक्रम की तैयारी पूरी
- अब तक 45,36,597 महिलाओं को मिली है सम्मान राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करम पर्व की पूर्व संध्या पर मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य की 45 लाख से अधिक महिलाओं-बहनों के बैंक खाते में दूसरी किस्त का हस्तांतरण करेंगे। बोकारो के लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोम गाढ़ की पवित्र भूमि ललपनिया में शुक्रवार को कार्यक्रम होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इससे पहले विभिन्न चरणों में पहली किस्त का हस्तांतरण मुख्यमंत्री द्वारा किया जा चुका है। योजना का लाभ देने के लिए अब तक 48,15,048 महिलाओं का निबंधन हुआ है। इनमें से 45,36,597 महिलाओं को पहली किस्त का लाभ मिल चुका है।

**18 से 50 वर्ष की बहनों को लाभ :** मुख्यमंत्री के आदेश और राज्य मंत्रिपरिषद की स्वीकृति के उपरांत अब राज्य की 18 से 20 वर्ष की बेटियों को भी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जोड़ने की पहल शुरू हो चुकी है। जल्द इन्हें भी सम्मान राशि प्राप्त होने लगेगी। मालूम हो कि इससे पहले तक 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को योजना से जोड़ने का प्रावधान था। मुख्यमंत्री ने हर महीने की 15 तारीख तक बहनों के खाते में सम्मान राशि भेजने का आदेश दिया है।

### ऐसे बढ़ रहा योजना का कारवां

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए 03 अगस्त से आवेदन लेना प्रारंभ हुआ। ऑनलाइन आवेदन जमा करने में आ रही परेशानी को मुख्यमंत्री ने दूर कर ऑफ लाइन आवेदन लेने का आदेश दिया। पहली बार योजना के तहत 18 अगस्त को पाकुड़ की 80 हजार से अधिक, 22 अगस्त को पलामू प्रमंडल के लातेहार, मेदिनीनगर और गढ़वा की 2.50 लाख से अधिक, 24 अगस्त को उत्तरी छोटानागपुर के रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद और बोकारो जिला की 13 लाख 94 हजार से अधिक, 27 अगस्त को संताल परगना के देवघर, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज, दुमका और जामताड़ा की 07 लाख 32 हजार से अधिक, 28 अगस्त को कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां की 07 लाख 32 हजार से अधिक, 04 सितंबर को दक्षिणी छोटानागपुर के रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा की 07 लाख से अधिक महिलाओं-बहनों के बैंक खाते में 70.50 करोड़ रुपये का हस्तांतरण किया गया है।

### बोकारो में कार्यक्रम की तैयारी पूरी

मुख्यमंत्री के शुक्रवार को बोकारो में कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। स्थानीय प्रशासन के उच्चाधिकारियों ने आयोजन स्थल का दौरा किया और तैयारियों का जायजा लिया। मंच-पंडाल आदि को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

बांग्लादेशी घुसपैठ पर केंद्र ने हाइकोर्ट में दाखिल किया हलफनामा

# संथाल परगना में 44 से घट कर 28 फीसदी हुई आदिवासी आबादी

- मुस्लिम आबादी 40 फीसदी तक बढ़ी
- संथाल मे राज्य सरकार ही कर रही एसपीटी एक्ट की अवहेलना
- इसाइयों की आबादी छह हजार गुना बढ़ी
- मुस्लिमों को गिफ्ट डीड के जरिये दी जा रही जमीन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में राज्य में डेमोग्राफिक बदलाव से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने अपना जवाब दाखिल किया है। केंद्र की ओर से दाखिल किये गये काउंटर एफिडेविट में हाइकोर्ट को बताया गया है कि झारखंड के संथाल परगना में आदिवासी आबादी में 16 फीसदी की कमी आयी है। केंद्र ने बताया कि संथाल परगना में आदिवासी आबादी 44 फीसदी से घट कर 28 फीसदी हो गयी है। वहीं, केंद्र ने यह भी बताया है कि संथाल परगना के छह अलग-अलग जिलों में मुस्लिम आबादी 20 से 40 फीसदी तक बढ़ी है। सबसे अधिक आबादी पाकुड़ और साहिबगंज में बढ़ी है। वहीं केंद्र ने यह भी कहा कि इन इलाकों में इसाइयों की संख्या 6000 गुना तक बढ़ी है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया जनरल तुषार मेहता उपस्थित हुए।

**पलायन और धर्मांतरण मुख्य कारण:** अपने हलफनामे में केंद्र सरकार ने यह माना है कि पिछले कुछ सालों में संथाल में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। केंद्र ने इसके पीछे की दो वजह बतायी है। पहला कारण पलायन और दूसरा धर्मांतरण बताया गया है। केंद्र सरकार ने कहा है कि संथाल मे न सिर्फ घुसपैठ, बल्कि धर्मांतरण और पलायन भी शामिल है। केंद्र ने हाइकोर्ट से कहा कि क्षेत्र में संथाल परगना टेनेंसी एक्ट (एसपीटी एक्ट) का उल्लंघन हो रहा है। बाहर से लोग संथाल में आ रहे हैं। घुसपैठियों को संरक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे आदिवासियों की जमीन पर घुसपैठ कर सकें। बड़ी संख्या में आदिवासियों की जमीन को गिफ्ट डीड के जरिए हड़पा जा रहा है। जो साफ तौर पर ये दर्शाता है कि बिना राज्य सरकार की सहमति के ये होना मुमकिन नहीं है।

**कंप्रिहेंसिव जवाब के लिए मांगा था समय :** एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण जनसंख्या में हो रहे बदलाव को लेकर दायर जनहित याचिका पर 5 सितंबर को सुनवाई की थी, कोर्ट ने 17 सितंबर को सुनवाई की तिथि तय की है।




### यूनिक आइडी नागरिकता का आधार नहीं

इस याचिका पर हुई पिछली सुनवाई में यूआइडीएआइ से भी जवाब मांगा गया था। उनकी ओर से भी जवाब दाखिल किया गया, जिसमें बताया गया कि यूआइडीएआइ आधार नंबर के गलत इस्तेमाल की शिनाख्त भी कर सकता है और इसका बचाव भी कर सकता है। वहीं, यूआइडीएआइ ने कोर्ट को यह भी बताया कि आधार यूनिक पहचान जरूर हो सकती है, लेकिन यह नागरिकता का आधार नहीं हो सकता है।

### केंद्र सरकार ने हाइकोर्ट को बताया

- संथाल परगना में 22.42 प्रतिशत आबादी कम हुई है। इसमें आदिवासी की जनसंख्या 44.67 प्रतिशत से घटकर 28.11 प्रतिशत पर आ गयी है।
- 1961 में साहिबगंज की आबादी 4.14 लाख थी। इसमें मुस्लिम आबादी 82 हजार थी, जो कुल आबादी का करीब 20 प्रतिशत था। 2011 में साहिबगंज की कुल आबादी 11.50 लाख की तुलना में मुस्लिम आबादी 3.98 लाख हो गयी ।
- पाकुड़ में 1961 तक कुल आबादी 3.47 लाख थी। इसमें 76 हजार मुस्लिम थे। लेकिन 2011 में मुस्लिम आबादी 22.02 प्रतिशत से बढ़कर 35.86 प्रतिशत यानी 3.22 लाख हो गयी।
- 1951 में संथाल परगना में हिंदू की आबादी कुल आबादी का 90.37 प्रतिशत थी। इसमें आदिवासी की आबादी 44.67 प्रतिशत, मुस्लिम आबादी 9.43 प्रतिशत, ईसाई आबादी 0.18 प्रतिशत थी। लेकिन 2011 में हिंदू की आबादी 67.95 प्रतिशत, मुस्लिम आबादी 22.73 प्रतिशत, इसाई आबादी 4.21 प्रतिशत और आदिवासी की आबादी 28.11 प्रतिशत हो गयी।

### याचिका में क्या है

झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर दानियल दानिश की ओर से जनहित याचिका दायर की गयी है। इस याचिका में कहा गया है कि संथाल के छह जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठिये आ रहे हैं। इस वजह से जिलों की जनसंख्या में बदलाव होने लगा है। इन इलाकों में बड़े पैमाने पर मदरसा बनाये जा रहे हैं। स्थानीय ट्राइबल से वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है। प्रार्थी की ओर से अदालत से प्रार्थना की गयी थी कि इस मामले में भारत सरकार का गृह मंत्रालय रिपोर्ट दाखिल करे और बताये कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं।

## आदिवासियों की घटती संख्या अलार्मिंग सिचुएशन: बाबूलाल



- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जामताड़ा में चिंता जाहिर की
- कहा, आवाज ही उठा सकते हैं विधायक, विकास का काम तो सरकार को ही करना है

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि आदिवासियों की घटती संख्या अलार्मिंग सिचुएशन है। पहाड़िया जनजातियों की मौत और घटती आदिवासियों की जनसंख्या पर चिंता जाहिर करते हुए बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विधायक केवल आवाज उठा सकते हैं। विकास का काम तो सरकार को करना है। बाबूलाल गुरुवार को भाजपा एसटी मोर्चा के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जामताड़ा पहुंचे थे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आदिवासियों की जनसंख्या लगातार घट रही है ये सरकार के लिए चिंता होनी चाहिए। करमाटांड में पहाड़िया जनजाति के आठ लोगों की मौत पर उन्होंने कहा कि यहां जान बचाना मुश्किल है, लेकिन सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आदिवासियों की आबादी घट रही है, इसके लिए तत्काल हर सेवा में, हर क्षेत्र में उन्हें आरक्षण मिलना चाहिए। कई जगहों पर दूसरे समुदाय के लोग आदिवासी से शादी कर जिला परिषद, मुखिया आदि पद ले चुके हैं, लेकिन आदिवासी आज भी छले जा रहे हैं।

**सरकार के पास पांच साल में बताने को पांच काम नहीं:** बाबूलाल ने कहा कि झारखंड की जनता पांच साल से उस गिद्ध शासन में कैद है, जहां मुख्यमंत्री आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर रहा है। झारखंड की संपदा लूटने में व्यस्त हेमंत का पूरा चरित्र भ्रष्टाचार का लबादा ओढे हुए हैं। आदिवासियों को हक अधिकार दिलाने के उद्देश्य से झारखंड राज्य की स्थापना हुई, हेमंत सोरेन के कार्यकाल में वो सब कुछ छीना गया। बांगलादेशी घुसपैठियों को सिर पर बिठाने वाले हेमंत को बाकी दुनिया गिद्ध दिख रही है। युवाओं का भविष्य रसातल में चला गया है। नौकरी के लिए दौड़ लगा रहे युवा दम तोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास एक मुद्दा नहीं है, जिसके बूते वे वोट मांग सकें। पांच साल में उनके पास बताने को पांच काम नहीं हैं।

### हेमंत सोरेन जेल से निकल कर अपराधी की भाषा बोल रहे

बाबूलाल ने सोशल मीडिया के जरिये भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि हेमंत सोरेन किसी जन आंदोलन में नहीं, भ्रष्टाचार में जेल गये थे। वहां से लौटे तो अपराधियों की भाषा बोलने लगे। जेल से लौटते ही उन्होंने आदिवासी अस्मिता को तार-तार करने वाले कदम उठाये। सत्ता के बिना बर्दाश्त नहीं हुआ तो चंपाई सोरेन को हटा दिये। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन खुद को और अपनी पत्नी को आदिवासियों में सबसे अधिक प्रतिभावान समझते हैं। चुनावी साल में मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाने की जुगत में लगे हेमंत सिर्फ अपनी और परिवार की सोच रहे हैं, जबकि झारखंड का आदिवासी समाज बेहाल, बदहाल है।

## सीताराम येचुरी का निधन

**नयी दिल्ली/रांची (आजाद सिपाही)।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी का 72 साल की उम्र में निधन हो गया। निमोनिया की शिकायत होने के बाद उन्हें 19 अगस्त को एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया था। परिवार ने अस्पताल को सीताराम येचुरी के शव को दान कर दिया है। उनके निधन पर देशभर के नेताओं ने शोक व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू समेत कई अन्य



नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सीताराम येचुरी भारत के विचार के सच्चे रक्षक थे। वह भारतीय राजनीति के एक दिग्गज नेता थे। इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

## एसीबी रेड: शैलेश के ठिकानों से 22 लाख नगद और कई जमीन के डीड बरामद

- मनोज कुमार के यहां से एक करोड़ के डुप्लेक्स और जमीन के कागजात मिले
- रांची के बड़गाई जमीन घोटाला से जुड़े मामले में एसीबी की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने हजारीबाग एसडीओ शैलेश सिन्हा के हजारीबाग और गिरिडीह ठिकानों से 22 लाख से ज्यादा नगद, जमीन से जुड़े कई दस्तावेज और बैंक पासबुक बरामद किया है। वहीं बड़गाई अंचल के पूर्व सीओ मनोज के ठिकानों से भी कई कागजात जब्त किये गये हैं। इसमें एक डुप्लेक्स का कागज मिला है, जिसकी कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक है।

**दूसरे दिन भी जारी रही कार्रवाई:** रांची जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के केस में शैलेश और मनोज इडी के गवाह रहे हैं। एसीबी ने बुधवार को इनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की जो गुरुवार को भी जारी रही। मिली जानकारी के अनुसार रांची के राधा कृष्ण अपार्टमेंट में मनोज कुमार के दो फ्लैट मिले हैं, जिसकी जांच की गयी। वहीं शैलेश कुमार का रांची के चिरौंदी में एक आलीशान घर भी मिला है। इस बीच शैलेश को एसीबी ने हजारीबाग से अपने साथ रांची ले आयी है और पूछताछ जारी ह

### छापामारी में अब तक क्या-क्या मिला

एसीबी सूत्रों के मुताबिक शैलेश के पास से 11 जमीन डीड, गिरिडीह आवास से 18 लाख 10 हजार पांच सौ रुपये, धनबाद आवास से तीन लाख 98 हजार रुपये, 11 मोबाइल, 02 लैपटॉप और एक टैब मिला है। वहीं, मनोज के यहां से धनबाद जिले की चार डिसमिल जमीन के चार कागजात और छह डिसमिल के कुछ कागजात मिले हैं। रांची में 1.02 करोड़ के डुप्लेक्स के कागजात मिले है। रांची स्थित आवास से कई बैंकों के पासबुक और कुछ मोबाइल जब्त किये गये हैं।

## लोहरदगा में कुएं से महिला और तीन बच्चों के मिले शव

- हत्या या आत्महत्या की अभी हो रही जांच
- चार शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी


आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा ।** लोहरदगा के कुडू थाना क्षेत्र में गुरुवार को कुआं से एक महिला और तीन बच्चों का शव मिला। इससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुडू के जिंगी पंचायत के तान मकरा गांव स्थित एक खेत के मकरा घाट कुंएं से महिला और उसके तीन बच्चों का शव मिला। लोगों को आशंका है कि महिला को तीन बच्चों के साथ किसी ने कुएं में डाला है।



हालांकि कुछ लोग इसे आत्महत्या की बात भी कह रहे हैं। मृतकों की पहचान कैरो थाना क्षेत्र के हुदू निवासी फूलदेव मुंडा की 26 साल की पत्नी उषा मुंडा, सात साल की बेटी दिव्या मुंडा, चार साल का बेटा शिवम मुंडा और एक साल का सत्यम मुंडा के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि उषा मुंडा मंगलवार को अपनी ससुराल हुदू से मायके जाने के नाम पर तीनों बच्चो को साथ लेकर निकली थी। गुरुवार को दोपहर लगभग 12 बजे मकरा के कुछ चरवाहों और ग्रामीणों ने कुआं में चार शव को देखा। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गयी। जिस कुएं में चारों का शव पाया गया ससुराल से मात्र दो किलोमीटर दूर में है। पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर चारों शवों को कुएं से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हत्या या आत्महत्या दोनों पहलुओं पर जांच कर ही है।






आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in
04

## ढिबरा लदा वाहन जब्त, चालक गिरफ्तार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा वन विभाग के टीम ने गुरुवार की अगले सुबह नवलशाही के समीप, रेजर रविंद्र कुमार के नेतृत्व ढिबरा लोड टाटा मैजिक वाहन जब्त किया गया। जानकारी के अनुसार बंदरचुआ जंगल मे टाटा मैजिक वाहन मे ढिबरा लोड करके, तिलैया जा रहे थे। चौक के समीप गाड़ी को रोक चालक को पकड़ा गया। इसके बाद वन विभाग के टीम ने गाड़ी ढिबरा लादे टाटा मैजिक वाहन जप्त करके थाना रखा गया। गिरफ्तार में अजय कुमार मेहता पिता स्वर्गीय लक्ष्मण मेहता ग्राम बंदर चौकवा शामिल है। गाड़ी में ढिबरा लगभग 1 टन लोड बताया जा रहा है जिसकी कीमत लगभग 1 लाख बताई जा रही है। वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार चालक को जेल भेजा जा रहा है। मौके पर अभिमन्यु कुमार, राजेश कुमार, बंटी सिंह आदि वनकर्मी मौजूद थे।

## करंट लगने से एक युवक झुलसा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को कोडरमा थाना अंतर्गत चुटियारों में छत के उपर काम करने से एक युवक हाई टेंशन तार की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया। युवक की पहचान नीतीश कुमार (उम्र 25 वर्ष पिता महावीर भुईयां, ग्राम बेंदी चंदवारा) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार चुटियारों में किन्हीं के यहां छत के ऊपर पेंट का काम कर रहा था। उसे सदर अस्पताल में लाया गया जहां इलाज करके गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## कपका दुर्गा पूजा समिति का गठन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कपका गांव में दुर्गा पूजा अगामी दुर्गापूजा को लेकर एक बैठक की गयी। बैठक मुखिया कमलेश कुमार के अध्यक्षता और संचालन पंचायत समिति सदस्य डालेश्वर पंडित ने किया। दुर्गापूजा शांति पुर्ण संपन्न करने हेतु सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसमिति से अध्यक्ष पद रघुवीर प्रसाद, सचिव विजय कुमार यादव, कोषाध्यक्ष मंटू कुमार, उपाध्यक्ष अशोक सिंह, उपसचिव गणेश यादव, उपकोषाध्यक्ष राजीव मंडल को चुना गया। मौके पर बैठक में राजकुमार मंडल, घनश्याम महतो, मनोज कुमार, राजेंद्र ठाकुर, देवनंदन कुमार, प्रेमचंद मंडल, सुखदेव पासवान, जागेश्वर पासवान, भुनेश्वर पासवान, विजय पासवान, दिलीप कुमार, किशोर कुमार, मुंशी राणा, महेंद्र महतो, दशरथ मंडल, काली महतो, छोटी प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, मोती प्रसाद, दिलीप प्रसाद, राहुल कुमार यादव, बसंत पंडित, तारकेश्वर ठाकुर, सुरेश सिंह, छोटन रवानी, रामेश्वर महतो, प्रदीप प्रसाद, सुनील रविदास, राजेंद्र तूरी, मथुरा सिंह, खोसलाल महतो, प्रसादी राणा, पवन पंडित, सुरेश सिंह, धनेश्वर राणा, दीपक मंडल, विशेश्वर ठाकुर, जोगेंद्र यादव पुजारी, प्रकाश मंडल समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## निरीक्षक और अवर निरीक्षक के बुनियादी प्रशिक्षण का समापन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में बिहार राज्य के निरीक्षक मद्य निषेध एवं अवर निरीक्षक मद्य निषेध का बुनियादी प्रशिक्षण का समापन समारोह संस्थान में आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण तीन माह का था जो दिनांक 10 जून से प्रारम्भ होकर दिनांक 12 सितंबर को समाप्त हुआ। इस प्रशिक्षण में बिहार राज्य के 10 निरीक्षक मद्य निषेध (तीन महिला और सात पुरूष) और 89 अवर निरीक्षक मद्य निषेध (47 महिला एवं 42 पुरूष) प्रशिक्षु शामिल हुए थे। इस समापन समारोह में निदेशक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, अंजनी कुमार झां वरीय उप-निदेशक, संजय कुमार उपायुक्त मद्य निषेध, मगध प्रमंडल गया, प्रियरंजन सहायक आयुक्त, मद्य निषेध गया, अरूण कुमार मिश्र, अधीक्षक मद्य निषेध नवादा, रोशन गुड़िया उप-निदेशक, बबन कुमार पुलिस उपाधीक्षक (सेवा निवृत) समेत संस्थान के सभी पदाधिकारी और कर्मी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में झारखण्ड पुलिस अकादमी, हजारीबाग के निदेशक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने इस प्रशिक्षण के समापन समारोह के अवसर पर प्रशिक्षुओं को तीन माह के प्रशिक्षण के दौरान अन्त: और बाह्य विषयों पर दिये गये प्रशिक्षण को अपने कार्यक्षेत्र में उतारने की बात कही और प्रशिक्षु निरीक्षकों और अवर निरीक्षकों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति रमुवा के अध्यक्ष बने रविंद्र कुमार बरनवाल



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति रमुवा में पूजा समिति की बैठक मिश्रीलाल आजाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन गुरु प्रसाद साव ने किया। दुर्गा पूजा संपन्न को लेकर पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रविन्द्र कुमार बरनवाल (दीपू भाई), उपाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह, सचिव अजय कुमार सह सचिव मुकेश कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्छ शशि कुमार लाहकार, सह कोसाध्यक्छ अजय कुमार बरनवाल और मीडिया प्रभारी, जीवन सोनी मनोनीत किये गये। इसके अलावा 25 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये। जिसमें मनोज यादव, प्रकाश प्रसाद बर्मन, कारू प्रजापति (बड़ा), कारू प्रजापति (छोटा), माणिक यादव, सुरेश कुमार चंद्रवंशी, संजय कुमार (बबलू), जय प्रकाश सिंह, विवेक कुमार गुप्ता, अनुभव भारती, अविनाश कुमार, दिलीप साव, कारू मिश्रा, दीपक सोनी, संदीप लाहकार, अनुज कुमार, दिनेश प्रसाद (शीतल होटल), अजय साव(बबलू), किशोर कुमार मंडल, अरुण कुमार सिन्हा, महेश प्रसाद, राकेश कुमार बरनवाल, पवन कुमार महतो, राजकुमार ठाकुर, हिरामन महतो का नाम शामिल है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर बैठक संपन्न हुआ। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक लेकर तैयारियों व क्रियान्विति के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिये। इस अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्वच्छता की भागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता श्रमदान, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आदि शामिल होंगे। इनके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशानिर्देश प्रदान किये। साथ ही इस पखवाड़े की समयबद्ध गतिविधियों के आयोजन के लिए कैलेंडर बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के विभिन्न क्लबों, एनजीओ विभिन्न संस्थाओं, व्यापार मंडलों, और अन्य संगठनों से मिलकर इसे सफल बनाने के लिये कार्य करें। इसमें मुख्यत: स्वच्छता की शपथ, स्वच्छता संदेश रैली, सरकारी कार्यालयों और स्कूलों के आस-पास की सफाई को व्यापक रूप से कराने के निर्देश प्रदान किये गये। इस अभियान के अन्तर्गत सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच हेतु मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये गये। मौके पर उपायुक्त ने सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी।

### हजारीबाग में पर्यावरण समिति की हुई बैठक

# दूधमटिया पर्यावरण जागरूकता मेला के सफल आयोजन पर चर्चा

**पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम महत्वपूर्ण, पूर्ण समर्पण के साथ कार्यक्रम में सफल बनायें: उपायुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** आगामी 7 अक्तूबर को आयोजित होनेवाले दूधमटिया पर्यावरण जागरूकता मेला-सह-वृक्ष रक्षा बंधन के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। उपायुक्त वेश्म में आयोजित बैठक में कई बिंदुओ पर चर्चा हुई। कार्यक्रम को लेकर 06 अक्टूबर को देवांगना चौंक से दूधमटिया (टाटीझरिया) तक पर्यावरण जागरूकता साईकिल यात्रा कार्यक्रम में रूट मार्ग पर विद्यालयों के विद्यार्थियों के द्वारा मानव श्रृंखला बनाये जाने पर चर्चा की गयी और जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। 7 अक्तूबर को दुधमटिया (टाटीझरिया) में आयोजित वृक्ष रक्षाबंधन-सह- पर्यावरण मेला में पर्यावरण चेतना भवन का पेंटिंग, टेंट, सामियाना, कुर्सी, साउण्ड, बैनर और झंडी, प्रदर्शनी, पुरस्कार पम्पलेट्स लिफलेट्स की प्रिंटिंग इत्यादि की व्यवस्था के निमित जिला में अवस्थित विभिन्न सरकारी गैर सरकारी संस्थानों से आवश्यक सहयोग पर चर्चा की गयी। उपायुक्त ने नगर निगम, हजारीबाग और कार्यपालक अभियंता, पेयजल स्वच्छता प्रमंडल, हजारीबाग द्वारा वृक्ष रक्षाबंधन-सह-पर्यावरण मेला में पेजयल और अस्थायी शौचालय की व्यवस्था हेतु निर्देश दिया। आरक्षी अधीक्षक, हजारीबाग और थाना प्रभारी, टाटीझरिया, दारू और विष्णुगढ़ को उक्त मेला में उपस्थित जनसमूहों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पर्यावरण संरक्षण के लिए शहर में संचालित नर्सिंग होम से उत्सर्जित कचरा के प्रबंधन के संबंध जल्द चर्चा की गयी। मौके पर उपायुक्त ने सीसीएल और अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु किये गये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। बच्चों में पर्यावरण के प्रति सकारात्मक सोच का विकास हो इस बाबत विद्यालयों में इको क्लब को क्रियाशील करने का निर्देश दिया। बेतहसा बढ़ रहे पॉलीथीन के प्रयोग पर अंकुश लगाने तथा इसके उपयोग पर नियंत्रण लगाने हेतु प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया। जलाशय प्रदूषित न हो इस हेतु मूर्ति विसर्जन के लिए जलाशयों के चयन पर चर्चा की गयी। बैठक में डीएफओ वाइल्ड लाइफ सुरज कुमार, डीएफओ इस्ट विकास कुमार उज्जवल, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डिप्टी कमांडेंट, बीएसएफ मेरु रणविजय सिंह, पर्यावरण प्रेमी सुरेंद्र प्रसाद सिंह, मुरारी सिंह और अन्य सदस्य मौजूद रहें।

# साइकिल से नेपाल की यात्रा के लिए निकले गोविंद और धनीराम

**सेहत के लिए साइकिलिंग है जरूरी का संदेश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** सफर में यदि साथी मिल जाये तो सफर की मुश्किल राहें आसान हो जाती है। इस वाक्य को सच करते हुए दो युवक प्रदूषण मुक्त वातावरण और सेहत के लिए साइकिलिंग है जरूरी के संदेश के साथ 12 ज्योतिर्लिंग में से एक नेपाल के काठमांडू में स्थित भगवान पशुपतिनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने निकले हैं। साइकिल से दोनों युवक 750 किलोमीटर का सफर तय करेंगे। प्रतिदिन 100 किलोमीटर का सफर, मंदिर और पेट्रोल पंप में गुजरती है रात। कोडरमा पहुंचे पश्चिम बंगाल के पुरुलिया निवासी गोविंद महतो ने बताया कि वह बाइक रिपेयरिंग का काम करते हैं जबकि उनका साथी धनीराम प्रजापति वेल्डिंग का काम करता है। उन्हें घूमने का शौक है लेकिन अपनी आर्थिक परेशानियों को अलग रखते हुए दोनों काफी कम खर्चे में यात्रा का आनंद लेते हुए इस सफर को पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी यह यात्रा 10 सितंबर को पुरुलिया से शुरू हुई थी। प्रतिदिन साइकिल से 100 किलोमीटर तक का सफर तय करते हैं। इसके बाद मंदिर या पेट्रोल पंप में रात्रि विश्राम के लिए रुकते हैं। उन्होंने बताया कि साइकिल यात्रा के दौरान कई बार रास्ते में साइकिल पंचर भी हो गया। इसको लेकर उन्हें थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। धनीराम ने बताया कि इस साइकिल यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच वायु प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से कम दूरी तय करने के लिए साइकिल का उपयोग करने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि साइकिलिंग से पर्यावरण तो सुरक्षित रहता ही है साथ ही साइकिलिंग से स्वास्थ्य भी ठीक रहता है और लोगों को आर्थिक बचत भी होती है। उन्होंने बताया कि इससे पहले साइकिल से पुरुलिया से केदारनाथ धाम की यात्रा भी कर चुके हैं।

## बाइक सवार दो युवकों ने की एक लाख की छिनतई

**चंदवारा।** चंदवारा थाना क्षेत्र में गुरुवार को दिनदहाड़े एक लाख रुपए की हुई छिनतई हुई। बाइक सवार दो युवकों ने इस घटना को अंजाम दिया है। बताया गया है कि बाइक पर सवार होकर आये दो युवक चंदवारा निवासी सुरेश मोदी ग्राम चन्दवारा नंदनगर थाना चन्दवारा के साथ छिनतई की है। इस बाबत पीड़ित सुरेश मोदी ने बताया कि जमीन बिक्री करने के लिए एग्रीमेंट किए थे, खरीदार एक लाख दिया था। भारतीय स्टेट बैंक चंदवारा पैसा जमा करने गए तो पैन कार्ड नहीं रहने के कारण राशि जमा नहीं हुई। पैन कार्ड लाने घर जा रहे थे। इसी दौरान नंदनगर गली में जैसे कुछ दूर गया पिछे से मोटरसाईकिल सवार दो लोग आकर हाथ से थैला छीना झपटी कर फरार हो गए। चंदवारा थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़ित के दिये गये आवेदन के आधार पर छानबीन की जा रही है।

## 14 से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता ही सेवा अभियान

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर बैठक संपन्न हुआ। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' को लेकर के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर तैयारियों व क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिये। इस अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्वच्छता की भागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता श्रमदान, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आदि शामिल होंगे, इनके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशानिर्देश प्रदान किये। साथ ही इस पखवाड़े की समयबद्ध गतिविधियों के आयोजन के लिए कैलेंडर बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के विभिन्न क्लबों, एनजीओ विभिन्न संस्थाओं, व्यापार मण्डलों, एवं अन्य संगठनों से मिलकर इसे सफल बनाने के लिये कार्य करें। इसमें मुख्यत: स्वच्छता की शपथ, स्वच्छता संदेश रैली, सरकारी कार्यालयों और स्कूलों के आस-पास की सफाई को व्यापक रूप से कराने के निर्देश प्रदान किये गये।

# छात्रा अलंकृता साक्षी का चयन गूगल में इंजीनियर पद पर

**60 लाख रुपये सालाना पैकेज पर हुई है नियुक्ति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरी तिलैया से 2012 में पास आउट छात्रा अलंकृता साक्षी का चयन देश की सबसे बड़ी कंपनी गूगल में इंजीनियर के रूप में हुआ है। फिलहाल अलंकृता विदेश में है।अलंकृता को 60 लाख सालाना पैकेज पर गूगल ने जॉब पर रखा है। वह मूलतः बिहार के भागलपुर की रहने वाली है और झुमरी तिलैया में अपने नाना-नानी के साथ रहकर सेक्रेड हार्ट स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास की थी। उसकी मां रेखा मिश्रा शहर के एक निजी स्कूल में पढ़ाती थीं। जानकारी के अनुसार अलंकृता साक्षी ने सेक्रेड हार्ट स्कूल से मैट्रिक, जवाहर नवोदय विद्यालय से इंटर और हजारीबाग से बीटेक की परीक्षा पास की थी। अलंकृता के परिजन फिलहाल देवघर शिफ्ट कर गए हैं। अलंकृता की इस बड़ी उपलब्धि ने उनके माता-पिता को ही नहीं बल्कि सेक्रेड हार्ट स्कूल फैमिली को भी गौरवान्वित किया है। अलंकृता की सफलता पर विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, प्राचार्य प्रमोद शर्मा सहित पूरे विद्यालय परिवार ने बधाई दी है। सेक्रेड हार्ट स्कूल के निदेशक प्रमोद कुमार ने बताया की अलंकृता शुरू से ही कुशाग्र बुद्धि की थी। वह पढ़ाई के साथ-साथ विद्यालय के सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थी। उसकी यह सफलता विद्यालय के लिए गौरव की बात है।

# खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शुभारंभ

**उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शामिल होकर विधिवत जिला स्तरीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ किया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** जिला स्तरीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का आयोजन जेजे कॉलेज में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शामिल होकर विधिवत जिला स्तरीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से आये हुए खिलाड़ियों का उपायुक्त ने परिचय प्राप्त किया तत्पश्चात उपायुक्त द्वारा हरी झंडी दिखाकर एथलेटिक्स खिलाड़ियों को दौड़ के लिए रवाना किया। आज के इस खेलो झारखंड प्रतियोगिता दिनांक 12 सितंबर 2024 से 13 सितंबर 2024 तक चलेगा जिसमें मुख्यतः एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी, खो खो, वालीबॉल, क्रिकेट, बैंड, योगा आदि खेलों का आयोजन किया जायेगा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि खेलो झारखंड के माध्यम से वैसे बच्चे जो सुदूरवर्ती क्षेत्र से है उन्हें आगे बढ़ने का मौका नहीं मिलता है उन्हें आगे बढ़ने का अच्छा मौका है। उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए मनरेगा योजना से खेल का मैदान प्रत्येक पंचायत में बनाया जा रहा है और खेल को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार उपस्थित थे।

## डिवाइन स्कूल के तुलेश्वर और चिराग ने राष्ट्रीय सॉफ्ट क्रिकेट चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के तुलेश्वर कुमार और चिराग चौधरी फोर्थ राष्ट्रीय सॉफ्ट क्रिकेट चैंपियनशिप प्रतियोगिता में झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल जीता। यह फाइनल मैच झारखंड और मध्य प्रदेश के बीच 6 से 8 सितंबर तक माथुरा में आयोजित किया था। इसका जीत में सबसे ज्यादा योगदान कड़ी मेहनत प्रशिक्षक हेमंत कुमार और पूनम नकुमारी का है जो अपने कड़े प्रशिक्षण से इन बच्चों को इस योग्य बनाया कि ये केवल विद्यालय का ही नहीं बल्कि झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने योग्य हो गये। विद्यालय निदेशक आइपी भारती ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। विद्यालय प्राचार्या स्वाती रंजन ने कहा कि विद्यालय में छात्रों के हर क्षेत्र के विकास का ध्यान रखा जाता है। छात्र जिस लक्ष्य का चुनाव करता है उसी के अनुरूप प्रशिक्षण भी दिया जाता है। वे छात्रों और उनके प्रशिक्षक के उज्वल भविष्य की कामना की। छात्रों के राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीत पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उन्हें आशीर्वाद के साथ सफलता प्राप्त करने का मंत्र दिया।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में मना करमा महोत्सव



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के सेमिनार हॉल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वयंसेवकों और छात्र-छात्राओं के द्वारा करमा महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो थे, इन्होंने कहा कि संस्कृति और पहचान को जिंदा रखने के लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के सचिव श्री टूकेश्वर प्रसाद भी उपस्थित थे उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरहुल के बाद करमा पूजा झारखंड का दूसरा सबसे बड़ा प्रकृति पर्व है। प्रोफेसर अनु कुमारी ने कहा कि करमा पूजा के दिन से लोग नई शुरुआत के रूप में देखते हैं और प्रत्येक शुभ काम की शुरुआत इसी त्योहार से करते हैं। डॉ बालेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि करमा नृत्य को नई फसल आने की खुशी में नाच गाकर मनाया जाता है। सधन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर ऋतुराज ने किया साथ ही समापन की घोषणा भी किये, मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक और शिक्षककेत्तर कर्मचारी और सैकड़ों की संख्या में छात्रझछात्राएं और स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## विनोद कुशवाहा का जनसंपर्क अभियान जारी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार कुशवाहा का सदर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। श्री कुशवाहा ने सदर प्रखंड अंतर्गत तरवा-खरवा, मेरू, डंडई, अमनारी का तूफानी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान श्री कुशवाहा ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मेरु और अमनारी के आयोजित शिविरों का जायजा लिया। कहा की कांग्रेस की नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर लगातार जनसंपर्क कर रहा हूं। मौके पर राजकुमार मेहता, अनिल मेहता, प्रमोद मेहता, प्रवीण सिंह, अशोक कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, शंभू नाथ कुशवाहा, बच्चन देव यादव, ठाकुर प्रसाद, रामेश्वर राम, सोहर रविदास, शंकर पासवान, जरीना खातून, मंसूर अंसारी, परवेज अहमद, रियासत अंसारी, शंकर दुबे, प्रवीण राम, पप्पू सिंह, नरेश प्रजापति, रविंद्र प्रजापति, अजय प्रजापति, अशोक राम, संतोष कुशवाहा शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल की मौत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** बुधवार को विष्णुगढ़-गोमियां मार्ग स्थित गरहमुर्गी के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल व्यक्ति को लेकर विष्णुगढ़ थाना पुलिस द्वारा घायल व्यक्ति को इलाज हेतु विष्णुगढ़ सीएचसी लाया गया था, इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। उक्त व्यक्ति की पहचान नहीं हो पायी है। विष्णुगढ़ थाना पुलिस द्वारा मृतक पहचान के लिए उसका फोटो सोशल मीडिया में वायरल किया गया, परंतु अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सागेन मुर्मू ने लोगों से अपील की मृतक के संबंध में अगर कोई जानकारी हो तो तत्काल विष्णुगढ़ थाना को खबर करें।

## रामनवमी पर 200 फीट ऊंचा ध्वज करेंगे स्थापित: डॉ अमित



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के झंडा चौक पर एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल की जा रही है। इंटरनेशनल रामनवमी के अवसर पर हजारीबाग की सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर लाने के उद्देश्य से डॉ अमित सिन्हा ने 200 फीट ऊँचे ध्वज और 50 फीट लंबे प्रभु श्रीराम के ध्वज-पताका की स्थापना की घोषणा किया है। यह पहल न केवल धार्मिक आस्था को समर्पित है, बल्कि हजारीबाग की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को नये आयाम देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। डॉ. सिन्हा ने घोषणा करते हुए कहा यह ध्वज सिर्फ एक प्रतीक नहीं होगा, बल्कि यह हमारी आस्था, श्रद्धा, और संस्कृति का प्रतीक बनेगा। इस पहल के माध्यम से हम हजारीबाग की पहचान को न केवल देशभर में, बल्कि विश्वस्तर पर एक नई ऊंचाई तक पहुंचाना चाहते हैं। प्रभु श्रीराम के आदर्श और उनकी शिक्षाएं हमारे जीवन का आधार हैं और इस ध्वज के माध्यम से हम उन आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना चाहते हैं। झंडा चौक पर स्थापित होने वाला यह ध्वज, हजारीबाग का सबसे ऊंचा ध्वज होगा, जिसकी ऊंचाई 200 फीट होगी। इस ध्वज पर प्रभु श्रीराम का 50 फीट लंबा ध्वज-पताका लहरायेगा। यह न केवल शहर के सौंदर्य को बढ़ायेगी, बल्कि लोगों के बीच एकता और भक्ति की भावना को भी सुदृढ़ करेगी। साथ ही कहा की हमारा उद्देश्य सिर्फ एक ऊंचा ध्वज स्थापित करना नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से हम हजारीबाग की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को संजोने और इसे एक नई पहचान दिलाने की दिशा में काम कर रहे हैं। यह पहल हजारीबाग की गौरवशाली परंपराओं और संस्कृति को देशभर में प्रस्तुत करने का एक अवसर है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in


## कुजू ओपी में शांति समिति की बैठक



कुजू (आजाद सिपाही)। करमा, विश्वकर्मा पूजा और जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर कुजू ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ आशीष गंगवार और संचालन एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने की। बैठक के दौरान आगामी पर्व को सौहार्द वातावरण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं, मौजूद गणमान्य लोगों ने भी पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का भरोसा दिलाया। बैठक के दौरान एसडीपीओ ने कुजू चौक के पास बीती रात घटित घटना पर चर्चा करते हुए दोबारा इस तरह की घटना न हो, इसमें संलिप्त लोगों पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। वहीं, एसडीपीओ ने किसी भी प्रकार हुड़दंगी और पूजा माहौल को बिगाड़ने वाले पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। साथ ही, किसी प्रकार का अप्रिय घटना की सूचना और आसामाजिक तत्वों की पहचान तत्काल पुलिस प्रशासन को देने की बात कही। बैठक में कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय, अनि रौशन कुमार, संजय हेम्ब्रोम, मुखिया राकेश कुमार मेहता, जयकुमार ओझा, अशोक कुमार, शिबू प्रसाद, धर्मराज राम, प्रेम प्रसाद, प्रदीप गुप्ता, अरविंद कुमार, रतन प्रसाद, लखन प्रसाद, इंद्र गुप्ता, संतोष मेहता, शमीम अंसारी, मोहसिन खान,नरेश महतो, कुलदीप कुमार, अरशद अंसारी, जितेंद्र गुप्ता समेत काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

## करम महोत्सव का आयोजन



गोला (आजाद सिपाही)। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के द्वारा किसान हाई स्कूल मैदान गुरुवार को करम महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि पार्टी के अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो मौजूद थे। उन्होंने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार शिक्षक, वकील, इंजीनियर, डॉक्टर को अपने-अपने काम पर गर्व होता है ठीक उसी प्रकार किसानों को भी अपने काम में गर्व होना चाहिए। इधर रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी के देवर अमित महतो ने दर्जनों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। उनका स्वागत गुलदस्ता देकर किया गया। मौके पर केंद्रीय मंत्री संतोष चौधरी, देवानंद महतो अशोक कुमार चक्रपाणि, पवन महतो, सहदेव महतो, पांडव महतो, राजेश महतो, संतोष राज, तोशिफ अंसारी, मुख्तार अंसारी, भगीरथ प्रजापति, डब्लू महतो, सुजीत कुमार, देवेन्द्र महतो, सद्दाम हुसैन, कमल प्रसाद, नवल मुंडा, पंकज महतो, देवशरण महतो, आनन्द महतो, त्रिभुवन महतो, हरिचरण महतो, भुवनेश्वर महतो, बसंत महतो, ऋतुलाल महतो आदि थे।

## राष्ट्रीय सुंडी समाज की बैठक संपन्न



टंडवा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय सुंडी समाज टंडवा के तत्वाधान में किड्स स्कूल के प्रांगण में बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता कृष्णा साहू, संचालन लखन साहू ने किया। इसमें प्रखंड भर के सुंडी समाज के लोग शामिल हुए। बैठक में समाज के प्रति जागरूकता अभियान के तहत गांवों का भ्रमण करने की योजना बनायी गयी। इसके लिए तिथि निर्धारित किया गया। जिसमें कहा गया की सभी सदस्यों और बुद्धिजीवी को सूचित किया जाता है की आगामी 19 सितंबर दिन बृहस्पतिवार को समय 10 बजे टंडवा के शहीद चौक से एक साथ जागरूकता अभियान के तहत बरकुटे कुड़लोंगा और कुंडी गांव में अपने समाज के बीच जाकर मिलना है, और जागरूक करना है। इस अभियान में गुरुदयाल साहू, विजय साहू, लखन साहू, सुरेंद्र प्रशाद साहू, कृष्णा साहू जागरूकता अभियान में शामिल होंगे। मौके पर समाज के पवन कुमार साहू, अनिल कुमार साहू, केशव साहू, सुरेश प्रसाद साहू, संतोष साहू, सतनारायण साहू, संजय साहू, रतन साहू, रामविलास साहू, राजेश साहू, भीम साहू सहित कई उपस्थित थे।

## इटखोरी का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



चतरा (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार जिले के सभी पंचायतों में लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन रोस्टर के अनुसार किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत इटखोरी स्थित भद्रकाली मैदान में 24 सितंबर 2024 को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण योजनाओं का स्वीकृति पत्र समेत करोड़ो के विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आज जिले के उपायुक्त रमेश घोलप इटखोरी कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हेलीपैड स्थल, लोगों के आवागमन, समेत अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा कहा कि सभी अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें। इस मौके पर उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, जिला खेल कूद पदाधिकारी तुषार रॉय, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर शशिकांत कुमार श्रीवास्तव समेत अन्य पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## भुरकुंडा ओपी प्रभारी को किया गया सम्मानित



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा क्षेत्र के व्यवसायी और समाजसेवियों ने गुरूवार को भुरकुंडा के नवनियुक्त ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता को शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान लोगों ने क्षेत्र की शांति व्यवस्था के संबंध में वार्ता भी की। वार्ता में नवनियुक्त ओपी प्रभारी ने स्वागत करने आए लोगों को आश्वस्त करते हुए भरोसा दिलाया की पुलिस-पब्लिक के साथ मिलकर काम करेगी। किसी हाल में अपराध बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने दलालो को चेतावनी देते हुए कहा है की पुलिस प्रशासन के कार्य में बाधा डालने का काम ना करें। यदि किसी भी आम आदमी को दलाल परेशान करते हैं तो उनपर कठोर कार्रवाई की जायेगी। ओपी प्रभारी श्री गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र में हर तरह के अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा और क्षेत्र में रह रहे सभी लोगों का ख्याल रखना और शांति व्यवस्था बनाए रखना ही मेरा उद्देश्य होगा। मौके पर अशोक सोनी, संजीव कुमार बाबला, अमरेश सिंह, अशोक कुमार, अजय गुप्ता, नंदलाल रजक, अशोक चंद्रवंशी आदि मौजूद थें।

### गुणवत्तापूर्ण कार्य में गड़बड़ी का मामला

# एक्शन में डीसी, दो संवेदक पर कार्रवाई

**डीसी ने डीएमएफटी के तहत दो योजनाओं में संवेदकों पर लगाया 17 लाख 72 हजार 72 रुपये का आर्थिक दंड**





आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। भ्रष्टाचार को लेकर डीसी चंदन कुमार की कार्रवाई एक के बाद एक जारी है। लेकिन अब वे दो संवेदकों पर भी गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने पर बड़ी कार्रवाई की है। डीएमएफटी के तहत कार्यकारी एजेंसी ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी प्रखंड में दो योजनाओं ईचातु पंचायत में 98 लाख 96 हजार 712 रुपये की राशि से धीमन मुंडा के घर से हुडगू पत्थर तक पीसीसी पथ और कलभर्ट निर्माण तथा उसरा पंचायत अंतर्गत ग्राम कोरचे में 78 लाख 24 हजार 10 रुपये की राशि से करमाली टोला से लावालौंग होते हुए पहाड़ी आरइओ रोड तक पीसीसी और गार्ड वाल निर्माण योजना में डीएमएफटी पीएमयू टीम द्वारा की गई जांच के आलोक में गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने पर संवेदक पंकज प्रसाद तिवारी रामगढ़ और संत कुमार गुप्ता लातेहार पर योजना की मापी पुस्त राशि का 10प्रतिशत, 17 लाख 72 हजार 72 रुपए का आर्थिक दंड लगाया है। साथ ही डीसी ने अन्य कार्यों में इस तरह की पुनरावृत्ति होने पर संवेदकों को काली सूची (ब्लैकलिस्ट) में डालने और कार्यकारी एजेंसी के अभियंताओं के विरुद्ध अनुशंसात्मक कार्रवाई करने की कड़ी चेतावनी दी है।

## मांडू में आधा-अधूरा सर्विस रोड ग्रामीणों के लिए बनी मुसीबत

मांडू (आजाद सिपाही)। सरकारी उपेक्षा के कारण मांडू में आधा-अधूरा सर्विस रोड और नाला निर्माण ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। मांडूडीह से प्रखंड मुख्यालय तक बने फोर लाइन सड़क के किनारे बना आधा अधूरा सर्विस रोड और नाला दस वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है। आधा-अधूरा सर्विस रोड में लोगों को पैदल चलने में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कहीं दबंगों द्वारा वाहन पार्किंग बना दिया गया है, तो कहीं जानवरों को बांध दिया जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। सर्विस रोड पूर्ण नहीं होने से कई ग्रामीण और जानवर असमय काल के गाल में समा गये हैं। मुआवजा नहीं मिलना सड़क निर्माण में बन रही है बाधा ग्रामीणों ने बताया कि एनएच निर्माण के समय 4/6 लेन सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण किया गया।

## सांसद ने सुनीं लोगों की समस्याएं



चतरा (आजाद सिपाही)। सांसद कालीचरण सिंह ने चतरा स्थित अपने आवास में आयोजित जनता दरबार में क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से बात कर कई समस्याओं का मौके पर ही निदान कर दिया। जनता दरबार में रोजगार, एम्स में इलाज कराने की व्यवस्था करने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्र के लोग पहुंचे थे। सांसद ने बारी बारी से लोगों की समस्या सुनकर उसका निदान किया और जो मामला तत्काल निष्पादित नहीं किया जा सका, उसका निदान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान सांसद ने उपस्थित लोगों से क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया।

## अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**खेल से सफल जीवन के संबंध व्यवहारिक सीख मिलती है जो किताबों में नहीं मिलती: डीसी**



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग द्वारा अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ की मेजबानी में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीसी चंदन कुमार ने किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि आज ही के दिन 17 वर्ष पहले रामगढ़ जिले की स्थापना हुई थी। अतः जिला स्थापना के दिन एक अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ आपार हर्ष की बात है। कोई भी एक मैच जिंदगी का आखरी मैच या प्रतियोगिता नहीं होता है। इसलिए अगर कोई टीम हार जाती है तो निराश नहीं होना चाहिए और अगले मैच की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षण व्यवस्था का अभिन्न अंग खेल को बनाया गया है। खेल केवल स्वास्थ्य के लिए जरूरी या लाभदायक नहीं है बल्कि खेल से सफल जीवन के संबंध व्यवहारिक सीख मिलती है जो किताबों में नहीं मिलती।

मौके पर पूर्व मुखिया अर्चना महतो, डॉ के सी दुबे, डॉ आर वी पी देव, प्रो सरिता सिंह, डॉ राजेश कुमार उपाध्याय, डॉ बख्शी ओम प्रकाश सिन्हा, डॉ कामना राय ,डॉ प्रीति कमल, डॉ बलवंती मिंज, डॉ विजेता तिग्गा, डॉ शालिनी प्रकाश, प्रो साजिद हुसैन, प्रो बीरबल महतो, गोपाल कुमार, प्रेम चंद महतो, श्री आई एन झा, किशुन महतो, वासुदेव प्रसाद, उज्ज्वल रॉय, सुंदर लाल, सरजू महतो, विरेंद्र उरांव, दामोदर महतो, दशरथ महतो, योगेंद्र राम, सुरेश महतो आदि उपस्थित थे।

### रामगढ़ युवा आजसू के मुख्य संरक्षक ने प्रेस कांफ्रेंस में राज्य सरकार पर बोला हमला

# बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करे सरकार: पियूष




आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। आजसू पार्टी जिला प्रधान कार्यालय रामगढ़ में युवा आजसू ने प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया। गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के आदेश पर युवा आजसू के मुख्य संरक्षक पीयूष चौधरी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पांच वर्षों में झारखण्ड प्रदेश विकास और जनता अपने अधिकारियों की उपेक्षा का दंश झेल रही है। हेमंत सरकार ने केवल भ्रष्टाचार करने और प्रदेश के विकास में अवरोध लाने का काम किया है। जनता की गाढ़ी कमाई को लूटकर अपने चहेतों और करीबियों को लाभ पहुंचाकर झारखंड को विकास से कोसो दूर कर दिया।

मासुम बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है राज्य सरकार

जब इन चीजों में सफलता हासिल कर ली तो अब वे मासुम बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने लगे हैं। विगत कुछ दिनों से मईया सम्मान योजना के नाम पर 2200 से अधिक बसों की मांग कर सभी को अपने वोट बैंक बनाने के लिए सम्मान देने के नाम पर बुला रहे हैं। जिसका प्रभाव यह हो रहा हैं कि स्कूल बसों को भी उस रैली में शामिल होना पड़ रहा हैं। जिससे बच्चों को स्कूल आने-जाने में दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा हैं।

**अपने नीजि स्वार्थ, वोट बैंकिंग बनाने में जुटी है राज्य सरकार:** अपने नीजि स्वार्थ, वोट बैंकिंग बनाने और अपने सामने हार को देख बोखलाई हुई ये सरकार अपने ज़िद के कारण हाल ही में उत्पाद सिपाही का दौड़ करवाकर 12 हौनहार युवाओं की जान ले चुकी हैं और अब छोटे-छोटे बच्चों के विद्यालय को बंद करवाकर उनका भविष्य अंधकार करना चाह रही हैं। अब हम सभी युवा आजसू मुंहतोड़ जवाब देंगे और शासन से प्रशासन तक सब के खिलाफ हम चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से रोहित सोनी, अजय पांडे, सतीश कुशवाहा, विक्की ठाकुर, अजीत गुप्ता, कुणाल महतो, विशु रजवार, अंकित सिन्हा, राज पासवान, अभिषेक रवानी, नितेश गुप्ता, अभिषेक पाठक, विकास कुमार, विक्रम दांगी आदि मौजूद थे।

# दसलक्षण पर्व के पांचवें दिन 'उत्तम सत्य धर्म' की हुई पूजा

**लोभ में आकर मनुष्य अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिये असत्य बोला करता है....**



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर और रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय में गुरुवार को दसलक्षण पर्व के पांचवे दिन 'उत्तम सत्य धर्म' की पूजा विधि विधान के साथ किया गया। सर्व प्रथम श्री दिगंबर जैन मंदिर में जलाभिषेक करने का सौभाग्य अमराव देवी पाटनी, उत्तम पाटनी, विनोद पहाड़िया, पंकज पहाड़िया, अरुणा जैन, डॉ शरद जैन, महावीर प्रसाद छाबड़ा, नरेंद्र छाबड़ा, हीरालाल पाटनी, राजेंद्र पाटनी, शांति लाल पांड्या, राकेश पांड्या और श्री पारसनाथ जिनालय में पाना देवी सेठी और शांतिधारा करने का सौभाग्य श्याम सुंदर जैन, शुभम जैन व जीवनमल पाटनी, जंबू पाटनी को मिला। वही, भगवान पुष्पदंत स्वामी जी के निर्वाण लड्डू चढ़ने का सौभाग्य सुभाष पाटनी, वैभव पाटनी को मिला। मौके पर समाज के अध्यक्ष मानिक जैन ने बताया कि ललित चुड़ीवाल और श्रीकांता गंगवाल ने धार्मिक पथ पर अग्रसर होकर 'तेला व्रत' धारण कर प्रबल अनुमोदना के साथ सुख साता पूर्वक संपन्न किया।

लोभ में आकर मनुष्य अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिये असत्य बोला करता है.....

मौके पर पंडित रमेश जैन शास्त्री, राजेश जैन, पंकज जैन ने 'उत्तम सत्य धर्म' पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मनुष्य अनेक कारणों से असत्य बोला करता है, उनमें से एक तो झूठ बोलने का प्रधान कारण लोभ है। लोभ में आकर मनुष्य अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिये असत्य बोला करता है। इसके सिवाय क्रोध में आकर मनुष्य ऐसे कुवचन, गाली गलौज मुख से निकाल बैठता है जिनको सुनकर जनता में क्षोभ फैल जाता है, निर्बल मनुष्य का हृदय तड़प उठता है, बलवान मनुष्य को वैसे दुर्वचन सुनकर क्रोध उत्पन्न हो जाता है जिससे कि बहुत भारी दंगाफसाद हो जाता है, मारपीट हो जाती है, यहां तक कि मरने मारने की भी तैयारी हो जाती है। मौके पर समाज के अध्यक्ष मानिक जैन और मंदिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल ने बताया कि शुक्रवार को उत्तम सयंम धर्म की पूजा किया जायेगा।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: (1) कार्य का नाम एवं स्थान: सोन नगर - पीकेए के बीच मल्टी -ट्रैकिंग परियोजना के निर्माण के संबंध में मटारी और गोमो के बीच 220 केवी चंद्रपुरा - धनबाद डी/सी लाइन और 132 केवी डी/सी कोडरमा एस/एस कि आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग सहित स्थानांतरण/पुनर्स्थापन कार्य के सम्बन्ध में। निवदा संख्या: EL/C/S/MHX/ETEN/08/24-25 (2) अनुमानित कार्य की लागत: 28,51,15,835.24/- (3) जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य: NIT के अनुसार एवं रू. शून्य (4) कार्य पूर्ण करने का समय: 18 माह (5) निविदा बंद होने का तिथि एवं समय: 04.10.2024 at 12:00 बजे तक। (6) वैबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है: आई.आर.इ.पी.एस बेवसाईट पर www.ireps.gov.in पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिषर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/साउथ
पूर्व मध्य रेलवे/महेन्द्रूघाट/पटना
पीआर/01109/सीओएनएस/ईएनईसी/टी/24-25/32



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**विद्युत (परिचालन) विभाग, धनबाद से सम्बंधित कार्य हेतु खुले ई-निविदा के लिए निविदा सूचना की प्रति**

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: ई-निविदा संख्या: GEM/2024/B/5381543, Dated: 10/09/2024. (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: धनबाद मंडल के चोपन, कृष्णशिला एवं सिंगरौली स्टेशनों पर लोकोमोटिव में आर.डी.एस.ओ. विनिर्देश सं.-('850/425 (ग्रेड'C') के IS 1987-2002 के टेबल क्लॉज 11.3) के अनुसार 02 वर्षों के लिए बालू की आपूर्ति और भरने हेतु। (2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: रू० 10301045.00 (3) अग्रधन राशि: रू० 201500.00 (4) ई निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय: ई निविदा बंद होना: 01.10.2024 को 17:00 बजे। ई निविदा का खुलना: 01.10.2024 को 17:30 बजे। (5) वेबसाईट का विवरण: वेबसाइट http://gem.gov.in विशेष: ई-निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विधुत/परि.),
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/01111/डीएचएन/ईओपीएन/टी/24-25/32


## उज्ज्वला फाउंडेशन ने करम पर्व पर बांटी साड़ी



कुजू (आजाद सिपाही)। उज्ज्वला फाउंडेशन ने कर्मा पर्व के मौके पर मोतीराम कॉम्प्लेक्स, बोंगाबार में एक सौ सदस्यों के बीच सदस्यों के बीच साड़ी का वितरण किया। वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति मौजूद रहे। इस अवसर पर जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि संस्था का एकमात्र उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। जिसके तहत दुर्गापूजा से पूर्व, सिलाई प्रशिक्षण और कंप्यूटर प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना मेरी पहली प्राथमिकता रही है। क्योंकि स्त्रियों से ही संसार चल रहा है, इसलिए महिलाओं का सम्मान हमेशा करना चाहिए। मौके पर सुखदेव सोनी, शांति देवी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, सुमन देवी, सुनिता देवी, आरती देवी, नेमो देवी, हेमा देवी, गीता देवी, लवरिया देवी, सीता देवी, पिंकी देवी, मीना देवी, यशोदा देवी, आरती देवी, छोटन प्रजापति शामिल रहे।

## पोटंगा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



उरीमारी (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पोटंगा पंचायत के जरजरा स्थित सामुदायिक भवन में गुरुवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक अंबा प्रसाद विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी बालेश्वर राम, पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

निविदा सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-48-50-2024, दिनांक: 12.09.2024। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी/दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। क्रम संख्या: 1। सूचना संख्या: डीआरएम ईएनजीजीआरएनसी-48-2024। कार्य का नाम: एडीईएन/सेटलमेंट/रांची के अधिकार क्षेत्र के अधीन दो वर्षों के लिए जल-जमाव जनित 04 अदद एलएचएस (रांची-टोरी खंड के बीच आरयूबी संख्या 72ए, 9ए, 57ए, 73ए) में डीवाटरिंग। निविदा मूल्य: ₹ 35,81,957.64। जमा बयाना राशि का मूल्य: ₹ 71,600। क्रम संख्या: 2। सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-49-2024। कार्य का नाम: एडीईएन/रांची के अधिकार क्षेत्र के अधीन दो वर्षों के लिए जल-जमाव जनित 04 अदद एलएचएस (मूरी-हटिया खंड के बीच आरयूबी संख्या 175ए, 164ए, 184ए, 371ए) में डीवाटरिंग। निविदा मूल्य: ₹ 35,81,957.64। जमा बयाना राशि का मूल्य: ₹ 71,600। क्रम संख्या: 3। सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-50-2024। कार्य का नाम: एडीईएन/मूरी के अधिकार क्षेत्र के अधीन दो वर्षों के लिए जल-जमाव जनित 03 अदद एलएचएस (मूरी-कोटशिला खंड के बीच आरयूबी संख्या 124ए, मूरी-बरकाकाना खंड के बीच आरयूबी संख्या 469ए तथा चांडिल जंक्शन-मूरी खंड के बीच आरयूबी संख्या 412ए) में डीवाटरिंग। निविदा मूल्य: ₹ 26,86,468.23। जमा बयाना राशि का मूल्य: ₹ 53,700। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 27.09.2024 को अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं।

(PR-595)



**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.: 31& 32/ET/SBP/ENGG/2024-25, दिनांक: 05.09.2024

(1) ई-निविदा सं.: 26-eT-DENS-SBP-24

कार्य का नाम: सम्बलपुर मंडल में कंटाबांजी (KBJ), मुनीगुडा (MNGD), टिटिलागढ़ (TIG) एवं बलांगीर (BLGR) स्टेशनों में 100 KLD क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के साथ OH टैंक तथा पाइप लाइन का प्रावधान साथ में चालू किए जाने के बाद 24 महीने की अवधि के लिए रखरखाव तथा टर्नकी आधार पर 05 वर्षों का AMOC।

कार्य की अनुमानित लागत: रु. 8,05,59,535.70, बिड सिक्योरिटी: रु. 5,52,800.00।

(2) ई-निविदा सं.: 30-eT-DENS-SBP-24

कार्य का नाम: सम्बलपुर मंडल के महासमुन्द, केसिंगा, मुनीगुडा एवं भीमकटक स्टेशनों में पुरानी कोरोडेड/क्षतिग्रस्त स्टील OH टैंकों का प्रतिस्थापन के साथ स्टेजिंग एवं अन्य संबंधित कार्य।

कार्य की अनुमानित लागत: रु. 2,85,58,147.61, बिड सिक्योरिटी: रु. 2,92,800.00।

(3) ई-निविदा सं.: 20-eT-DENE-SBP-24

कार्य का नाम: सम्बलपुर मंडल के तहत हण्डपा, सम्बलपुर सिटी एवं रेंगाली गुड्स शेड (पूर्वी अनुभाग) में बुनियादी सुविधाओं का उन्नयन/आधुनिकीकरण।

कार्य की अनुमानित लागत: रु. 28,52,97,762.23, बिड सिक्योरिटी: रु. 15,76,500.00।

कार्य समापन की अवधि: 96 (छियानवे) महीने (क्रम सं. 1 के लिए), 08 (आठ) महीने (क्रम सं. 2 के लिए) तथा 12 (बारह) महीने (क्रम सं. 3 के लिए)।

निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 27.09.2024 को 1500 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए) तथा 30.09.2024 को 1500 बजे (क्रम सं. 3 के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

द्रष्टव्य: प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मंडल रेल प्रबंधक (Engg.),
सम्बलपुर
PR-516/P/24-25



**UNIVERSITY COLLEGE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY (UCET)**
**VINOBA BHAVE UNIVERSITY**
Approved by UGC & AICTE, New Delhi
Hazaribag-825319 (Jharkhand)
Ph.No.: 06546-261929 (0) | Fax: 06546-261929 | E-mail: vbuucet@gmail.com | Website: www.ucetvbu.ac.in

**ADMISSION NOTICE THROUGH OPEN COUNSELING**

Eligible candidates are invited to take admission in UCET, VBU through open spot counselling in B.Tech. (Branch- M.E, C.S.E, E.C.E and I.T) for 1st semester and 3rd semester (Engineering lateral entry) A/Y 2024-25 on 13-09-2024 (10 A.M. – 4:00 P.M.) and before 12:00 PM on 14-09-2024. For details about minimum eligibility criteria, admission process, list of required documents, vacant seal, matrix and fee structure please visit **www.vbu.ac.in./www.ucetvbu.ac.in.** For any query you may Contact on **7717708560/ 9162523117.**

Memo No. :VBU/UCET/R/2154/2024
Dated : 12.09.2024

By order of the Hon'ble Vice- Chancellor
Sd/- Registrar
Vinoba Bhave University, Hazaribag

# सांच को आंच नहीं ...

सेबी की प्रमुख माधबी पुरी बुच पर लगे रहे आरोपों का सिलसिला जैसे थमने का नाम नहीं ले रहा। हालांकि ये सब अभी आरोप ही हैं, जो साबित नहीं हुए हैं। इसके बावजूद इनसे संदेह का माहौल बन रहा है, जो ठीक नहीं है। भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी इकॉनमी है और यहां का शेयर बाजार भी दुनिया के शीर्ष मार्केट्स में शामिल है। बड़े पैमाने पर यहां विदेशी निवेशक पैसा लगाते आये हैं, जिसके समय के साथ और भी बढ़ने की आशा है। याद किया जा सकता है कि सेबी प्रमुख के पद पर माधबी पुरी बुच की नियुक्ति की खबर अपने साथ काफी पॉजिटिविटी लेकर आई थी। वह इस पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला तो थीं ही, पहली बार प्राइवेट सेक्टर के किसी फाइनेंस प्रोफेशनल को यह पद दिया गया था। जाहिर है, उनसे उम्मीदों का स्तर भी काफी ऊंचा था। ऐसे में उनका कार्यकाल जिस तरह के विवादों में घिरता दिख रहा है, वह वाकई निराशाजनक है। जहां तक सवाल इस स्थिति को बदलने के लिए उठाये जाने वाले कदमों का है, तो उस पर राय बंटी हुई है।

**भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी इकॉनमी है और यहां का शेयर बाजार भी दुनिया के शीर्ष मार्केट्स में शामिल है। बड़े पैमाने पर यहां विदेशी निवेशक पैसा लगाते आये हैं, जिसके समय के साथ और भी बढ़ने की आशा है।**


एक खेमा विरोधियों और आरोप लगाने वालों का है जिनकी मांग है कि माधबी पुरी बुच को तत्काल सेबी चीफ का पद छोड़ देना चाहिए। दूसरी तरफ ऐसे लोग भी हैं, जो मानते हैं कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और इस तरह पद छोड़ देने से विरोधियों के सामने घुटने टेक देने का संदेश जायेगा, जो अच्छा नहीं है। लेकिन माधबी पुरी बुच की व्यक्तिगत छवि से ज्यादा बड़ा सवाल शेयर बाजार नियामक सेबी की साख और उसकी विश्वसनीयता का है। अगर यह मान भी लिया जाये कि माधबी पुरी बुच पर लगाये गये सारे आरोप गलत हैं और जैसा कि उनका दावा है, उन्होंने सेबी प्रमुख के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह पूरी सच्चाई और ईमानदारी से किया है तो यह बात स्थापित कैसे होगी? निष्पक्ष जांच ही इसका एकमात्र रास्ता है। मगर जांच की निष्पक्षता तब तक सुनिश्चित नहीं की जा सकती जब तक कि माधबी पुरी बुच खुद सेबी प्रमुख के पद पर बैठी हैं। समझना जरूरी है कि बाजार नियामक जैसी संस्थाओं की निष्पक्षता जितनी ही जरूरी है, उसकी निष्पक्ष छवि। इसलिए सेबी चीफ जैसे पद पर बैठे व्यक्ति को लेकर किसी विवाद की गुंजाइश न रहे तो बेहतर। इसके लिए बाजार के डगमगाने या लुढ़कने का इंतजार करना सही नहीं होगा। सीधी बात है, उनके ऊपर गंभीर आरोप लगाये गये हैं और उन्हें पद से अलग हट कर जांच का सामना करने का नैतिक साहस दिखाना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में स्वच्छता का इतिहास बहुत पुराना है और इसकी शुरुआत उस सिंधु घाटी सभ्यता से होती है, जहां शौचालय निर्माण एवं अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग किया जाता था। हमारे शास्त्रों में कहा गया है- स्वच्छे देहे स्वच्छचित्तं, स्वच्छचित्ते स्वच्छज्ञानम् यानी स्वच्छ शरीर में शुद्ध मन का निवास होता है और शुद्ध मन में सच्चे ज्ञान का निवास होता है। इस समृद्ध विरासत के बावजूद, व्यापक स्वच्छता की दिशा में भारत की यात्रा चुनौतियों से भरी रही है।**

# बच्चों के अस्तित्व पर स्वच्छ भारत मिशन का प्रभाव

विनोद के पॉल




स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा एक बुनियादी उपाय है। स्वच्छता से डायरिया, हैजा, टाइफाइड, हेपेटाइटिस, कृमि संक्रमण एवं मलाशय संबंधी रोग जैसी जल-जनित बीमारियों के साथ-साथ कुपोषण का खतरा कम हो जाता है। वर्ष 2012 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया था कि स्वच्छता में निवेश किये गये प्रत्येक अमेरिकी डॉलर के एवज में स्वास्थ्य संबंधी लागत में कमी, अधिक उत्पादकता और असामयिक मौतों में कमी के रूप में 5.5 अमेरिकी डॉलर के बराबर का लाभ मिलता है।

भारत में स्वच्छता का इतिहास बहुत पुराना है और इसकी शुरुआत उस सिंधु घाटी सभ्यता से होती है, जहां शौचालय निर्माण एवं अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग किया जाता था। हमारे शास्त्रों में कहा गया है- स्वच्छे देहे स्वच्छचित्तं, स्वच्छचित्ते स्वच्छज्ञानम् यानी स्वच्छ शरीर में शुद्ध मन का निवास होता है और शुद्ध मन में सच्चे ज्ञान का निवास होता है।

इस समृद्ध विरासत के बावजूद, व्यापक स्वच्छता की दिशा में भारत की यात्रा चुनौतियों से भरी रही है। वर्ष 1981 की जनगणना के समय तक, मात्र एक प्रतिशत ग्रामीण घरों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध थी। इस हकीकत ने भारत सरकार द्वारा विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों- केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम, संपूर्ण स्वच्छता अभियान और निर्मल भारत अभियान- के शुभारंभ का मार्ग प्रशस्त किया। इन सभी कार्यक्रमों की सहायता से ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता कवरेज 39 प्रतिशत तक पहुंच गया।

**स्वच्छ भारत मिशन इस बात का एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि समर्पण, सहयोग, योजना, शानदार कार्यान्वयन और निरंतर जन आंदोलन के जरिए क्या कुछ हासिल किया जा सकता है।**

दुनिया भर में होने वाले खुले में शौच का लगभग 60 प्रतिशत बोझ भारत पर था। यहां 50 करोड़ से अधिक लोग खुले में शौच करते थे। हमारी महिलाओं के सामने अंधेरे में अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने और अपनी गरिमा एवं सुरक्षा बनाये रखने की दुविधा थी।

इसी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच वर्षों में ग्रामीण भारत को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाने के लक्ष्य के साथ 2014 में स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की शुरुआत की थी। भारत ने 2 अक्टूबर 2019 को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर यह उपलब्धि हासिल कर ली। उन पांच महत्वपूर्ण वर्षों के दौरान, ग्रामीण स्वच्छता कवरेज बढ़कर शत-प्रतिशत हो गया।

इस मिशन के तहत, 2014 से 1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के सार्वजनिक निवेश के साथ 11.7 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। यह महज परिसंपत्ति निर्माण की एक कवायद भर नहीं थी, बल्कि यह एक ऐसा राष्ट्रव्यापी आंदोलन था जिसने व्यवहार में परिवर्तन से संबंधित एक ठोस क्रांति के साथ बुनियादी ढांचे के विकास को मिलाकर एक अरब से अधिक लोगों को प्रेरित किया। इसकी पहचान एक 'जन आंदोलन' के तौर पर थी और यह शायद व्यवहार में परिवर्तन से संबंधित दुनिया की सबसे बड़ी कवायद थी। बच्चों, महिलाओं, पुरुषों, समुदाय के नेताओं, नागरिक समाज और सरकारी मशीनरी ने एकजुट होकर काम किया। स्वच्छता से जुड़े संदेश हर माध्यम से लोगों तक पहुंचे। मशहूर हस्तियों ने इस सामूहिक सुर में सुर मिलाया। ग्राम-स्तर के स्वयंसेवक ('स्वच्छाग्रही') जमीनी स्तर पर परिवर्तन के चैंपियन बन गये। प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों, बैठकों, मन-की-बात में किये जाने वाले वातालापों और स्थानों एवं परिसरों की सफाई के आदर्श कार्यों के माध्यम से देश का नेतृत्व किया और लोगों को प्रेरित किया।

एसबीएम चरण-क की सफलता के बाद, चरण-ककी शुरुआत की गयी। इस चरण का उद्देश्य ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, परिदृश्य स्वच्छता और समग्र ग्रामीण स्वच्छता के व्यापक पहलुओं का समाधान करते हुए ओडीएफ संबंधी उपलब्धियों को बनाए रखना है। वर्ष 2024-25 तक, सभी गांवों को स्थायी तौर-तरीकों और बेहतर स्वच्छता की विशेषता से लैस ओडीएफ प्लस मॉडल में बदलने का लक्ष्य है। इस मिशन का अगला लक्ष्य संपूर्ण स्वच्छता है- जिसके लिए देश के प्रत्येक नागरिक, समुदाय और संस्थान की ओर से निरंतर समर्पण की आवश्यकता होगी।

शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका नेचर में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन सार्वजनिक स्वास्थ्य पर एसबीएम के व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है, खास कर शिशु मृत्यु दर को कम करने के मामले में। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण और शिशु मृत्यु दर शीर्षक वाले इस अध्ययन में शिशु मृत्यु दर (आइएमआर) और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर (यू5एमआर) के रुझानों से संबंधित 10 वर्षों की अवधि (2011-20) में 35 भारतीय राज्यों और 640 जिलों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। लेखकों ने शौचालय की बढ़ती सुलभता और बाल मृत्यु दर में गिरावट के बीच एक मजबूत संबंध का दस्तावेजीकरण किया है। इस अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि एसबीएम के बाद जिला स्तर पर शौचालयों की सुलभता में प्रत्येक 10 प्रतिशत अंक की वृद्धि से जिला स्तर पर आइएमआर में 0.9 अंक और यू5एमआर में औसतन 1.1 अंक की कमी आयी है। एक सीमा प्रभाव का भी सबूत है, जिसमें जिला स्तर पर 30 प्रतिशत (और उससे अधिक) का शौचालय कवरेज आइएमआर में 5.3 अंक और प्रति हजार जीवित जन्मों पर यू5एमआर में 6.8 अंक की कमी के समतुल्य है। लेखकों का अनुमान है कि एसबीएम के कारण बड़े पैमाने पर शौचालय की सुलभता ने सालाना 60,000- 70,000 शिशु मृत्यु को रोकने में योगदान किया है।

हालांकि, यहां इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि यह मात्र प्रभाव संबंधी अध्ययन भर नहीं है, जो एसबीएम की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डालता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (2018) के अनुसार, 2014 और 2019 के बीच डायरिया से होने वाली 3,00,000 से अधिक मौतों को रोकने में एसबीएम की अहम भूमिका रही है। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (2017) ने बताया कि गैर-ओडीएफ गांवों की तुलना में ओडीएफ वाले इलाकों के बच्चों में वेस्टिंग के मामले 37 प्रतिशत कम थे, जो इस बात की पुष्टि करती है कि स्वच्छता कैसे बचपन के पोषण पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। ओडीएफ गांवों के बच्चों में डायरिया के मामले लगभग एक तिहाई कम थे। वर्ष 2017 में एक अध्ययन में, यूनिसेफ ने अनुमान लगाया कि 93 प्रतिशत महिलाएं घर में शौचालय उपलब्ध होने के बाद सुरक्षित महसूस करती हैं, जो महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा को बढ़ाने में एसबीएम की भूमिका को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, इस अध्ययन में किए गए आर्थिक विश्लेषण से पता चला कि ओडीएफ गांवों में प्रत्येक परिवार ने स्वास्थ्य संबंधी देखभाल की अपेक्षाकृत कम लागत और बचाये गये जीवन के आर्थिक मूल्य एवं समय की बचत की दृष्टि से सालाना लगभग 50,000 रुपये की बचत की।

स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बीच के संबंध को देखते हुए, एसबीएम से हासिल हुए सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी लाभ अपरिहार्य हैं। हाल के अध्ययन से हमें जो जानकारी मिली है, वह शौचालय की सुलभता के कारण बच्चों के जीवित रहने की संभावनाओं में सुधार का एक ठोस परिमाण है। राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता से संबंधित बदलाव निश्चित रूप से वयस्कों में जल-जनित संक्रमण को कम करने के साथ-साथ संभवतः रोगाणुरोधी प्रतिरोध के बोझ को भी कम करने में प्रभाव डालेगा। इसका बचपन में स्टंटिंग एवं विकास पर भी निरंतर प्रभाव माना जाता है। आइसीएमआर और शिक्षा जगत को एसबीएम के इन आयामों पर वस्तुनिष्ठ अध्ययन करना चाहिए।

स्वच्छ भारत मिशन इस बात का एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि समर्पण, सहयोग, योजना, शानदार कार्यान्वयन और निरंतर जन आंदोलन के जरिए क्या कुछ हासिल किया जा सकता है। एसबीएम के 4पी वाले मंत्र- राजनीतिक इच्छाशक्ति, सार्वजनिक वित्त, साझेदारी और जनभागीदारी- के साथ-साथ अनुनय, इस कार्यक्रम की सफलता एवं प्रसार में सहायक रहे हैं। यह रणनीतिक पैकेज देश में और विदेश में अन्य सामाजिक परिवर्तन मिशनों के लिए एक मॉडल है।

अब जबकि हम विकसित भारत @2047 की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, हमें स्वच्छता और साफ-सफाई के मामले में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश के रूप में उभरने की जरूरत है। व्यवहार में बदलाव को बनाए रखने, निर्मित शौचालयों का निरंतर उपयोग सुनिश्चित करने और अपशिष्ट प्रबंधन के उन्नत उपायों को समन्वित करने की प्रतिबद्धता अटल रहनी चाहिए। स्वच्छता एक ऐसा साझा मूल्य बनना चाहिए, जिसके स्वामित्व और पालन की जिम्मेदारी हम सभी को उठानी चाहिए।

यह मिशन अगले महीने गांधी जयंती पर अपनी 10वीं वर्षगांठ मनायेगा। एसबीएम के एक दशक की अवधि में हमें अभूतपूर्व लाभ हुए हैं- बेहतर पर्यावरण, महिलाओं की गरिमा एवं सुरक्षा, जीवनयापन में आसानी, घरेलू बचत और हमारी परंपरा के अनुरूप स्वच्छता की संस्कृति से हम समृद्ध हुए हैं। अब हम सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और जीवन बचाने में एसबीएम की एक मजबूत छाप भी देख रहे हैं। इस नेक मिशन की सफलता वास्तव में हर भारतीय के लिए गर्व की बात है।

**(लेखक : नीति आयोग के सदस्य हैं। ये उनके निजी विचार हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# चीफ जस्टिस के घर गणेश पूजा में शामिल हुए पीएम मोदी, विपक्ष ने किया सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** गणेश पूजा में चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ के आवास पर पीएम नरेंद्र मोदी के शामिल होने पर अब विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष इसको लेकर सवाल खड़े कर रहा है। वहीं अब भाजपा ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह से जुड़े एक कार्यक्रम की तस्वीर शेयर की है, जिसमें तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश केजी बालकृष्णन ने शिरकत की थी। बुधवार को पीएम मोदी सीजेआइ चंद्रचूड़ के घर पर गणेश पूजा में शामिल हुए थे।

### संजय राउत ने कसा तंज

गणेश पूजा में पीएम मोदी का सीजेआइ के घर जाने को लेकर शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) नेता संजय राउत ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि हमें शंका है कि क्या सीजेआइ हमें न्याय दे पायेंगे। गणेश उत्सव में लोग एक-दूसरे के घर जाते हैं। पीएम मोदी अब तक कितने लोगों के घर गये हैं, मेरे पास इसकी जानकारी नहीं है।

### भूपेंद्र यादव का तंज

विपक्षी नेताओं की आलोचना का केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने करारा जवाब देते हुए विपक्ष पर तंज कसा है। उन्होंने लिखा, ये वही लोग हैं, जो इफ्तार में प्रधानमंत्रियों की उपस्थिति की सराहना करते हैं और उन्हें प्रोत्साहित करते हैं, लेकिन जब वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सीजेआइ डीवाइ चंद्रचूड़ के आवास पर गणपति पूजन करते देखते हैं, तो इनकी हिम्मत टूट जाती है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया पर पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और जस्टिस बालकृष्णन के मुलाकात की तस्वीर पोस्ट की है। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा साल 2009 में पीएम मनमोहन सिंह की इफ्तार पार्टी में तत्कालीन सीजेआइ बालकृष्णन शामिल हुए थे। ये सेक्यूलर है। न्यायपालिका सुरक्षित है। पीएम मोदी सीजेआइ के घर गणेश पूजा में शामिल हुए, तो हे भगवान, न्यायपालिका भ्रष्ट है। वहीं भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि जब इफ्तार पार्टी में पीएम और चीफ जस्टिस मिलते थे, तो इस त्योहार में मिलने पर आपत्ति क्यों?

### ये सुप्रीम कोर्ट के लिए सही नहीं: कपिल सिब्बल

राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने कहा, मैंने सोशल मीडिया पर कुछ प्रसारित होते देखा और सच कहूं तो मैं हैरान रह गया। मैं 50 से ज्यादा सालों से सुप्रीम कोर्ट और इस संस्था में हूं। जब मैंने यह क्लिप देखी, जो वायरल हो रही थी, तो मैं हैरान रह गया। ये सुप्रीम कोर्ट के लिए सही नहीं है। समाजवादी पार्टी से राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने आगे कहा, किसी भी सार्वजनिक पदाधिकारी को निजी कार्यक्रम का प्रचार नहीं करना चाहिए। मुझे यकीन है कि शायद सीजेआइ को पता नहीं होगा कि इसे प्रचारित किया जा रहा है। पीएम को ऐसे निजी कार्यक्रम में जाने में कभी दिलचस्पी नहीं दिखानी चाहिए थी। अगर इसके बारे में गपशप हो रही है, तो यह संस्था के लिए उचित नहीं है।

# मुंबई में हुई लालू की एंजियोप्लास्टी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का इलाज मुंबई के एक अस्पताल में हो रहा है। लालू को दिल से जुड़ी समस्याओं की शिकायत के बाद मुंबई के अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि हृदय रोग विशेषज्ञों ने लालू की एंजियोप्लास्टी कराने की सलाह दी। डॉक्टरों की सलाह के बाद गुरुवार को लालू की एंजियोप्लास्टी की गयी। बता दें कि लालू सेहत से जुड़ी कई गंभीर चुनौतियों से जूझ रहे हैं। लालू इससे पहले सिंगापुर में किडनी प्रत्यारोपण करा चुके हैं। लालू के लिए किडनी उनकी बेटी ने दान की है। नाजुक सेहत को देखते हुए अदालत ने लालू को इलाज कराने की अनुमति दी है, जिसके आधार पर वे विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में अपना इलाज करा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि 10 सितंबर को राजद सुप्रीमो को एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में भर्ती कराया गया। उन्हें एक या दो दिन में छुट्टी मिलने की उम्मीद है। 2014 में लालू इसी अस्पताल में महाधमनी वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी करा चुके हैं। साल 2018 और 2023 में फॉलो-अप के लिए लालू एक बार फिर इसी अस्पताल में आये थे। सूत्रों ने बताया कि लालू का इलाज करने वाली चिकित्सकों की टीम में डॉ संतोष डोरा और डॉ तिलक सुवर्णा शामिल रहे। बता दें कि लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी ने पिता के लिए नवंबर, 2022 में किडनी दान किया था। लंबे समय तक किडनी संबंधी बीमारियों से जूझने के बाद लालू ने सिंगापुर में किडनी प्रत्यारोपण कराया था। खबरों के मुताबिक लालू 56 से अधिक तरह की बीमारियों से पीड़ित हैं।

# 20 साल में मारे गये पांच हजार से ज्यादा नक्सली

## भाकपा (माओवादी) ने माना, कमजोर हुआ संगठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की केंद्रीय समिति ने लाल स्याही से जारी अपनी 25 पेज की रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि सुरक्षा बलों की बढ़ती आक्रामकता ने नक्सली संगठनों को काफी कमजोर कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक माओवादी संगठनों ने पिछले 20 साल में देशभर में 5249 नक्सलियों को खोया है, जिसमें एक हजार महिला कार्यकर्ता भी शामिल हैं। पिछले महीने की 25 अगस्त को रिलीज की तारीख के साथ जारी केंद्रीय समिति ने 2004 से 2024 के बीच उनकी स्थिति के बारे में खुलासा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस दौरान 22 उच्च रैंकिंग वाले नक्सलियों को मार दिया गया है, जिनमें पोलित ब्यूरो के आठ सदस्य भी शामिल हैं। इसके अलावा 48 विशेष क्षेत्रीय समिति, 14 आरसी क्षेत्रीय समिति, 167 जिला समिति, 26 उप-क्षेत्रीय समिति, 505 एसीएम समिति के सदस्यों की भी मौत हुई है। रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों में नक्सलवाद के प्रभाव का भी विवरण दिया गया है। इसमें बताया गया है कि बस्तर में बुरकापाल और टाहकावाड़ा, महाराष्ट्र, ओड़िशा और झारखंड तक फैली हिंसा की 4073 घटनाएं हुईं इन घटनाओं में सुरक्षाबलों के 3090 जवान मारे गये और 4077 अन्य घायल हुए। माओवादियों ने 2365 आधुनिक हथियार और 1.19 लाख राउंड गोला-बारूद लूट लिया है। उनका दावा है कि इससे उनके हथियारों के जखीरे में इजाफा हुआ है और उनका गुट मजबूत हुआ है। नोट में लिखा है कि 2021 से 2024 के बीच 261 लड़ाके मारे गये, 516 घायल हुए और 25 आधुनिक हथियार चोरी हो गये।

### आत्मसमर्पण की दर में इजाफा

माओवादियों की इस बुकलेट में सुरक्षा बलों की व्यापक उपस्थिति और घेराबंदी, तलाशी और जान से मारने की रणनीति की वजह से सामने आने वाली चुनौतियों पर भी जोर डाला गया है। इन रणनीतियों से विद्रोही अभियानों में कैडरों के लिए मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। समिति ने कहा है कि पुलिस के आक्रामक रुख के कारण आत्मसमर्पण की दर में इजाफा हुआ है। चुनौतियों के बीच 21 सितंबर से 20 अक्टूबर तक समिति ने अपनी 20वीं वर्षगांठ मनाने की योजना बनायी है।

## अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी सेंटर को कराया गया बंद, संचालक गिरफ्तार



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने ब्लॉक गेट के सामने अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी सेंटर को बंद कराते हुए उक्त सेंटर के संचालक एचएच पाल को पुलिस को सुपुर्द कर दिया। इस मामले में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि गढ़वा सीएस के निर्देश पर बीते दिनों भवनाथपुर में अवैध तरीके से संचालित क्लिनिको तथा पैथलोजी सेंटर पर छापामारी की गयी थी। छापामारी के दौरान ऐसे कई पैथोलॉजी सेंटर मिले, जिनके पास न तो रजिस्ट्रेशन था, और ना ही वे उससे संबंधित किसी प्रकार की कागजात प्रस्तुत कर सके। वैसे लोगों को तत्काल पैथोलॉजी सेंटर को बंद रखने का निर्देश दिया गया था। गुरुवार को उषा नामक महिला ने पैथोलॉजी सेंटर संचालक अपने मामा एचएच पाल के विरुद्ध अपनी बीएससी एमएलटी डिग्री के सर्टिफिकेट को बिना उसकी अनुमति के प्रयोग करते हुए सेंटर का संचालन करने संबंधी लिखित आवेदन कार्यालय को दी गयी थी, इसके बावजूद भी आदेश की अवहेलना करते हुए गुरुवार को पैथोलॉजी सेंटर खोलकर चला रहे संचालक एचएच पाल को पुलिस को सुपुर्द कर उनकी कागजात की जांच की जा रही है।

## दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

भंडरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में बृहस्पतिवार को खेलो झारखंड के तहत दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र पाल बिआरसी सत्यनारायण यादव कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के वार्डन अमला प्रतिमा तिर्की बिंदा मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम बलिराम रतन रंजन के द्वारा संयुक्त फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया।

# धुरकी में भारी मात्रा में नकली हार्पिक जब्त, प्राथमिकी दर्ज

सगमा स्थित एक दुकान में अवैध रूप से 'रेकिट बेंकिजर (इंडिया) प्रा. लिमिटेड' के हार्पिक की जगह पर उसी लोगो का इस्तेमाल कर नकली हार्पिक का निर्माण कर खरीद बिक्री किया जा रहा था



आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी।** धुरकी थाना पुलिस ने थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में सगमा स्थित एक दुकान से 200 एमएल का भरा हुआ डब्बा 720 पीस, 200 एमएल का खाली डब्बा 751 पीस, 200एमएल का रैपर 6500 पीस, नकली ढक्कन 651 पीस, केमिकल 8 लीटर, इआइपीआर अधिकृत P&G कंपनी का टाइड प्लस नकली भरा हुआ पैकेट 95 ग्राम का 900 पीस, इआइपीआर अधिकृत P&G कंपनी का टाइड प्लस नकली खाली पैकेट 1100 पीस को जब्त कर दुकानदार हरी दर्शन यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया। थाना प्रभारी उपेंद्र ने बताया कि 'रेकिट बेंकिजर (इंडिया) प्रा. लिमिटेड' के प्रमुख जांचकर्ता रंजीत कुमार सिंह के द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि सगमा में एक दुकान में अवैध रूप से 'रेकिट बेंकिजर (इंडिया) प्रा. लिमिटेड' के हार्पिक की जगह पर उसी लोगो का इस्तेमाल कर नकली हार्पिक का निर्माण कर खरीद बिक्री किया जा रहा है, जिसके बाद उक्त सूचना का सत्यापन कर हरी दर्शन यादव के दुकान में छापामारी की गयी। जिसमें भारी मात्रा में नकली भरा हुआ 200 एमएल के हार्पिक, 200एमएल नकली हार्पिक का खाली डब्बा, उसमें प्रयोग होने वाला ढक्कन, नकली रैपर आदि को जब्त कर, 'रेकिट बेंकिजर (इंडिया) प्रा. लिमिटेड' के प्रमुख जांचकर्ता रंजीत सिंह के लिखित आवेदन के आधार पर कांड अंकित किया गया है। छापामारी के दौरान दुकानदार को दुकान में नहीं पाया गया।

## उपायुक्त ने सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम से संबंधित बैठक की, दिये कई निर्देश

गढ़वा (आजाद सिपाही)। 19 सितंबर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावित गढ़वा दौरे को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर ने गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के द्वारा विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया जायेगा। साथ ही लाभुकों के बीच विभिन्न विभागों से परिसंपत्तियों का वितरण किया जायेगा। बताते चलें कि मुख्यमंत्री 19 सितंबर को मेराल प्रखंड के पेशका हाई स्कूल मैदान (पंचायत-दुलदुलवा), गढ़वा तथा लातेहार जिला अंतर्गत 'आपकी-योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गढ़वा तथा लातेहार के लाभुक भाग लेंगे। बड़ी संख्या में आ रहे लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, उनके परिवहन की व्यवस्था, खाने-पीने, स्टेज की व्यवस्था आदि की व्यवस्था को लेकर उन्होंने कई पदाधिकारी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी।

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता में पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा के बच्चों ने अपना परचम लहराया

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा के बच्चों ने अपना परचम लहराया। बच्चों ने 5 गोल्ड सहित कुल 8 मेडल प्राप्त किए। 200 मीटर की दौड़ में कृष्णा यादव और लड़की में नंदनी कुमारी, 800 मीटर की दौड़ में अभिषेक टोप्पो उच्ची कूद में संजू कुमारी ने गोल्ड मेडल जीता है, जबकि कबड्डी में भी गोल्ड मेडल मिला, जिसके कैप्टन गुलनाज प्रवीण थी। 100 मीटर की दौड़ में गुलनाज प्रवीण, लंबी कूद में पूजा कुमारी, 100 मीटर दौड़ में लक्की कुमार ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। उक्त विद्यालय के सभी शिक्षकों ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार की ओर से भी बच्चों को पुरष्कृत किया गया।

# अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंच रहा है सरकारी योजनाओं का लाभ : मंत्री

रंका प्रखंड के एक दर्जन गांवों में मंत्री ने किया जनसंवाद, समस्याओं का किया ऑन द स्पॉट निदान



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरुवार को रंका प्रखंड के लगभग डेढ़ दर्जन गांवों में जनसंवाद का आयोजन किया। इस जनसंवाद में मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान भी किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने रंका प्रखंड के पंचायत सिरोई खुर्द के ग्राम सिंगा कला स्कूल के समीप, सिंगा खुर्द स्कूल के समीप, उंचरी स्कूल के समीप, उंचरी गेरुआ टोला शिव चबूतरा के समीप, सेवाडीह बाजारी टोला स्कूल के समीप, सेवाडीह खरवारी टोला आंगनबाड़ी के समीप, बीरबांध गांव में दुर्गा मंडप कोपी महुआ के समीप, मझिगावां में देवी मंदिर के समीप, सिरोई खुर्द स्कूल के समीप, कटरा पंचायत में सिरोई कला टिकट चुईयां स्कूल के समीप, दमारन आम चबूतरा, कटरा पंचायत भवन तथा लरकोरिया स्कूल के समीप जनसंवाद का आयोजन किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जनहित की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता ने जिस उम्मीदवार और विश्वास के साथ उन्हें अपना सेवक चुना था, जनता की उम्मीदों पर वे पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, शुभम, रामचंद्र, हरखु, रामाधार, कमलेश सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री ने किया चुनावी कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के नेतृत्व में मिलन सह अभिनंदन समारोह गढ़वा प्रखंड के फरठिया ग्राम सीदे खुर्द में किया किया गया, जिसमें मुख्य अथिति के रूप में गिरिनाथ सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने कभी राजनीति नहीं की है, मैंने हमेशा से आपके सुख-दुख में सहभागी रहा हूं, मुझसे जितना बन सके उतना आपके लिए करने के लिए तैयार हूं और आपसे भी अनुरोध करता हूं कि आप सभी को 3 महीने तक थोड़ा सब्र रखना होगा। जितने भी खपड़े का घर है, प्राथमिकता के आधार पर सभी को आवास देने का प्रयास करूंगा। सरकार की बात करें, तो अब स्थिति ऐसी आ गयी है कि लोगों को लाल पर्चा से नवाजा गया था उसका रसीद तक नहीं कट रहा है। अबुआ आवास के नाम पर लूट मचा हुआ है, और जिसको अपने 5 साल के लिए माला पहनाया है वह जमींदार बन गये और आपकी ही जमीन को लूट कर बैठे हैं। बालू के मामले में पूरे क्षेत्र में गुंडागर्दी मच गयी है, नियम कानून की तो कोई बात ही नहीं रह गयी है। जो पैसे दे रहे हैं, उनका काम हो रहा है, जो पैसे नहीं दे रहे हैं उनका ट्रैक्टर तक जब्त कर दिया जा रहा है।

परिवर्तन यात्रा गढ़वा प्रखंड पंचायत महुलिया के बरवाही टोला, नावाडीह, पंचायत रजबंधा के पचपंडवा, लोटो गांवों का दौरा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल प्रजापति, अनवर सिंह, विवेक ठाकुर, मनोज ठाकुर, संजय राम, इरफान अंसारी, ललन राम, प्रदीप सिंह, दिलीप सिंह, समीर अंसारी, इस्लामुद्दीन अंसारी, रामचंद्र राम, जमालुद्दीन, मुन्ना सिंह सहित कई ग्रमीण जनता उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।**

**शुद्धि पत्र**

भवन प्रमंडल सिमडेगा के अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –25/2024-25के ग्रुप सं0 –2, 3एवं4, PR 334563 Simdega(24-25)_D में प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 335514 Simdega(24-25)D


## सैकड़ों लोगों ने थामा झामुमो का दामन



रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता और खेलकूद कला संस्कृति मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने गुरूवार को रंका प्रखंड के सिरोईखुर्द पंचायत के 9 और कटरा पंचायत के 6 स्थानों पर जनसंवाद कार्यक्रम किया। इस दौरान मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सिरोईखुर्द के तेतरिया टोला एवं टिकर चुइंया में विद्युतीकरण का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर भाजपा सहित अन्य दलों को छोड़कर सैकड़ों लोगों झामुमो का दामन थामा जिसे मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर शामिल किया। इस मौके पर रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष संजय सिंह छोटू, जिला प्रवक्ता कार्तिक पांडेय, बीस सूत्रि जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# राजनीतिक भागीदारी नहीं मिली, तो जारी रहेगी सामाजिक लड़ाई : डॉ कुलदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** महर्षि वेदव्यास परिषद जिला इकाई गढ़वा के तत्वाधान में निषाद समाज के प्रबुद्धजनों ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण बैठक की। जिसमें अपनी योग्यता और अनुभव के अनुसार लोगों ने विचार प्रकट किये। सभी लोगों ने एक मत से कहा कि झारखंड में निषाद समाज की आबादी के आधार पर अगर भाजपा, कांग्रेस, झामुमो, राजद सहित अन्य कोई भी राजनीतिक दल किसी दो या तीन सीट से चुनाव लड़वाती है तो उसे पूरे राज्य में समर्थन मिल सकता है। सबसे ज्यादा निषाद (मल्लाह) मतदाता गढ़वा और राजमहल विधानसभा क्षेत्र में हैं, जिसे हमेशा नजरअंदाज किया जाता है। इसके अलावा कई ऐसे सीट हैं जहां हार जीत का फैसला निषाद समाज के हाथ में है। सभी शीर्ष नेता को पता है कि यह दो सीट मल्लाहों का गढ़ माना जाता है अगर यहां से कोई भी पार्टी टिकट देती है तो उसकी जीत सुनिश्चित है। इसके अलावा डालटनगंज, विश्रामपुर, भवनाथपुर सहित झारखंड में कई ऐसे सीट हैं, जहां हार जीत निषाद समाज के हाथ में है। कभी-कभी छोटी पार्टियां एक दो सीट से टिकट दी है, जिसका कोई क्रेज नहीं है। इधर महर्षि वेदव्यास परिषद के युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार चौधरी ने कहा कि आज सिर्फ कहने के लिए रह गया है कि युवा देश के भविष्य हैं, युवा राजनीति की रीढ़ है। मौके पर महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी, गढ़वा जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार चौधरी, जिला संगठन मंत्री राजेंद्र चौधरी, जिला सचिव गोपाल चौधरी, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार चौधरी, युवा प्रकोष्ठ के जिला सचिव सकेंद्र, जिला उपाध्यक्ष रंजीत, राजेंद्र सहित काफी संख्या में निषाद समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, सिमडेगा।**

*e-mail:-eercdsimdega-jhr@nic.in*

अतिअल्पकालीन उद्धरण आमंत्रण सूचना सं0–01/2024–25, दि0–12.09.2024

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, सिमडेगा के ***"Providing fitting & fixing of modular ABS Speed breaker (i) 750 mm Width x 250 mm Length x 75 mm top height*** एवं ***(ii) 350 mm Width x 250 mm Length x 50 mm top height"*** हेतु सूचीवद्ध निर्माता/आपूर्तिकर्त्ता से दर (सभी कर सहित) उद्धरण मुहरबन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा। दिनांक 21.09.2024 को अपराह्न 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्त्ता/उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थित/अनुपस्थिति में खोला जायेगा।

नोट :–

1. उद्धरणकर्त्ता को दर उद्धरण में PAN एवं GST अंकित करना अनिवार्य होगा।
2. किसी भी उद्धरण को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
3. उद्वत दर में ढुलाई एवं अधिष्ठापन की राशि शामिल रहेगी।
4. यह दर उद्धरण आमंत्रण सूचना मात्र दर निर्धारण हेतु होगा।
5. समग्रियों का आपूर्ति हेतु अलग से निविदा आमंत्रित की जायेगी ।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,
सिमडेगा।

PR 335626 Simdega(24-25)D


## प्लस टू विद्यालयों में प्राचार्य पद सृजित करने की मांग



कांडी (आजाद सिपाही)। झारखंड के सभी जमा दो हाई स्कूलों में प्राचार्य पद सृजन सरकार द्वारा किया जाये। उक्त विषय को लेकर जमा दो शिक्षक संघ झारखंड के आह्वान पर गुरुवार को कांडी मुख्यालय स्थित जमा दो उच्च विद्यालय कांडी में भी कार्यरत सभी पीजीटी शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया तथा ट्विटर पर हैशटैग किया। काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य करने वालों में पीजीटी शिक्षक राम प्रसाद पाठक, सूर्यकांत, सविता देवी, प्रभारी प्रधानाध्यापक निरंजन साह, प्रयोगशाला सहायक धारा सिंह शामिल थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय विशेष कार्य प्रमण्डल भवन निर्माण विभाग, राँची**

Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–21/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :–कार्यपालक अभियंता, विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–20.09.2024 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–21.09.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–21.09.2024 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क)अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,छोटानागपुर भवन अंचल संख्या–1, भवन निर्माण विभाग, राँची। (ख)कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
7. निविदाधीन कार्य का विवरण :–

| क्र. सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5/1, शांति निकेतन, नई दिल्ली के NRI Investment cell भवन में Supply &placing of furniture &furnishing item and other miscellaneous work | 36,43,800.00 | 73,000.00 | 5000.00 | 45 Days |
| 2 | Emergent Repair work of Routine Maintenance of Jharkhand Bhawan Vasant Vihar, New Dehi | 4,59,500.00 | 9,200.00 | 750.00 | 45 Days |

8.निविदा की शर्ते **prdjharkhand.in** एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है । **विश्वासभाजन**

कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0 राँची

PR 335560 (Building)24-25*D


## असहाय गरीब के आशियाने पर चला प्रशासन का डंडा

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। पिपरी कला गांव के वियार टोला निवासी सुरेश वियार पिता स्व बेलास वियार के कच्चा मकान को अंचलाधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया ने जेसीबी मसीन से ध्वस्त करवा दिया है। अंचलाधिकारी ने बताया कि गैरमजरुवा आम जमीन पर अवैध कब्जा कर कच्चा मकान बनाया हुआ था। कब्जा को लेकर 4 बार नोटिस दिया गया था, लेकिन नोटिस देने के बाद भी अवैध कब्जा नहीं हटाया गया, जिसे गुरुवार को जेसीबी मसीन से अतिक्रमण को हटा दिया गया है। वहीं भुक्तभोगी स्व बेलास वियार के साझील लड़का शंभु वियार की पत्नी फूलकुमारी देवी ने बताया कि हमारे पूर्वज इस जमीन पर लगभग 80 वर्षों से मकान बना कर रह रहे हैं। इस मकान में लगभग 25 सदस्य रहते है। जिसे प्रशासन ने अतिक्रमण कह कर जेसीबी मसीन से असहाय गरीब के आशियाने को उजाड़ दिया है।

# हलिवंता गांव में भानु प्रताप शाही ने नारायणा नाला पर पुल और पीसीसी सड़क निर्माण का किया शिलान्यास

एक सप्ताह के अंदर नारायणा नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण का कार्य शुरू हो जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** गुरुवार को हलिवंता गांव में विधायक भानु प्रताप शाही ने नारायणा नाला पर उच्च स्तरीय पुल व पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास शिलालेख से पट हटाकर किया। यह उच्च स्तरीय पुल मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के अंतर्गत एक 1,96,80,000 रुपये की लागत से 28'6 मीटर लंबा निर्माण होना है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग 75 से ललन ठाकुर के घर होते हुए आम के पेड़ तक विधायक निधि से पीसीसी पथ का निर्माण किया जायेगा। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि चुनाव में या चुनाव के बाद क्षेत्र की जनता से जो भी वादा हमने किया था, एक-एक कर उसे पूरा करने का कार्य कर रहा हूं। हलिवंता के लोगों से मैंने वादा किया था कि चुनाव से पहले यदि मैं नारायण नाला पर उच्च स्तरीय पुल नहीं दे पाया, तो चुनाव में वोट मांगने नहीं आऊंगा, आज इस वादे को पूरा करने का कार्य आपके सहयोग से किया। यह गांव दो भाग में बंटा हुआ था, जिसे यह पूल जोड़ने का काम करेगा। जब से राजनीति में आया हूं तब से तोड़ने नहीं जोड़ने का ही काम करते आ रहा हूं। मैं झूठा शिलान्यास नहीं करता हूं। एक सप्ताह के अंदर नारायणा नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण का कार्य शुरू हो जायेगा। यह पुल का नहीं बल्कि गांव के भविष्य के निर्माण का शिलान्यास हुआ है, सिर्फ पुल ही नहीं कालीकरण सड़क निर्माण कार्य का भी प्रस्ताव सरकार को दिया हूं। यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग 75 से नारायण नाला पर बन रहे पुल होते सोनडीहा सिवान तक तथा झरिया गांव से सुलसुलिया गांव तक बनेगा। यह रिंग रोड बनेगा, इसमें राजू पासवान के घर से रमेश पासवान के घर तक पीसीसी सड़क भी बनेगा। विधायक ने पुल निर्माण का कार्य गुणवत्तापूर्ण ससमय पूरा कराया ने का निर्देश विभागीय अभियंता को दिया। कहा कि मार्च 2025 में पुल का उद्घाटन करूंगा तथा वहीं पर होली मिलन भी किया जायेगा। समारोह को मुखिया राकेश चौबे, पूर्व प्रमुख सह प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र कुमार पासवान, बनारसी पासवान, सेवानिवृत शिक्षक रामचंद्र गुप्ता, रंजन चंद्रवंशी आदि ने संबोधित किया।

मौके पर भगत दयानंद यादव, विवेका पांडेय, शैलेंद्र शुक्ला, रिंकू प्रताप देव, सत्यनारायण पांडेय, संजय कसेरा सहित बड़ी संख्या में भाजपाई और ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।


**कार्यालय**

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू। (आपूर्त्ति शाखा)**

दूरभाष सं0:– 06562–223116 ई-मेल :– food.palamu@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा**

विभागीय ज्ञापांक–खा0प्र0–1/ज0वि0प्र0 (DSD)/6–8/2020–1811/रांची, दिनांक 29.07.2024 के आलोक में जन वितरण प्रणाली के तहत प्रखंड/शहरी क्षेत्र, पलामू के लिए झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के गोदामों से जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के दुकान तक खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रियों के लिए डोर स्टेप डिलिवरी हेतु परिवहन–सह–हथालन अभिकर्ता का चयन GeM Portal के माध्यम से किये जाने हेतु निदेश प्राप्त है। उक्त निविदा दो वर्षो के लिए किया जायेगा। साथ ही निविदा डालने की अंतिम तिथि 25.09.2024 को अप0 03.00 बजे तक है। GeM Portal में पलामू जिला अन्तर्गत निविदा का बीड संख्या निम्न प्रकार है :–

| Sl. No. | District | Block/Godown | Bid No. | Dated |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Palamu | Bishrampur | GEM/2024/B/5382209 | 10.09.2024 |
| 02 | | Chhatarpur | GEM/2024/B/5382727 | 10.09.2024 |
| 03 | | Haidernagar | GEM/2024/B/5382942 | 10.09.2024 |
| 04 | | Hussainabad | GEM/2024/B/5383226 | 10.09.2024 |
| 05 | | Manatu | GEM/2024/B/5383388 | 10.09.2024 |
| 06 | | Sadar Medininagar | GEM/2024/B/5383496 | 10.09.2024 |
| 07 | | Mohammadganj | GEM/2024/B/5383599 | 10.09.2024 |
| 08 | | Nawa Bazar | GEM/2024/B/5383675 | 10.09.2024 |
| 09 | | Pandwa | GEM/2024/B/5383740 | 10.09.2024 |
| 10 | | Pandu | GEM/2024/B/5383806 | 10.09.2024 |
| 11 | | Panki | GEM/2024/B/5383851 | 10.09.2024 |
| 12 | | Tarhasi | GEM/2024/B/5383897 | 10.09.2024 |
| 13 | | Untari Road | GEM/2024/B/5383955 | 10.09.2024 |
| 14 | | Hussainabad (NA) | GEM/2024/B/5383978 | 10.09.2024 |
| 15 | | Bishrampur (NP) | GEM/2024/B/5384026 | 10.09.2024 |

अतएव इच्छुक निविदादाता GeM Portal से निविदा डाल सकते हैं, जिसके लिए GeM Portal में निविदादाता का निबंधन होना आवश्यक होगा। विभागीय निदेशानुसार GeM Portal से डाले गये निविदा ही मान्य होगा।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.335562 District(24-25):D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in
08

## भंडरा की आकाशी पंचायत में लगे सरकार आपके द्वार शिविर का डीसी ने किया निरीक्षण



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने भण्डरा प्रखण्ड के आकाशी पंचायत में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में शामिल होकर सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी, भण्डरा को शिविर में अधिक से अधिक आवेदन ग्रामीणों की ओर से प्राप्त करने और लाभुकों को लाभ दिये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, राज्य सरकार के दिये गये निर्देश के अनुसार शिविर संचालित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। जिला के चार पंचायतों में यह शिविर आयोजित हुआ। लोहरदगा जिला में 30 अगस्त 2024 से 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जिससे अब तक 29006 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जिनमे 7493 त्वरित रूप से निष्पादित कर दिये गये हैं। उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भण्डरा का भी निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से छात्राओं को नीट के प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु ऑनलाइन सुविधाओं की जानकारी छात्राओं से ली और ठीक से अध्ययन करने के निर्देश दिये। इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## खेल के आयोजन से समाज में आपसी सद्भाव और सौहार्द बढ़ता है: नेसार अहमद



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड के ग्राम बारीडीह में सेवन स्टार फुटबॉल क्लब द्वारा पांच दिवसीय इनामी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे जंगबाज फुटबॉल क्लब टाकू, एवं एस टी क्लब मकान्दू के बीच खिताबी मुकाबला हुआ जिसमें एस टी क्लब मकान्दू की टीम चैंपियन बनी। टूर्नामेंट के विजेता एवं उपविजेता टीमों के बीच अतिथियों के द्वारा नकद राशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नेसार अहमद ने कहा कि फुटबॉल इस क्षेत्र का काफी लोकप्रिय खेल है जिसे ग्रामीण स्तर पर लोग आयोजन कर उत्सव के रूप में मनाते हैं। यदि खिलाड़ी इसे फीफा के नियमों एवं अनुशासित ढंग से खेलेंगे और निरंतर अभ्यास करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। इस तरह के खेल के आयोजन से ग्रामीण स्तर पर सामाजिक सद्भाव और सौहार्द प्रगाढ़ होता है। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सरवर खान, सचिव विकास उरांव, संचालक शमीम अंसारी रशीद अंसारी,राजेंद्र उरांव, मुस्तफा अंसारी, असगर खान, मुस्ताक खान, अमित उरांव, छोटू खान, शाहनवाज अंसारी, जमील अंसारी, संजर अंसारी , कमरूल इस्लाम, तारीक अनवर एवं हलीम अंसारी समेत कई अतिथि शामिल हुए।

## आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना परिसर में गुरुवार को एसडीओ अमित कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई । जिसमें करमा, विश्वकर्मा पूजा कर्म पूजा तथा मिलाद उन नबी/ ईद ए मिलाद का त्योहार आपसी सौहार्द के साथ मनाने को लेकर चर्चा हुई । शांति समिति बैठक में सर्वप्रथम भंडरा प्रखंड के क्षेत्र के तेतरपोका गांव में विगत कई वर्षों से दो गुटों के बीच उत्पन्न विवाद की समीक्षा की गयी साथ ही दोनों गुट के लोगों को आपसी तालमेल व सौहार्द के साथ मिलादुन्नबी का त्यौहार मनाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही करमा महोत्सव विश्वकर्मा पूजा को लेकर चर्चा हुई। मौके पर विभिन्न गांव से पहुंचे बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने अपने विचार साझा किया। मौके पर एसडीओ अरविंद अमित कुमार ने कहा कि सभी धर्म और लंबी एक दूसरे का त्यौहार आपसी भाईचारगी के साथ मनाये। जिला प्रशासन शांतिपूर्ण रूप से त्योहार संपन्न कराने को लेकर सजग है।

# गारू बीडीओ पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

### बारेसाढ़ में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान चलाया था थप्पड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**गारू।** गारू प्रखंड के बारेसाढ़ पंचायत सचिवालय में बुधवार को आयोजित 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान गारू बीडीओ संतोष बैठा पर हमला कर दिया गया। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के बीच में बारेसाढ़ गांव निवासी दिलीप यादव ने बीडीओ से अभद्र व्यवहार करते हुए उन पर थप्पड़ चलाने की कोशिश की। हालांकि, बीडीओ के सुरक्षा गार्ड ने तत्परता दिखाते हुए दिलीप यादव को काबू में कर लिया और अन्य कर्मचारियों की मदद से उसे पकड़ लिया। घटना के बाद बीडीओ संतोष बैठा ने तत्काल इसकी सूचना बारेसाढ़ थाना प्रभारी अजीत कुमार को दी। सूचना



मिलते ही थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आरोपी दिलीप यादव को हिरासत में ले लिया। इसके बाद बीडीओ की लिखित शिकायत के आधार पर दिलीप यादव के खिलाफ बारेसाढ़ थाना में मामला दर्ज किया गया। बारेसाढ़ थाना कांड संख्या 6/24 के तहत दिलीप यादव को हिरासत में लेकर लातेहार जेल भेज दिया गया है।

## चिरी में पेड़ से झूलता मिला युवक का शव

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना क्षेत्र के पंचायत चिरी के बरवाटोली स्थित पंचायत भवन के पास गुरुवार को सुबह एक 22 वर्षीय लड़के का पेड़ में रस्सी के सहारे झूलता शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। युवक की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के सुकमार नगड़ा टाड निवासी मोजीबुल अंसारी के 23 वर्षीय पुत्र दानिश अंसारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार दानिश की शादी के लिए रिश्ता चिरी में लगा था। पेशे से ड्राइवर दानिश अपने पिकअप वाहन से ही अपने होने वाले ससुराल चिरी गया हुआ था। दुसरे दिन ही एक पेड़ पर फांसी पर जमीन से एक फिट में शव लटका मिला।

## गैस सिलेंडर चोरी करने के आरोप में दो गिरफ्तार



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत एकागुरी गैस भंडार से भरा गैस सिलेंडर चोरी की शिकायत शुभम गैस एजेंसी के संचालक सतीश जयसवाल द्वारा थाना में आवेदन देकर बताया गया कि मेरे वाहन चालक कर्मी द्वारा एकागुरी गैस गोदाम से गैस भरा हुआ 25 गैस सिलेंडर को सेन्हा स्थित शुभंभ गैस दुकान में पहुंचाना था। लेकिन मेरा कर्मी वाहन चालक एजाजुल खान द्वारा 25 गैस सिलेंडर गायब कर दिया गया। गैस एजेंसी के वाहन चालक सेन्हा निवासी स्व समसुल खान के पुत्र एजाजुल खान एव एकागुरी टंगरा टोली निवासी सतीश सोनी के पुत्र संजय सोनी उम्र 35 वर्ष को घर से गिरफ्तार किया गया है। वही थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों गिरफ्तार व्यक्तियों को न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया गया।

# शिक्षा के बिना मानव जीवन का विकास अधूरा: एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के चरीमा गांव में संचालित एस एच इंपेरियल पब्लिक स्कूल परिसर में 12 सितंबर गुरुवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। मौके पर कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां को बुके, शॉल भेंटकर तथा अन्य अतिथियों को शिक्षकों द्वारा बुके व गिफ्ट देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ने कहा



कि सपने हमेशा बड़े देखने चाहिये और उसे पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिये। जीवन मे शिक्षा का महत्व बहुत ज्यादा है, शिक्षा के बिना विकास संभव नही हैं। उन्होंने कहा कि जिनमें लगन होती है वे अभावों में भी कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त कर ही लेते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर घर के बच्चे भी अभावों का सामना करते हुए अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बदौलत जीवन मे सफलता अर्जित किये हैं। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद खान ने कहा कि आज हम लोग के क्षेत्र में इस तरह का स्कूल खुलने एक सौभाग्य की बात है और उन्होंने कहा कि आज के दिन इस लम्हा देखकर लगा कि हम लोग कहीं गांव में नहीं बड़ा सिटी में यह प्रोग्राम हो रहा है बड़े शालीनता और बड़ी आदर्श के साथ यह प्रोग्राम किया गया सभी कोई शिक्षा को ध्यान दें और शिक्षा को पूर्ण रूप से प्राप्त करें।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने कहा कि शिक्षा से एक बेहतर और विकसित समाज व गांव निर्माण संभव है। मौके पर बीस सूत्री सदस्य समीद अंसारी, ताहिर अंसारी, उसेटर अंसारी, खुर्शीद अंसारी लालू उरांव अनिल साहू शिक्षक वसीम अंसारी समेत कई उपस्थित थे।

# करम प्रकृति से जुड़ा पर्व है : रोहित उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों में करमा परब को लेकर मंत्री पुत्र रोहित उरांव के द्वारा ग्रामीणों के बीच नगाड़ा-मांदर का वितरण किया गया। मौके पर ग्रामीणों के द्वारा रोहित उरांव का स्वागत आदिवासी रितिरिवाज के साथ किया गया। इस मौके पर रोहित उरांव ने कहा कि करमा परब यह पर्व प्रकृति से जुड़ा हुआ पर्व है। इसे मनाने का मकसद प्रकृति का आदर करना,



उसका संरक्षण करना, और उसे संवर्धन करना है। इस पर्व को मनाने का मकसद भाई-बहन के प्यार को भी दिखाना है। आज हम सभी कोई इस पर्व को खुशियों के साथ धूम धाम से बनाने के उद्देश्य से मांदर-नगाड़ा आदि वाद्य-यंत्रों का वितरण किया जा रहा है।इसके साथ ही आदिवासी संस्कृति सभ्यता को आगे बढ़ाने के लिए मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा आदिवासी बहुल इलाकों में ढोल नगाड़ा के साथ अखड़ा धुमकुड़िया आदि का निर्माण किया जा रहा है। जिससे आदिवासी संस्कृति सभ्यता को संरक्षित किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, असलम अंसारी, सुनीता कश्यप, जयमंत कुजूर, प्रकाश उरांव, अजय उरांव, कृतीचंद, नितेश, विनोद उरांव, सीबू उरांव, उमेश उरांव आदि उपस्थित थे।

## महुआडांड़ में मिला केन बम, जांच में जुटी पुलिस



**महुआडांड (आजाद सिपाही)।** जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रेंगाई गांव में गुरुवार को एक केन बम बरामद हुआ है। मामले की सूचना होने के बाद पुलिस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बम निरोधक दस्ते के साथ मामले की छानबीन की। हालांकि अभी पता नहीं चल पाया है कि यह बम ही है या कुछ और है। पुलिस भी मामले में कुछ भी स्पष्ट रूप से बताने में असमर्थ है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि रेंगाई गांव निवासी जजीत खलखो के घर के पास एक केन बम पड़ा हुआ है। सूचना पाकर पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और संदिग्ध स्थल की घेराबंदी कर दी। पुलिस टीम द्वारा इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को भी दी गयी। बम निरोधक दस्ता स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन कर रही है। इस संबंध में लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। छानबीन पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इधर, गांव में केन बम मिलने की सूचना के बाद ग्रामीणों में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। पुलिस की टीम ने ग्रामीणों को घटनास्थल से हटाकर जांच शुरू कर दी है।

## कुटमू स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापिका के तबादले पर विदाई समारोह आयोजित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय, कुटमू की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सलोमी लकड़ा का स्थानांतरण होने के उपरांत स्कूल में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्मार पत्र पढ़कर हुआ। वही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति छोटे छोटे बच्चों ने की। जिसकी सराहना उपस्थित अतिथियों ने किया। विदाई कार्यक्रम प्रभारी शिक्षिका रश्मि खेस की देखरेख में संपन्न हुई। मौके पर प्रभारी शिक्षिका सलोमी लकड़ा को शॉल ओढ़ाकर व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। सलोमी लकड़ा ने अपने जीवन के सफर को बताते हुए भावुक हो गयी। कहा कि मैं मजदूर परिवार से आयी हूं इसलिए गरीब परिवार की हर परेशानी से अवगत हूं। मै समय की पाबंद और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षिका बन कर गरीब मजदूर की बच्चों को शिक्षा देकर उनका उज्जवल भविष्य बनाने के लिए शिक्षिका बनी। इस विद्यालय ने लगातार तीन वर्षों तक झारखंड मुख्यमंत्री स्वच्छता पुरस्कार प्राप्त किया है। मौके पर स्कूल की प्रभारी रश्मि खेस, मोहम्मद असलम, अजप्ता के प्रमंडलीय अध्यक्ष अजय सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक किशोर कुमार वर्मा, आर्ट शिक्षक अरविंद वर्मा, शिक्षक विजय दास, अली राजा, डॉ. बैजन्ति उरांव, उमा गाढ़ी, राजेंद्र लकड़ा, बबलू वर्मा सहित अन्य लोगों ने भी सलोमी लकड़ा के उज्जवल भविष्य के साथ दीघार्यु जीवन की कामना किया।

## भाजपा ने बूथ सशक्तीकरण को लेकर की बैठक



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव में मनिका विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों का सत्यापन और सशक्तिकरण को लेकर भाजपा की बैठक भाजपा के रायसुमारी के बाद जारी हो गया है। बरवाडीह प्रखंड के बूथ संख्या 1 व बूथ संख्या 2 में हुई। बैठक में मण्डल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह व महिला मोर्चा की नेत्री रुपाली देवी व सैकड़ो के संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता और संचालन मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने किया।बैठक में प्रखंड के कार्यकर्ताओं के साथ सभी बूथों के सत्यापन और सशक्तिकरण को लेकर चर्चा की। कहा कि चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए हर बूथ को मजबूत करना जरूरी है। भाजपा बूथ जीतने पर विश्वास करती है।राष्ट्र को विश्वगुरु बनाने के लिए भाजपा को जीतना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता ग्रामीण स्तर पर घूम-घूम कर केंद्र सरकार के उपलब्धि को बताने का काम करेंगे और मोदी सरकार की उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की संस्कृति को बचाने और भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहें हैं।

**कोल्हान की खबरें**

# ट्रक ट्रेलर ओनर एसोसिएशन ने हड़ताल पर लगायी रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर के ट्रक ट्रेलर ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष जसबीर सिंह सीरा व महासचिव मनीष कुमार ने मानगो ट्रांसपोर्ट कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। गुरुवार को उन्हने संयुक्त रूप से उन्होंने कहा जिन कंपनी से जमशेदपुर व सरायकेला जिला में अतिरिक्त मात्रा में माल ढुलाई हो रही उसे यथाशीघ्र बंद करे। इसके लिए विभिन्न कंपनी प्रबंधन के द्वारा निवेदन किया गया। उन्होंने कहा पूजा का समय के साथ रुक रुक के वारिस भी होरही है। माल भाड़े में वृद्धि की जाएगी। वही कंपनी प्रबंधन के द्वारा आश्वासन मिलने के बाद संगठन ने चक्का जाम का निर्णय को



फिलहाल स्थगित कर दी। उन्होंने कहा यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आगे चक्का जाम के लिए नोटिस जारी किया जायेगा। अध्यक्ष ने कहा जोड़ा व क्योझर यूनियन के द्वारा जो अल्टीमेटम मुख्यमंत्री को दिया गया उसमें उड़ीसा के मुख्यमंत्री ने आश्वासन दी है। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा, रणजीत सिंह, मिनहाज खान, शक्ति सिंह, आलोक सिंह, अमित, गुंजन, मनीष ओझा, विकास, चरणजीत सिंह मोनू, पिंटू सिंह, श्याम सहित अन्य मौजूद रहे।

## एलपीटी ने दस चक्का वाहन में मारी टक्कर

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले में मुख्य सड़क पर हो रही दुर्घटनाओ से जनता की परेशानी बढ़ गई है। वही वाहन चालक व यातायात पुलिस की नजर अंदाज से लगातार हो रही सड़क दुर्घटना। ताजा मामला बुधवार बीती रात आदित्यपुर मधुबन होटल के समीप ब्रेकडाउन दस चक्का वाहन में एलपीटी वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चालक केविन में ही फस गया। करीब आधे घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस व राहगीर के सहयोग से चालक को निकाला गया। चालक की स्थिति काफी नाजुक देख इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। हालांकि इसकी सूचना सड़क निमार्ता कंपनी जेआरडीसीएल को भी दी गई थी। लेकिन उनके द्वारा एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराया गया। वही टाटा कांड्रा मुख्य मार्ग पर अंधेरा होने के कारण कई वाहन सड़क दुर्घटनाएं की चपेट में आ रहे हैं।

# झारखंड आंदोलनकारियों का सबसे अधिक दमन कांग्रेस ने किया: चंपाई सोरेन

**पूर्व सीएम के साथ सांसद विद्युत वरण महतो और बाबूलाल सोरेन सहित हजारों ने दी शहीद साबुआ हांसदा को श्रद्धांजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बहरागोड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, झामुमो के पूर्व केंद्रीय महासचिव बाबूलाल सोरेन, भाजपा नेता काबू दत्ता समेत कई लोगों ने गुरुवार को केरूकोचा में शहीद साबुआ हांसदा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। धालभूमगढ़ प्रखंड क्षेत्र स्थित कोकपाड़ा के पास स्थित टोल प्लाजा के पास सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का भाजपा



के हजारों समर्थकों ने स्वागत किया। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों का दमन कांग्रेस सरकार के समय में हुआ। कोकपाडा टोल ब्रिज से विशाल बाइक रैली निकाली गयी। यह बाइक रैली एनएच 18 से होते हुए पहले धोड़शोल पहुंची और यहां पर स्थापित शहीद साबुआ हांसदा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। यहां से रैली शहीद के गांव के पास पहुंची। सांसद और चंपाई सोरेन ने स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित किये। यहां से रैली बहरागोड़ा के बांसदा चौक पहुंची। यहां पर गलवान शहीद गणेश हांसदा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। यहां से यह रैली केरूकोचा पहुंची। यहां पर सांसद, चंपाई सोरेन और बाबूलाल सोरेन ने शहीद साबुआ हांसदा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। भाजपा नेता देवी शंकर दत्ता भी पहुंचे और साबुआ हांसदा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

# कैट ने जीएसटी में सुधार किये जाने पर वित्त मंत्री का जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** देश भर में व्यापारियों की शीर्ष संस्था कैट ने जीएसटी में सुधार किए जाने पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया। जानकारी देते हुए कैट के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव सुरेश संथालिया ने कहा जीएसटी काउंसिल के ५४ वी मीटिंग में कुछ बड़े फैसले लिए जाने की संभावना को लेकर व्यापारियों को काफी दिनों से इंतजार था। उन्होंने कहा जीएसटी परिषद ने कैंसर की



दवाओं पर 12% जीएसटी को घटाकर 5% कर दिया। कैट का मानना है इससे कैंसर पीड़ित परिवारों को काफी राहत मिलेगी। श्री संथालिया ने कहा मीटिंग में नमकीन पर भी जीएसटी में कटौती की गई है। तली हुई नमकीनों पर टैक्स रेट पर समस्या को दूर किया गया। नमकीनों पर टैक्स रेट 12% कर दिया गया। इसके अलावा परिषद ने बिना तले या बिना पके स्नैक्स पर पूर्व की भांति 5% टैक्स की बात कही। इस फैसले से नमकीन उघोग के साथ आम उपभोक्ताओं को लाभ होगा। कैट के कोल्हान कर समिति के प्रमुख दिलीप गोलछा व उपप्रमुख पीयूष चौधरी ने कहा कैट विभिन्न व्यावसायिक मंचों से लगातार जीएसटी की दरों में कटौती की मांग करती रही। उन्होंने कहा सरकार ने साफ कर दिया ट्रांसपोर्टरों के मामले में यदि माल ढुलाई के साथ ट्रांसपोर्टर कोई अन्य सेवा देता है तो वैसी अतिरिक्त सेवाओं को कंपोजिट सप्लाई माना जायेगा। पूर्व में ट्रांसपोर्ट के साथ वेयर हाउसिंग, लोडिंग-अनलोडिंग व पैकिंग में विभिन्न दरों पर टैक्स लिया जाता था। इससे हमेशा विभाग एवं व्यापारियों में एक अनिश्चितता की स्थिति बनी रहती थी।

# प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजयुमो ने की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** आगामी 15 सितंबर को लौहनगरी जमशेदपुर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन होना है। उस दौरान प्रस्तावित रोड शो और बिष्टुपुर गोपाल मैदान में विशाल जनसभा को सफल बनाने के लिए भाजपा ने विभिन्न स्तरों पर तैयारी कर रही है। गुरुवार को साकची जिला भाजपा कार्यालय में युवा मोर्चा के अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शहर आगमन पर युवा मोर्चा के जिम्मेदारियों व कार्यों पर व्यापक चर्चा की गयी। मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी के स्वागत में उनके आगमन-प्रस्थान व रोड शो के मार्ग एवं चौक-चौराहों पर पार्टी के झंडे, बैनर-पोस्टर सहित अन्य प्रचार सामग्रियों से सजाने को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। मौके पर ही कार्यकर्ताओं को साज-सज्जा के निमित्त जिम्मेदारियां सौपा गया। वहीं युवा मोर्चा द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक युवाओं को जनसभा से जोड़ने के लिए चर्चा की गयी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष नीतीश कुशवाहा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जमशेदपुर आना पूरे शहरवासियों के लिए गर्व का क्षण है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर शहर के युवाओं में गजब से उत्साह है।युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ तैयारियों में जुटे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अभिमन्यु सिंह चौहान व धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव ने किया। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष नीतीश कुशवाहा, जिला महामंत्री अभिमन्यु सिंह चौहान, सुमित श्रीवास्तव, शशांक शेखर, नारायण महतो, विकास सिंह, प्रकाश दुबे, राकेश चौबे, गणेश सरदार, सन्नी संघी, राकेश कुमार, अविनाश मोहंती सहित युवा मोर्चा के कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बच्चे का शव भेजने के लिए रांची का अस्पताल मांग रहा चार हजार

## बेबस मां लगा रही गुहार, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक ने दिया भरोसा

सुधाकर कुमार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** ढाई साल के एक बच्चे की रांची के एक अस्पताल में मौत हो गयी। उसके शव को घर भेजने के लिए अस्पताल ने चार हजार रुपये मांगे। बेबस मां पैसे का जुगाड़ करने में लगी रही। वह गुमला डीसी के पास पहुंची, लेकिन वहां डीसी नहीं मिले। तब वह सिविल जज के पास गयी और उन्हें पूरी बात बतायी। जज ने तत्काल सदर अस्पताल के उपाधीक्षक अनुपम किशोर से फोन पर बातचीत की और यथासंभव मदद करने को कहा। उपाधीक्षक ने महिला को मदद का भरोसा दिलाया है।

रश्मि लकड़ा नामक यह महिला डुमरी प्रखंड के कोठी गांव की है। उसका बेटा तीन महीने से बीमार था। उसका इलाज पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी में हुआ। वहां से उसे रांची के एक अस्पताल में भेजा गया। बच्चे को भर्ती करा कर महिला गांव लौट गयी, जबकि अस्पताल में महिला का भाई रह गया। तीन महीने तक बच्चे का इलाज चला। बुधवार को उसकी मौत हो गयी। यह जानकारी महिला को उसके भाई ने दी और कहा कि वह शव ले जाने में असमर्थ है, क्योंकि अस्पताल वाले चार हजार रुपये मांग रहे हैं। महिला के अनुसार, अपने बच्चे के इलाज के लिए उसने अपनी पुश्तैनी जमीन भी डेढ़ लाख रुपये में बेच दी है। महिला का पति जमशेदपुर में रेल पटरी ठीक करता था। करीब ढाई वर्ष पूर्व एक सड़क हादसे में उसकी मौत हो गयी। उस वक्त महिला गर्भवती थी। उस समय भी गरीबी के कारण उसका शव गांव नहीं लाया जा सका और उसका प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार कर दिया गया।



सदर अस्पताल, गुमला के उपाधीक्षक डॉ. अनुपम किशोर को अपनी व्यथा सुनाती मृत बच्चे की मां रश्मि लकड़ा।

महिला की पूरी बात सुनकर उपाधीक्षक अनुपम किशोर भावुक हो गये। उन्होंने कहा कि बच्चे के शव को लाने के लिए यहां से मुफ्त में एंबुलेंस की व्यवस्था कर दी जा रही है। लेकिन तब समस्या यह हुई कि महिला को रांची के अस्पताल के बारे में कोई जानकारी नहीं है और न अपने भाई का पता ही मालूम है। उपाधीक्षक ने रांची के कई अस्पतालों से संपर्क किया, लेकिन बच्चे की मौत के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। अंततः उपाधीक्षक ने उसे अस्पताल या अपने भाई का पता या फोन नंबर लाने को कहा और उसे एक सौ रुपये देकर डुमरी भेज दिया।

# चैतु उरांव ने घाघरा प्रखंड के ग्रामीणों से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुरुवार को गुमला कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव घाघरा प्रखंड का भ्रमण कर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ मुलाकात किया। ग्राम तुंजो के ग्रामीणों द्वारा बुलावे पर जिला अध्यक्ष पहुंचे बरांग, सेमरटोली, तुंजो, रन्हें और बनसरी के ग्रामीणों द्वारा अनेकों समस्या रखें। मुख्य रूप से रोड और सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था के लिए कहा गया। मौके पर चैतु उरांव ने कहा आप सभी को पता है कि झारखंड में कभी भी आचार संहिता लग सकती है विधानसभा चुनाव होना है। जोश और उत्साह के साथ सभी को विधानसभा चुनाव में काम करने की आवश्यकता है। आप सभी पदाधिकारी बुथ एवं पंचायत पर जाये। बूथ एवं पंचायत के एक एक कार्यकर्ता ग्रामीण से मिले उसके सुख-दुख जाने। तभी हम और भी मजबूत हो पायेंगे। गुमला जिला के तीनों महागठबंधन का विधायक बने उस दिशा पर हम सभी को काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारी जहां भी आवश्यकता होगी हर वक्त आप के साथ खड़ा रहुंगा और रही आप लोग की समस्या का मैं आने के वक्त ही देख लिया था। आप लोगों को रोड के लिए बहुत ही दिक्कत का सामना करना पड़ता है मैं जल्द प्रशासन को इस बात से अवगत कराऊंगा और आपका समस्या का निदान किया जायेगा। बैठक में पवन केवट, संजय गोप, करमचंद उरांव, महेश उरांव, तरुण गोप, देव साहू, लालू कल्लू, धनी उरांव, घुड़ा उरांव, प्रदीप उरांव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

# हथियार के दम पर बाइक लूटकर युवकों ने महिला से की बदसलूकी

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के मसरिया डैम के पास से एक मोटरसाइकिल में सवार चार अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने रांची निवासी अखिल महतो से उसका केटीएम मोटरसाइकिल लूटकर फरार हो गये। साथ ही अपराधियों ने अखिल और उसके महिला मित्र से मोबाइल भी छीन लिया। घटना के संबंध में अखिल के दोस्तों ने बताया कि अखिल अपने महिला मित्र के साथ तीन अलग-अलग मोटरसाइकिल से घूमने के लिए मसरिया डैम गये हुए थे। जहां पर वोटिंग भी हो रहा था। काफी लोग थे अचानक ही एक अपाची मोटरसाइकिल में चार लोग आए और उसमें से तीन लोगों ने हथियार निकाल और निखिल को मारपीट करने लगे इस दरमियान निखिल के महिला मित्र के साथ भी अपराधियों ने बदसालूकी किया। जिसके बाद चारों अपराधी ने अखिल का मोटरसाइकिल केटीएम और दोनों से मोबाइल लूटकर घाघरा की तरफ भाग गये। पूरे वारदात का वीडियो भी दूसरे पर्यटकों ने बनाया जिसमें लुटेरों का मोटरसाइकिल नंबर भी आ गया उसी के आधार पर घाघरा थाना में पूरे मामले को लेकर शिकायत भी दर्ज कर दिया गया है। इधर घटना के बाद थाना प्रभारी तरुण कुमार मोटरसाइकिल की बारामदी के लिए छापेमारी के लिए पुलिस टीम के साथ रवाना हो गये हैं। मसरिया स्कूल इलाके में अपराधी शाम होते ही बेलगाम घूमते रहते हैं। आज तक इलाके से अपराधियों का सफाई के लिए कोई विशेष करवाई पुलिस के द्वारा नहीं किए जाने से अपराधियों का हौसला काफी बुलंद है।

## बसिया में करम पूर्व संध्या का आयोजन

# एकता और प्रेम का संदेश देता है करमा: जिग्गा सुसारण होरो

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** सरना मैदान बसिया में गुरुवार को करम पूर्व संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सिसई विधायक जिग्गा सुसारण होरो उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रखंड के 175 खोड़हा दल के सदस्य मांदर नगाड़ा ढोल और घंट के साथ उपस्थित होकर नृत्य प्रस्तुत किया। जिसमें विधायक जिग्गा सुसारण होरो ने भी खोड़हा दल के सदस्यों के साथ मांदर बजाकर नृत्य किया। साथ ही करमा गीत भी गये।

मौके पर उन्होंने कहा कि करमा पर्व भाई बहन का पर्व है जिसे हम सबको मिल जुलकर मनाना है। यह पर्व प्रकृति से जुड़ा पर्व है। जो सबको एकता और प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का धर्म सांस्कृतिक और परंपरा विलुप्त होती जा रही है। जो आदिवासी समाज के लिए घातक है। आज हम सब को अपने धर्म संस्कृति परंपरा को बचाने की आवश्यकता है।



कर्मा पर्व आदिवासी एकता को दशार्ता है। आज पूरा प्रखंड एक जगह जमा होकर 175 खोड़हा दल के सदस्यों ने नृत्य प्रस्तुत किया जो आदिवासी एकता को दशार्ता है। ऐसा ही एकता से हम समाज को बचा सकते है उन्होंने कहा कि हम हर दुख सुख में आपके साथ है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज शिक्षा के क्षेत्र में काफी पीछे है। हर मां बाप का कर्तव्य है कि हम अपने बच्चो को अच्छी शिक्षा दे तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा। मौके पर उन्होंने 175 खोड़हा दल के सदस्यों को डेग का वितरण किया। सिसई में हुई पत्थर वाजी की घटना के बाद कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद थी।

एसडीपीओ नाजिर अख्तर, थाना प्रभारी सुनील रबी दास सुरक्षा की देख रेख कर रहे थे। मौके पर अभिषेक लकड़ा, सुकरात उरांव, पीसी बड़ाईक अमित तिवारी, जयंत दास, ललित उरांव जसिंता बारला, अलीम खान अमित बघवार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### कामडारा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत टुरुंडू पंचायत सचिवालय पर गुरुवार को आयोजित 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, बसिया एसडीओ देवंती देवगम, उप्रमुख शकुंतला देवी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित की। आयोजित इस शिविर मे उपायुक्त गुमला ने लोगों की समस्या सुना और समस्याओं का निराकरण भी किया। वहीं आयोजित इस शिविर में उपायुक्त महोदय ने लोगो को सरकार के द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी देते हुये लाभ उठाने का अपील किया। वहीं शिविर में आयोजित मुंहजुठी व गोदभराई का रस्म भी उपायुक्त गुमला के हाथों से करायी गयी। इसके अलावे अन्य लाभूकों को शिविर में किशोरी समृद्धि योजना प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था प्रमाण पत्र वगैरह दी गयी। इस कार्यक्रम के पहले गुमला के उपायुक्त व एसडीओ का स्वागत पारंपरिक तरीके से की गयी। इस दौरान बीडीओ निशा तिर्की, सीओ सुप्रिया एक्का, मुखिया विनिता तोपनो के अलावे संबंधित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के प्रति जागरूकता के लिए जारी में नुक्कड़ नाटक



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय गुमला के तत्वाधान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के प्रचार प्रसार हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम सभी प्रखंड के पंचायतों में किया जा रहा है। इसका लाभ लेने से कोई भी ग्रामीण ना छूटे और सरकार द्वारा दी जा रही योजना का लाभ लें। सरकार आपके घर द्वार पहुंचकर आपकी समस्याओं को सुन रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। नुक्कड़ नाटक आयोजित कर कर्मियों ने बताया जो भी व्यक्ति अभी तक योजना का लाभ नहीं ले पाये हैं। वे जारी प्रखंड के जरडा पंचायत में 24 सितंबर तक लगने वाले शिविर में जाकर फॉर्म भर सकते हैं और सरकार द्वारा दी जा रही योजना का लाभ ले सकते हैं।

### रमेश कुमार चीनी होंगे चेंबर के दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष

**गुमला (आजाद सिपाही)।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का चुनाव 22 सितंबर को होना है। इस चुनाव के साथ साथ छः जॉन का भी चुनाव होना है। जिसमे साउथ जॉन में गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा और खूंटी आता है। इस जॉन के चुनाव प्रत्यासी के रूप मे गुमला से गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने 10 सितंबर को फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के मुख्य चुनाव पधाधिकारी ललित केडिया, अंचल किंगर, एफजेसीसीआइ के अध्यक्ष किशोर मंत्री के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा, छेत्रीय उपाध्यक्ष अमित महेश्वरी, पूर्व अध्यक्ष हिमांसु केशरी, आशीष अग्रवाल, उपस्थित थे। ज्ञात हो की रमेश कुमार चीनी के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद इस जोन के लिए किसी ने नामांकन नही भरा। 10 सितंबर को नामांकन करने की अन्तिम तिथि थी। इसलिए रमेश कुमार का निर्विरोध उपाध्यक्ष बनना तय है। 22 सितम्बर को एफजेसीसीआइ के चुनाव के बाद विजय प्रत्याशी रमेश कुमार को निर्विरोध विजयी घोषित कर दीया जायेगा।

# छात्रों को बाल विवाह निषेध कानून पर जागरूक करने की आवश्यकता : सुमित नंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** जिला शिक्षा परियोजना कार्यालय, गुमला एवं सेंटर फॉर केटलाइजिंग चेंज के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत वैसे सभी विद्यालय जहां कक्षा 6 या उससे उपर की पढ़ाई होती है आरोग्यदूतों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं समीक्षा बैठक का आयोजन प्रखंड सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जिला रिसोर्स ग्रुप के सुमित नंद एवं रोहिणी प्रसाद ने जेसीइआरटी द्वारा कार्यक्रम के सुचारु संचालन हेतु निर्गत निर्देश पत्र मे दिये गये निर्देशो को विस्तार से बताया। इस बैठक में

विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के क्रियान्वयन, रिपोटिंग, कार्यक्रम के संचालन में आरोग्य दूतों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गयी। विद्यालयों में प्रश्न पेटी की



स्थापना एवं उसके उपयोग हेतु छात्रों को प्रोत्साहित करने, सप्ताह में दो दिन निर्देशित 16 थीम पर सत्रों का संचालन, प्रत्येक मंगलवार को हेल्थ एंड वेलनेस डे का आयोजन, विद्यालय में छात्रों का प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच करवाना, आदि पर सत्र संचालित किया गया। सेंटर फॉर केटलाइजिंग चेंज के प्रतिनिधि ने किशोर-किशोरियों के महत्वपूर्ण मुद्दे यथा कम उम्र में विवाह, मानव तस्करी, कुपोषण एवं अनेमिया, मानसिक स्वास्थ्य, आदि पर छात्रों को जागरूक करने के महत्व पर जोर दिया। समीक्षा के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति एवं शिक्षक अभिभावक बैठकों में बाल विवाह के दुष्परिणाम पर चर्चा करने की बात की गयी। विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक सप्ताह संचालित सत्रों एवं गतिविधियों का माह के अंत में गूगल फॉर्म में ससमय रिपोटिंग हो इस पर विशेष बल दिया गया जिस से कार्यक्रम की उपलब्धि जिले एवं राज्य स्तर पर प्रदर्शित हो।

# उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी गयी है : सूरज दास

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बिजली विभाग के कनीय अभियंता सह प्रभारी एसडीओ सूरज दास ने जानकारी देते हुए बताया की झारखंड सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी गयी है। जिनका भी 200 यूनिट से नीचे बिजली बिल है सभी माफ किया जा रहा है। इस संदर्भ में कोई भी अगर उपभोक्ता से बिजली माफी के एवज में पैसा की मांग कोई करता है। वैसे व्यक्ति के ऊपर कारवाई की जा सके। इसके साथ ही जो भी अवैध रूप से बिजली जला रहे हैं। वह कनेक्शन ले ले। अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## बैठक आज होगी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को संध्या 7 बजे दुर्गा मंदिर प्रांगण में श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की आवश्यक बैठक आयोजित की गयी है। श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति के सचिव ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्यगण से बैठक में समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला शहर से सटे पुग्गू पंचायत के बेहरा टोली गांव निवासी 20 वर्षीय महेश तिर्की पिता चरवा उरांव और 25 वर्षीय नवीन तिग्गा पिता फकीरा तिग्गा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। वही बाइक में बैठी रायडीह प्रखंड क्षेत्र के परसा पंचायत के रघुनाथपुर निवासी 30 वर्षीय तरसारण टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना मिलते हैं गुमला थाना के एसआइ बबीता कुमारी घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल भेजवाया।

जानकारी के मुताबिक तरसारण का महेश तिर्की के साथ प्रेम प्रसंग है जबकि महेश शादीशुदा है और उसका दो बच्चा भी है महिला भी शादीशुदा है और उसके चार बच्चे हैं। गुरुवार की सुबह नवीन महिला को फोन कर महेश से मिलने बुलाया महिला गुमला आयी जिसके बाद तीनों एक बाइक में सवार



मृतक की फाइल फोटो।

होकर बरिसा टोंगरी की तरफ घूमने गये। महिला ने बताया दोनों युवक शराब के नशे में धूत थे। बाइक नवीन चल रहा था बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। वहीं बरिसा टोंगरी के समीप बाइक एक पत्थर से टकराया और हम लोग चट्टान नुमा पत्थर में गिर गये। वहीं गिरने से घटनास्थल पर ही दोनों युवक की मौत हो गयी। जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। जानकारी पर परिजन दोनों मृतक के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और बिलख बिलख कर रोने लगे। फिलहाल शव को सदर अस्पताल के शव गृह में रखा गया है।

# बॉक्साइट लदा ट्रक जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने गुरुवार को एक बगैर वैध बॉक्साइट लदे ट्रक को जब्त कर थाना में रखा है। इस संबंध में सीओ से पूछने पर उन्होंने बताया कि लगातार क्षेत्र से बगैर वैध चालान के बॉक्साइट का धुलाई हो रहा है, जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी। ट्रक ड्राइवर के द्वारा एक चालान दिया गया है जो ज्ञानचंद अग्रवाल के नाम का है। चलान में लगभग 11.9 मेट्रिक टन अंकित है पर प्रथम दृश्य देखने से लगभग 14 मेट्रिक टन लग रहा है। चलान में अंकित समय भी गलत है। आने वाले समय में लगातार बगैर वैध कार्यों पर अंकुश लगाने





के लिए इस तरह का अभियान चलाया जायेगा। यहां बता दे की इस क्षेत्र से चलने वाले आधा से अधिक बॉक्साइट ट्रक बगैर वैध रूप से चलते हैं, यदि गंभीरता से जांच किया जाए तो किसी भी ट्रक का कागजात दुरुस्त नहीं पाया जायेगा।

# टेंगारिया में 50 दिवसीय लोक वाद्य कार्यशाला शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, गुमला, झारखंड एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान कौशल उन्नयन योजना के तहत अनुसूचति जातियों के लाभुकों के पारंपरिक वाद्ययंत्र के कौशल विकास हेतु 50 दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन ग्राम टेंगरिया, प्रखंड पालकोट, गुमला में किया गया। कौशल उन्नयन योजना के तहत अनुसूचित जातियों के लाभुकों के पारंपरिक वाद्ययंत्र के कौशल विकास हेतु 50 दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र



गुमला, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पालकोट, जिला उद्यमी समन्वयक, गुमला, मुखिया, प्रखंड उद्यमी समन्वयक, पालकोट सचिव, भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलन कर किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि इस 50 दिवसीय लोकवाद्य यंत्र निर्माण प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अनुसूचति जातियों के लाभुकों पारम्परिक वाद्ययंत्र के कौशल विकास कर क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाना, आय सृजन करना एवं समुदाय को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है ताकि क्षेत्र से प्रवास को रोका जा सके। इसके अलावा पारम्परिक वाद्ययंत्र के प्रशिक्षण के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर लोगों को आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक रूप से पूर्णरूपेण सशक्त बनाना है। कार्यशाला में सर्किल पोस्ट ऑफिस पोस्ट पेमेंट कार्यकारिणी उपस्थित थे, जिन्होंने कारीगरों को बताया कि पूरे जिले में कारीगरों का पोस्ट पेमेंट के माध्यम से डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने हेतु उनका अकाउंट खोला जा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी पालकोट पारंपरिक धरोहरों को संरक्षित और विकसित करने की बात कही , कार्यशाला मिल का पत्थर साबित होगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को पारंपरिक वाद्ययंत्र संबंधी टूलकीट, स्टेशनरी तथा बैग उपलब्ध कराया गया।

# समय पर जागरूक नहीं हुए तो मिट जायेगा अस्तित्व: डॉ कौशल



डाली में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आये पदाधिकारियों को थाईलैंड के आम पौधा देकर किया विदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार ग्राम पंचायत अंतर्गथ कौशल नगर में नेशनल मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क सह जैविक उद्यान में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए पदाधिकारी को थाईलैंड के आम का पौधा देकर उन्हें विदा किया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगाकर किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मत्रों की शपथ भी दिलाई। कहा कि बढ़ते प्रदूषण व भीषण गर्मी व जल संकट को नहीं रोका गया तो एक दिन लोग डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएंगे। इससे बचने के लिए दुनिया के सभी लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपनाना होगा। कौशल नगर बाजार प्रांगण में ट्री मैन डॉ कौशल, बीडीओ आशीष कुमार,नोडल पदाधिकारी संजय प्रसाद, छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, प्रखंड के बड़ेबाबू नवाब खान, सीडीपीओ शीला, बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख संतोष यादव, डाली की मुखिया पूनम जायसवाल, चराई के मुखिया रविंद्र राम, सुपरवाइजर मनीषा कुमारी, उप मुखिया नगीना खातून और पंसस शहाबुद्दीन अंसारी ने संयुक्त रूप से स्कूली बच्चों को पुस्तक और साइकिल वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान लगाये गये सभी स्टॉल से करीब 1267 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाली की मुखिया पूनम जायसवाल और संचालन छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने किया। सभी पदाधिकारियों को पर्यावरणविद डॉ कौशल, पार्षद अमित व मुखिया पूनम जायसवाल ने शॉल ओढ़ाकर व थाईलैंड जाति के बारहमासी आम का पौधा देकर सम्मानित किया। मौके पर सीआई हरि कुमार, आकाश, पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, सुचित कुमार जायसवाल, अल्पना जायसवाल, विनोद राम, शमीम अंसारी, शिवनाथ राम, बाबूराम, विनोद यादव, नंदू विश्वकर्मा, धर्मदेव यादव, श्रवण जायसवाल, रामाअशीष राम आदि शामिल थे।

## विधायक ने किया हुसैनाबाद की चार महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

# हुसैनाबाद का समुचित विकास करना ही लक्ष्य : कमलेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड क्षेत्र की चार महत्वपूर्ण सड़कों देवरी मुख्य पथ से ग्राम कुसुआ, छतरपुर मुख्य पथ से बसडीहा व कचरा मुख्य मुख पथ का शिलान्यास गुरुवार को हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज की सभी सड़कों का निर्माण उन्होंने 2005 के कार्यकाल में कराया था। उन सड़कों पर किसी जन प्रतिनिधि ने मरम्मत तक नहीं करवाया। पुनः उन सड़कों का इस कार्यकाल में जीर्णोद्धार उन्होंने ही किया। यह जनता देख रही है। जिन कथित



सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक कमलेश सिंह।

नेताओं को विकास नहीं दिख रहा है, उन्हें जनता दिखा देगी। विधायक ने कहा कि उन्होंने हुसैनाबाद हरिहरगंज की एक-एक समस्या, सड़क, स्वास्थ्य, बिजली और शिक्षा के साथ ही कई उल्लेखनीय कार्य किया है, जिसे गिनने में पूरा दिन लग जायेगा। उन्होंने कहा कि वह जात धर्म संप्रदाय की राजनीति में विश्वाश नहीं रखते हैं। सिर्फ क्षेत्र के विकास की राजनीति करते हैं। कहा कि विधानसभा क्षेत्र के 95 प्रतिशत समस्या का समाधान उन्होंने कर दिया है। आगे भी कार्य जारी रहेगा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, अभिषेक सिंह उर्फ हरी, सतेंद्र सिंह, ओम प्रकाश राजवंशी, बबिता सिंह, पप्पू सिंह गोरख पासवान, गुड्डू पाल, शिवलाल राम, रजनीश सिंह, विमलेश सिंह, विजय राजवंशी, राजू सिंह, हंसराज सिंह, सतेंद्र सिंह, रतन लाल, रजनीश मिश्रा, अपू सिंह, अजय सिंह, उपेंद्र राजवंशी आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना शिक्षकों का कर्तव्य: कौलेश्वर दास



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शिक्षा पदाधिकारी कौलेश्वर दास ने गुरुवार को मध्य विद्यालय परिसर में अपने कार्यालय कक्ष का उद्घाटन किया। हुसैनाबाद पहुंचने पर अजाप्टा अध्यक्ष जुबैर अंसारी व सचिव निर्मल कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान अजाप्टा के पदाधिकारियों ने हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के 125 शिक्षकों का वार्षिक वेतन वृद्धि और सेवा सत्यापन कराया। इस अवसर पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना आप सब शिक्षकों का परम कर्तव्य है।इसके लिए सदैव मेरा साथ मिलेगा। कार्यालय सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक खुला रहेगा। अजाप्टा पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से निजात दिलाने के लिए हम सब कटिवद्ध है। मौके पर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, डीडीओ सुनील कुमार, राजेश गुप्ता, अफरोज आलम, जितेंद्र राम और नुरूद्दीन आदि मौजूद थे।

# संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में हिंदी दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बीमोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में गुरुवार को हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय सभागार में एक विचार गोष्ठी आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य संतोष मिश्रा व रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के प्रो राकेश कुमार शुक्ला ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य संतोष मिश्रा ने कहा कि आज मॉडर्न दिखने-दिखाने के चक्कर में लोग विश्व की सबसे महान भाषा हिंदी को भूलते जा रहे हैं। हिंदी भाषा को सही तरीके से समझने की जरूरत है। अपनी मातृभाषा हिन्दी को दैनिक बोलचाल की भाषा में ज्यादा प्रयोग करें। वहीं, थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि हम सब हिंदी भाषी होने पर गर्वानवित हैं। पूरे गर्व के साथ हम सब को हिंदी भाषा का प्रयोग करना चाहिए। हिंदी भाषा देश की एकता का सूत्र भी है। उन्होंने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को नए कानून के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने साइबर क्राइम से बचाव के तरीके भी बताए। हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ श्याम मिश्रा ने भी हिंदी भाषा पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर प्रो रंजन दुबे, कृष्ण कुमार चौबे, शबनम निशा, अस्मिता पांडेय, संतोष शुक्ला, ज्योति कुमारी, आशा कुमारी, संगीता कुमारी, अजय ओझा, टी पी तिवारी, परीक्षा नियंत्रक शशि रंजन सिंह, अमीना खातून, अमित कुमार, मधु ओझा, अर्चना कुमारी, देव प्रकाश पांडेय, सुनील कुमार, जितेंद्र पाठक, सुधीर कुमार यादव, रामेश्वर राम, गुंजन पासवान, अनुज कुमार, नरेंद्र मिश्रा, संगीता कुमारी, किरण कुमारी, पुष्पा कुमारी, रानी कुमारी, प्रीति कुमारी आदि मौजूद थीं।

# पहाड़ी मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे के विरोध में अंचल कार्यालय पर प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** अंचल क्षेत्र के अररूआ खुर्द पहाड़ी मंदिर स्थित गैरमजरुआ खास भूमि का अवैध रूप से कब्जा करने के विरोध में गुरुवार को सैकड़ो ग्रामीणों ने हरिहरगंज अंचल कार्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन रते हुए गैरमजरुआ खास भूमि को कब्जे से मुक्त कराने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि खाता संख्या 261, प्लॉट 509, 510, 511, 668, 669 और 814 गैरमजरुआ खास भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर बिक्री की जा रही है। जबकि यह जमीन पहाड़ी मंदिर



(मणि पर्वत) के अधीन है। सार्वजनिक जमीन को किसी भी हाल में कब्जा नहीं होने देंगे। ग्रामीणों ने बताया कि इसे लेकर पिछले आठ अगस्त को अंचल अधिकारी से कब्जा मुक्त कराने की मांग की गई थी, पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इस संबंध में अंचल निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर जमीन की जांच पड़ताल की जा चुकी है। उक्त सभी प्लॉट के जमीन गैरमजरुआ खास है। इस दौरान प्रदर्शन करने वालों में काजू कुमार चौधरी, धर्मराज, संतोष, मंतोष, अनिल चौधरी अनिल, कृष्णा, पुकार चौधरी, रिंकू चौधरी, मंगल पासी, मदन, रंजय चौधरी, लखन पासवान, पप्पू चौधरी, सत्येंद्र पासवान, मनीष, रविंद्र पासवान, उपेंद्र, सोल्जर, भोला पासवान, जनेश्वर चौधरी, डोमनी कुंवर, लाखो देवी, कमला देवी,रीना देवी, मालती देवी, शकुंतला देवी, मौसमी देवी, ललिता देवी, प्रभा देवी, मीरा देवी, रिंकू देवी, देवंती देवी, मुंगी देवी, पार्वती देवी, फूल कुमारी देवी, रीना देवी, सुनीता देवी, तेतरी देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, दलपतिया देवी, देवपति देवी आदि शामिल थे।

# मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर महिलाओं ने भी शुरू किया आंदेलन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समाज जेएसएलपीएस के तहत 1500 रुपए मानदेय पर कई वर्षो से काम कर रही महिलाओं ने भी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है। इसे लेकर गुरुवार को कौआखोह बालकिशोर सिंह इंटर कॉलेज परिसर में हरिहरगंज और पिपरा प्रखंड क्षेत्र के महिला कैडर संघ की बैठक हुई। जिसमें एडब्लू, एफएल सीआरपी, सेतु दीदी, बीडीएसपी और जीआरपी पद पर कार्यरत महिलाओं ने 15 हजार रुपए मानदेय की मांग की है। जबकि वीओए आठ हजार, सीएलएफ पदाधिकारी छह हजार, एकेएम, एपीएस तीन हजार, समूह के बीके का दो हजार रुपए साथ ही सभी पदों पर कार्यरत महिलाओं का मातृत्व अवकाश और समय पर मानदेय देने की मांग की है। इस दौरान हरिहरगंज संघ की अध्यक्ष गूंजा देवी, सचिव गीता देवी, कोषाध्यक्ष नीलम देवी, उपाध्यक्ष अंजू देवी व सदस्यों में ममता, रेखा, गुड़िया, ललिता, सुनीता, सुनैना, गीता, नीरा, पार्वती, सिंधु, रंजू, चांदनी, पूजा, संगीता, प्रिया, सुमन, निर्मला देवी सहित हरिहरगंज और पिपरा प्रखंड की महिलाएं शामिल थीं।

# स्क्रीनिंग कमेटी के पदाधिकारियों से मिले कांग्रेसी नेता, विश्रामपुर विस चुनाव को लेकर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला गुरुवार को मेदिनीनगर में आयोजित पार्टी के स्क्रीनिग कमेटी की बैठक में शामिल हुए। इके बाद स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोडंकर, सदस्य प्रकाश जोशी और पूनम पासवान से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कमेटी पदाधिकारियों के साथ विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के चुनावी रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कमेटी के तीनों पदाधिकारियों को विश्रामपुर के वर्तमान राजनीतिक हालात की



जानकारी दी। स्क्रीनिग कमेटी के सदस्यों को अमृत शुक्ला और उनके समर्थकों ने आश्वस्त किया कि पार्टी मौका दे तो विश्रामपूर विधानसभा चुनाव जीत कर वो प्रदेश में कांग्रेस के हाथ को मजबूत करेंगे। स्क्रीनिंग कमेटी के पदाधिकारियों ने अमृत शुक्ला को विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने को कहा। इस मौके पर विश्रामपुर विस क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ओम प्रकाश पांडेय अध्यक्ष मनोनित

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** अंजू-अभिमन्यु टीम के विश्रामपुर प्रखंड कमेटी का गठन गुरुवार को हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व पंसस ओम प्रकाश उर्फ गुड्डू पांडेय को प्रखंड अध्यक्ष मनोनित किया गया। वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने उन्हें एक सादे समारोह में मनोनय पत्र सौंपा। अभिमन्यु सिंह ने कहा कि विश्रामपुर प्रखंड में अब टीम और मजूबत होकर उभरेगी। वहीं, गुड्डू पांडेय ने कहा कि जो जिम्मेवारी मिली है, उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। मौके मीडिया प्रभारी राहुल दुबे सहित कई लोग थे।

# उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम में बीपीओ सम्मानित

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड संसाधन केंद्र पीपरा में गुरुवार को उपस्थिति बढ़ाव कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से बीपीओ मनोज तिवारी को सम्मानित किया गया। इससे पहले गुरुगोष्ठी में बीपीओ ने विद्यालय में शिक्षकों की 85 प्रतिशत उपस्थिति नहीं होने पर विभागीय कार्रवाई करने की शख्त हिदायत दी। इस दौरान विद्यालय स्तर पर यू डायस, समेकन, ट्रांजेक्शन, बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति, रेल प्रोजेक्ट एवं प्रयास कार्यक्रम, स्वच्छता पखवाड़ा में पेड़ लगाने, विद्यालय में अभिभावकों की बैठक, 50 वर्ष से ऊपर रसोइया का पेंशन, इक्को क्लब एवं बाल सांसद का गठन करने और खेलो झारखंड एवं आयरन की गोली सहित सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही जागरूकता के उद्देश्य से स्कूली बच्चों की टोली बनाकर ग्राम भ्रमण करने का सभी प्रधानाध्यापकों का निर्देश दिया गया।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
District Planning OfficeLatehar, 829206
Website: www.latehar.nic.in

2nd Call
Fact Sheet:

| S.no | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | "Request for Proposal (RFP)Supply of 15 Numbers of Drones along with accessories on Turn Key basis in office of District Planning Office Latehar District." **Note:Quantity of drones may vary as per the requirement.** |
| 2 | Date of Issue of RFP | 12-09-2024 |
| 3 | Last Date for submission of Proposal | 24-09-2024 (Till-01:00 PM) |
| 4 | Date of opening of Technical Proposal | 25-09-2024(At-11:00 AM) (Sample demonstration will be done physically on same day) |
| 5 | Date of opening of Financial Proposal | 25-09-2024(At- 3:00 PM) |
| 6 | Time allowed for work Completion | 02 Months |
| 7 | Earnest money deposit EMD) (Refundable) & Bid Processing Fee (Non-refundable) | EMD – Rs.5,00,000/- (Five Lakh Rupees Only/-) Refundable & Tender Fees Rs 2000/- (Two Thousand Rupees Only/-) (Non-Refundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar.**EMD and tender Fee submission is exempted for MSME of Jharkhand.MSME registration certificate with DIC approval certificate in same manufacturing trade is must require for bidder. If bidder is not a MSME in same trade will not get the Exemption benefit.** |
| 8 | Address at which the tenders (Hard Copies) are to be submitted: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 9 | Place of opening tenders: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 10 | Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |
| 11 | Method of Selection | •After qualifying in technical bid financial bid will be opened and L-1 will be awarded. •L-1 Rates or the rates approved by Tender Committee/District Administration will be considered as the final rate of the project. •Tender Committee retains right to negotiate rates with L-1 Bidder. |
| 12 | Date of opening of Financial Bid (Envelope-2) | The Financial bid for the tender shall be opened on 25th September 2024 at 03:00 PM at the address as under: The District Planning Office, District Collectorate Office Distt: Latehar, Jharkhand-829206 |

PR 335617 Planning and Development (24-25)_D

**District Planning Officer, Latehar**


# छतरपुर-पाटन विस से विधायक उम्मीदवार की रेस में संदीप सरकार सबसे आगे : सुधीर

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू युवा एकता मंच के संरक्षक सुधीर तिवारी ने गुरुवार को बयान जारी कर बताया कि छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र से स्थानीय उम्मीदवार संदीप सरकार योग्यता और कर्तव्य से सबसे आगे हैं। विगत दो सालो से छतरपुर-पाटन विधानसभा के हर गांव और घर-घर तक जाकर पहली बार स्थानीय उम्मीदवार बनाने की मांग कर रहे थे। अब इनकी बातों को जनता अपना पूरा समर्थन देने को तैयार है। अबकी बार स्थानीय उम्मीदवार, संदीप सरकार का नारा लगाया जा रहा है। छतरपुर पाटन में पहली बार स्थानीय विधायक बनने का लोग सपना संजोने लगे हैं। पर यह बातें कुछ वैसे लोग जो खुद को नेता कहते हैं उन्हें हजम नहीं हो रही है। संदीप सरकार का बोया हुए बीज पर फसल खुद काटने की तैयारी करने लगे है। कुछ बाहरी नेताओं के इशारे पर स्थानीय विधायक बनने का सपना पूरा नहीं होने के उद्देश्य से स्थानीय



उम्मीदवारी की दावेदारी पेश करने लगे है। लेकिन मैं छतरपुर पाटन विधानसभा की जनता से अपील करता हूं कि बाहरी नेताओं के चंगुल में नहीं फंस कर एक मात्र योग्य उम्मीदवार जो छतरपुर पाटन का इतिहास बनाने के लिए अपनी नौकरी छोड़ कर मैदान में उतर गए है उनके भरपूर आशीर्वाद दें। इस मौके पर बसंत कुमार यादव, मुकेश कुमार,कमलेश कुमार यादव, प्रमोद ठाकुर,नरेश यादव, वसीम अंसारी, मोहर अली, भानु प्रताप भुइंया आदि उपस्थित रहे।

## स्पोर्ट्स



भारतीय हॉकी टीम ने एशिनय चैंपियंस ट्राफी 2024 के चौथे मुकाबले में कोरिया को 3-1 के अंतर हरा दिया।

# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम घोषित

**ढाका (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ 19 सितंबर से होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। दो मैचों की इस सीरीज के लिए 16 सदस्यों की टीम चुनी गई। नजमुल हसन शांतो टीम के कप्तान होंगे। वहीं, टीम में शाकिब अल हसन को भी मौका मिला है। उन पर बांग्लादेश में हसीना सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल छात्र की हत्या का आरोप है। आंदोलन में 400 से ज्यादा लोगों की जान गई थीं। इन्हीं में से एक स्टूडेंट की हत्या का आरोप शाकिब समेत 147 लोगों पर लगा है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने हत्या के आरोप में शाकिब अल हसन का बचाव किया था। बोर्ड के प्रेसिडेंट फारूक अहमद ने कहा था कि 'शाकिब अल हसन जब तक दोषी साबित नहीं हो जाते हैं तब तक बांग्लादेश के लिए खेलना जारी रखेंगे। हम उन्हें भारतीय दौरे पर भेजेंगे।' उधर, सीरीज के लिए बांग्लादेश की वही पूरी टीम है, जिसने पाकिस्तान को हराया है।

## हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की लगातार चौथी जीत

# भारत ने कोरिया को 3-1 से हराया हरमनप्रीत सिंह ने किये दो गोल

**हुलुनबुइर (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में लगातार चौथी जीत दर्ज की। टीम ने गुरुवार को चीन के हुलुनबुइर में खेले गए मैच में साउथ कोरिया को 3-1 से हराया। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल किए। भारतीय टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। टीम ने पहले मैच में चीन, दूसरे में जापान और तीसरे में मलेशिया को हराया था। भारतीय टीम अगला मैच 14 सितंबर को आर्च-राइवल पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी।



### अरायजीत सिंह हुंदल ने किया पहला गोल

मुकाबले का पहला गोल पहले क्वार्टर में हुआ। भारत के लिए अरायजीत सिंह हुंदल ने 8वें मिनट में गोल किया। उनके बाद 9वें मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया। कोरिया के यांग जिहुन ने 30वें मिनट में गोल कर बढ़त को कम कर दिया। 43वें मिनट में फिर हरमन ने गोल किया और स्कोर 3-1 कर दिया। यही स्कोर निर्णायक रहा।

### पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर भारत

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के पॉइंट्स टेबल पर भारत पहले नंबर पर है। उसके 4 मैच में 4 जीत के साथ 12 पॉइंट्स हैं। दूसरे नंबर पर पाकिस्तान है। उसके 3 मैच में 1 जीत और 2 ड्रॉ के साथ 5 पॉइंट्स है। वहीं, भारतीय टीम अपना अगला मैच 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी। भारत के साथ इस टूर्नामेंट में चीन, कोरिया, जापान, मलेशिया, और पाकिस्तान भाग ले रहे हैं। फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा।

## सिंदरी हर्ल में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन, किया जा रहा जागरूक



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। जिसमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य स्वच्छता के महत्व को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है। कार्यक्रम की शुरूआत मदर टेरेसा अकादमी विद्यालय और औरोकिड्स प्ले स्कूल में बच्चों के बीच आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता से हुई। जिसमें बच्चों ने स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार साझा किए। साथ ही, शिक्षकों को हाथ धोने और साफ-सफाई बनाए रखने के महत्व पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। हर्ल सिंदरी को एक स्वच्छ और पर्यावरण-संवेदनशील प्लांट के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से, यूनिट प्रमुख सुरेश प्रमाणिक, वीपी (तकनीकी) गौतम माजी और एचआर प्रमुख संत सिंह ने मिलकर प्लांट परिसर में वृक्षारोपण किया। स्वच्छता पखवाड़े के तहत नेहरू मैदान, शहरपुरा में सफाई अभियान चलाया गया, जिससे स्थानीय निवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई गई। अभियान का उद्देश्य लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के प्रति प्रेरित करना था। पखवाड़े के पहले दिन सभी कर्मचारियों और नागरिकों ने 'स्वच्छता शपथ' ली। इसके अतिरिक्त, हर्ल परिसर में कामगारों के लिए एसजेएएस अस्पताल, धनबाद द्वारा एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसका संचालन एचआर प्रमुख मंशुल जैन ने किया। इस स्वच्छता अभियान में परिषदीय विद्यालयों के बच्चे, शिक्षक, और स्थानीय समुदाय के लोग उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं, जिससे स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता को प्रोत्साहन मिल रहा है।

## अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त





**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने बलियापुर में लगभग 300 क्यूबिक फीट अवैध बालू लदे 3 ट्रैक्टर को जब्त किया हैं। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने बताया कि बलियापुर सीओ सुदीप कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को सिंघियाटांड और मोको में जांच अभियान चलाया गया। इस क्रम में सिंघियाटांड से 100-100 क्यूबिक फीट अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर व मोको से 100 क्यूबिक फीट अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि तीनों ट्रैक्टर को जब्त कर बलियापुर थाना को सौंप दिया गया है। साथ ही वाहन मालिक और इस कार्य में संलिप्त अन्य लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

## माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी के निधन से कार्यकर्ताओं में शोक



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राष्ट्रीय महासचिव व पोलित ब्यूरो सदस्य सीताराम येचुरी का गुरुवार को निधन हो गया। निमोनिया से ग्रसित होने के बाद दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गयी। माकपा के सिंदरी बलियापुर लोकल कमेटी के सचिव विकास कुमार ठाकुर ने इस दुःखद समाचार की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि आरएमके फोर कॉलोनी में कार्यकर्ताओं ने झंडा झुका कर शोक प्रकट किया। वहीं, विकास ठाकुर, सूर्य कुमार सिंह, राम लायक राम, सुबल चंद्र दास, पिंटू चटर्जी, मिठू दास, सविता देवी, प्रफुल्ल कुमार स्वैन्न व शिबू राय आदि ने शोक प्रकट किया है।

## नौका विहार के साथ मना श्री राधा अष्टमी उत्सव

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** इस्कॉन कुसुम विहार की ओर से श्री राधा अष्टमी एवं नौका विहार उत्सव मनाया गया। जिसकी शुरुआत भगवान के नौका विहार के साथ की गई। सुंदर गोविंद प्रभु ने भक्तों को राधा रानी जन्मोत्सव की कथा सुनायी। इसके बाद भगवान की महाआरती, 56 भोग एवं उत्सव में आए भक्तो के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। बतातें चलें कि पिछले तीन वर्षो से नौका विहार का आयोजन ब्लू लगून में श्री राधा अष्टमी के दिन किया जाता है। इस वर्ष आकर्षक नौका इस्कॉन कुसुम विहार से जुड़े दिल्ली के भक्तों द्वारा मंगाया गया था, जिसकी सज्जा धनबाद के भक्तो ने की थी। इस्कॉन प्रबंधक सुंदर गोविंद प्रभु ने बताया कि भगवान के प्रति धनबादवासियों का स्नेह एवं उत्सव मनाने का उत्साह देखने योग्य होता है। सभी भक्त छोटी से छोटी चीजों का ध्यान रखते है और उत्सव को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग देते है।

## बंद भूटानी खदान के पानी में छाई गिराने का भाजपा ने किया विरोध, दिया गया आवेदन

**निरसा (आजाद सिपाही)।** मैथन पावर लिमिटेड प्रबंधन की ओर से इसीएल प्रबंधन के साथ मिली भगत कर हड़ियाजाम स्थित बंद भूटानी खदान के पानी में छाई गिराये जाने के विरोध में भाजपा नेता मधुरेंद्र गोस्वामी ने धनबाद डीसी, सांसद ढुल्लू महतो, क्षेत्रीय पदाधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण पार्षद धनबाद, इसीएल के पदाधिकारी एवं निरसा सीओ को पत्र लिखकर अविलंब छाई गिराने पर रोक लगाने के साथ ही गिराये गये छाई को वापस निकालने की मांग की है। सात ही दोषी संवेदक पर प्राथमिक दर्ज करने की भी मांग की है। उन्होंने बताया कि मैथन पावर लिमिटेड प्रबंधन धीरे-धीरे निरसा के सभी जल स्रोतों को समाप्त करते जा रहा है। आने वाले समय में निरसावासियों को छाई के कारण भयंकर महामारी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भूटानी खदान के पानी से निरसा के चह पंचायतों के 50 हजार की आबादी को जलापूर्ति होती थी। वर्तमान में फिल्टर प्लांट टूट जाने के कारण अभी जलापूर्ति बंद है। भविष्य में इसी खदान से निरसा वासियों को जलापूर्ति की योजना है। भूटानी खदान को एक पर्यटक का केंद्र बनाने के लिए ग्रामीण प्रयासरत है, जबकि मैथन पावर लिमिटेड प्रबंधन की गिद्ध दृष्टि इस खदान पर है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पूरे खेल में कुछ भ्रष्ट अधिकारी व जनप्रतिनिधि शामिल हैं।

### धनबाद पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

# कांग्रेस के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ताओं को ही मिलेगा टिकट: केशव महतो कमलेश

**कहा- धनबाद की सभी विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित**

**लोकसभा चुनाव की गलतियों से सीख लेने व लोगों से मिलकर सरकार की उपलब्धियों-योजनाओं से अवगत कराने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता




कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता।

**धनबाद।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह की अध्यक्षता गुरुवार को धनबाद आगमन पर लुबी सर्कुलर रोड स्थित जिला उत्सव विवाह भवन में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर धनबाद जिला के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के बीच जन संवाद आपके साथ का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संतोष सिंह और संचालन जिला कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस आम कार्यकर्ताओं की पार्टी है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि धनबाद की सभी विधानसभा सीट पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है। पार्टी सर्वे भी कर रही है। निष्ठावान कार्यकर्ताओं को टिकट मिलेगा। कहा कि जिला अध्यक्ष संतोष सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी संगठन को मजबूत किया हैं। संगठन सशक्तिकरण अभियान को और तेज करें और लोकसभा चुनाव की गलतियों को सुधार कर काम करें। सशक्त बूथ के बल पर धनबाद में कांग्रेस जरूर जितेगी।

उन्होंने केंद्र सरकार पर जुबानी हमला करते हुए झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने और केंद्रीय योजनाओं को यहां बंद करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि राज्य में कांग्रेस गठबंधन की हेमंत सरकार वादा करती है कि हर वर्ग- समाज के लोगों का ख्याल रखा जाएगा। विशेष कर युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार मुहैया करायेंगें। उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की ओर से जितने लोगों ने भी आवेदन किया है उन सभी के नाम को दिल्ली भेजूंगा। पार्टी आला कमान जो फैसला लेग, हम सभी उसका स्वागत करेंगें। वहीं, संतोष सिंह और राशिद रजा अंसारी ने प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को झारखंड का मोमेंटम दिया और 51 किलो का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष के आगमन के दौरान तेलमोचो पुल, कपुरीया मोड, पुटकी, गोधर, बैंक मोड, रांगाटाड, सीटी सेंटर के पास कार्यकर्ताओं ने जोरदार अभिनंदन किया। कार्यक्रम में बाघमारा के रोहित यादव भी बड़ी संख्या में अपने समर्थक के साथ पहुंचे थे। वहीं, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद, महासचिव मदन महतो, पंकज मिश्रा, वैभव सिन्हा, रामगोपाल भूवानिया, अशोक सिंह, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज, धनबाद जिला के सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आदि ने भी अपने-अपपने विचार रखे। इस मौके पर झारखंड कांग्रेस अनुशासन समिती के अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रदेश कांग्रेस ओबीसी के अध्यक्ष अभिलाष साहू, गजेंद्र सिंह, शमशेर आलम, विजय सिंह, अभिजीत राज, शाहिदा कमर, रणविजय सिंह, इरफान खान चौधरी, बाबू अंसारी, कुमार गौरव उर्फ सोनू, गोपाल कृष्ण चौधरी, रवींद्र वर्मा, पंकज मिश्रा, वैभव सिन्हा, मनोज यादव आदि मौजूद थे।

**झारखंडी संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूक होना होगा : दीपक महतो/धनबाद (आजाद सिपाही)।** टाटा सीजुआ शक्ति मेला मैदान में गुरुवार को करम परब महोत्सव 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें जेबीकेएसएस के संस्थापक जयराम महतो के अलावा कन्हाई चौहान एवं प्रदीप महतो भी उपस्थित हुए। इस दौरान प्रथम पुरस्कार विजेता बागड़ा टीम को जयराम महतो ने 5000 रुपये, कप देकर सम्मानित किया।

## मुखिया पति समेत छह के खिलाफ रंगदारी मांगने का मामला दर्ज



**बरोरा/कतरास (आजाद सिपाही)।** संजय उद्योग आउटसोर्सिंग कंपनी के फुलारीटांड पैच में विगत दिनों डोजर ऑपरेटर राकेश कुमार गौड़ और कमरुद्दीन के साथ हुई मारपीट के साथ ही पांच लाख रुपये रंगदारी मांगने के मामले में बरोरा पुलिस ने घायल राकेश की लिखित शिकायत पर मुखिया पति सह कोल व्यावसायी शंकर बेलदार, नीरज चौहान, अनीष चौहान, सन्नी चौहान, विमल पासवान, मनोज चौहान और दिगन चौहान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। बतातें चलें कि मोदीदिह जोगता निवासी आउटसोर्सिंग कर्मी राकेश ने पुलिस को दिए शिकायत में बताया कि जब वह डोजर मशीन चला रहा था तभी शंकर अपने हाथ में पिस्टल लेकर अन्य लोगों के पहुंचा था, जिनके हाथ में तलवार और डंडे थे। डंप परिसर में घुसकर सभी ने उसे और कमरुद्दीन के साथ मारपीट की और पांच लाख रुपये रंगदारी देने की मांग की। उक्त राशि नहीं देने पर काम पर नहीं आने की धमकी दी।

## विधानसभा चुनाव में बेरमो प्रखंड का दिखेगा दमदार प्रभाव : सचिन महतो

**विधानसभा चुनाव को लेकर आजसू की प्रखंड स्तरीय बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**करगली/बेरमो।** विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी राजनीतिक पार्टियों ने कमर कस ली है। सभी अपने-अपने स्तर से चुनावी तैयारियों में भी जुट गये हैं। इसी कड़ी में एनडीओ की घटल दल आजसू ने भी करगली गेट स्थित पार्टी कार्यालय में गुरुवार को चुनाव को लेकर बैठक की। जिसकी अध्यक्षता आजसू बोकारो जिला अध्यक्ष सचिन कुमार महतो एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष महेंद्र चौधरी ने की। बैठक में डुमरी विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी भी मौजूद थी। इस अवसर पर बोकारो जिला अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव एक प्रक्रिया है, जिसके तहत अध्यक्ष एवं सचिव का चुनाव किया जाएगा एवं संगठन का विस्तार किया जाएगा। बेरमो प्रखंड में 19 पंचायत है। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए चार आवेदन आए हैं। सचिव पद के लिए दो और एक महिला मोर्चा के लिए आवेदन आया है। विगत कुछ महीनों बाद विधानसभा होने हैं। इस विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन के तहत बेरमो प्रखंड अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराएगी। मौके पर केंद्रीय सचिव संतोष महतो, बुचू सिंह, केंद्रीय सदस्य सूरज महतो, महेंद्र चौधरी, शक्ति प्रसाद महतो, चंद्रपुरा प्रखंड के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष फखरुद्दीन अली, जिला संगठन सचिव जलेश्वर महतो, फुसरो नगर अध्यक्ष महेश देशमुख, सचिव मनोज महतो, पूर्व मुखिया धनेश्वर महतो, कृष्णा महतो, वीरू हरि, विनोद, मुकेश सिंह, अशोक महतो, महादेव महतो, लोकी महतो, पप्पू सिंह, निहाल कुमार, रोहित चौधरी, चंदन कुमार, सुनील कुमार, हेमंत, आरती, मुकेश साहनी, आनंद साहू, आनंद साव, संजय विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## करम परब झारखंड के समृद्धशाली सांस्कृतिक त्योहार में से एक: राजेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बृहद झारखंड कला सांस्कृतिक मंच की ओर से गुरुवार को करम महोत्सव डहरे करम बेड़हा का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों व आकर्षक झांकियों के साथ करम शोभायात्रा निकाली गई, जो चास के आईटीआई मोड़ जगरनाथ महतो चौक से बिरसा चौक नया मोड़ तक पहुंची और करम आखड़ा में तब्दील हो गई। इसमें लाखों करमैती बहनों व संस्कृति प्रेमियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मंच के संयोजक जिप सदस्य राजेश महतो ने कहा कि करम परब झारखंड की समृद्धिशाली सांस्कृतिक त्योहार है। इस बिरासत को बचाने, उसके संरक्षण और संवर्धन के लिए हमेशा से मंच का प्रयास रहा है। झारखंड के मूलवासी हो या आदिवासी प्रकृति पूजक रहे है और अपनी सांस्कृतिक उत्सवों के साथ पारंपरिक जीवन शैली के साथ अपनी अनूठी पहचान को समेटे हुए है। इस मौके पर सहसंयोजक दयामय महतो, पार्वती चरण महतो, सचिन महतो, भीमसेन महतो आदि मौजूद थे।

## कोलियरी कर्मचारी कांग्रेस का जमसं में विलय

**रामेश्वर सिंह फौजी सैकड़ों नेताओं-समर्थकों के साथ जमसं में शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता




सिद्धार्थ गौतम की मौजूदगी में जमसं में शामिल हुए रामेश्वर सिंह फौजी व अन्य।

**झरिया।** जनता मजदूर संघ (जमसं) के कतरास मोड़ स्थित केंद्रीय कार्यालय में गुरुवार को मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता संगठन के केंद्रीय उपाध्यक्ष गोपाल मिश्रा ने की। बैठक में जमसं के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम भी मौजूद थे। इस दौरान कोलियरी कर्मचारी कांग्रेस संघ के महामंत्री रामेश्वर सिंह फौजी अपनी पूरी कार्यसमिति सदस्य के साथ जमसं में सैकड़ो पदाधिकारियों के साथ शामिल होते हुए अपने संगठन का विलय कर लिया। सभी को महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने केसरिया गमछा और माला पहना कर स्वागत किया. इस मौके पर अरविंद सिंह, रूद्र प्रताप सिंह, उमेश कुमार सिंह, रंजय कुमार, संजीत सिंह, राणा मनीष सिंह आदि उपस्थित रहे। वहीं, सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि यह बहुत बड़ी उपलब्धि है कि कोलियरी कर्मचारी कांग्रेस संघ का जमसं में विलय हो गया। संगठन व मेरे पिता के साथ काम करने वाले लोगों का फिर से जमसं के साथ जुड़ने के इच्छुक ऐसे सभी लोगों का जमसं में स्वागत है।

**उपायुक्त का कार्यालय लातेहार (सामान्य शाखा)**

**विज्ञापन संख्या–01/2024**

**आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा लातेहार जिला अन्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2024 के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–19.09.2024 को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा हेतु परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र संबंधित अंचल में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। दिनांक–15.09.2024 से अभ्यर्थी अपने–अपने अंचल से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

PR.NO.335469 District(24-25):D

उपायुक्त लातेहार।

**कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा**

(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**वित्तीय वर्ष–2023–24 में प्रवेशिकोत्तर पाठयकमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र–छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना हेतु आवेदन से संबंधित, आवश्यक सूचना**

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र–2023–24 के लिए झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति के लिए निम्न प्रकार से तिथि निर्धारित की जाती है :–

| क0 | प्रकियात्मक कार्रवाई | ई–कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1. | शैक्षणिक सत्र–2023–24 हेतु छात्र/छात्राओं के ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि। | 15.09.2024 |
| 2. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन की सत्यापन की अंतिम तिथि। | 15.09.2024 |
| 3. | संबंधित जिले के DNO द्वारा आवेदन की स्वीकृति की अंतिम तिथि। | 30.09.2024 |

अन्य दिशा–निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार Website-ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

सभी संबंधित शैक्षणिक संस्थानों के INO को अंतिम रूप से सूचित की जा रही है कि शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए पोर्टल 15.09.2024 के बाद नहीं खोला जाएगा।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 335492 Lohardaga(24-25)#D

**कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**

E-mail : forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.07.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर गुमला–सिसई पथ पर ग्राम–खोरा के पास से 08 पीस साल बोटा सहित एक पीकअप सं0–JH13E1233 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर गुमला वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 24.09.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

–: वन है, तो जीवन है :–

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 335516 (Forest, Environment and Climate Changes) 24-25 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**उद्यान निदेशालय, झारखण्ड**
**कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा**

" प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग " योजना के लाभ हेतु

आम – सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ( उद्यान प्रभाग) के स्वीकृत्यादेश संख्या–42, दिनांक– 24.07.2024 द्वारा राज्य उद्यान विकास योजनान्तर्गत उपयोजना " प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग " के तहत शहरी इलाको एवं एससे सटे हुए आस–पास के छोटे–भूखण्ड एवं सरकारी परिसर, जहॉ उपलब्ध हो तथा Trace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों, फूलों एवं फलों के उत्पादन किये जाने हेतु प्रमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग की योजना स्वीकृत है।

उपरोक्त योजनान्तर्गत Trace Gardening तथा शहरी क्षेत्रों में खाली पडे भू–खण्डो पर इच्छुक कृशक द्वारा आवेदन के माध्यम से लाभ दिया जायेगा।

इस योजना का कार्यान्वयन सरकारी परिसर में 100 प्रतिशत अनुदान पर एवं निजी व्यक्तियों का Trace Gardening एवं अवासीय परिसर में खाली पडे भू–खण्डो पर 75 प्रतिशत अनुदान पर किया जायेगा।

- आवेदन जमा दिनांक 21.09.2024 तक कार्यालय कार्य अवधि में किया जायेगा।

विशेष जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
जिला उद्यान पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR.NO.335527 Lohardaga(24-25):D

## पूर्व तट रेलवे ने माल परिवहन में नया मानक स्थापित किया

भुवनेश्वर। पूर्व तट रेलवे (ईसीओआर) ने चालू वित्त वर्ष के दौरान केवल 160 दिनों में 100 मिलियन टन से अधिक माल उतारकर माल परिवहन में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 7 सितंबर 2024 तक, पूर्व तट रेलवे ने सफलतापूर्वक 100.44 मिलियन टन अनलोड किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 6.5% की वृद्धि दर्ज करता है। यह प्रभावशाली प्रदर्शन पिछले वर्ष के आंकड़े से 6.15 मिलियन टन अधिक है। खुर्दा रोड डिविजन में 60.38 मिलियन टन, वाल्टेयर डिवीजन में 22.68 मिलियन टन और संबलपुर डिवीजन में 17.38 मिलियन टन अनलोड किया गया। पूर्व तट रेलवे ने अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर प्रमुख उद्योगों और बंदरगाहों की लॉजिस्टिक जरूरतों का समर्थन करने में सहायक रहा है। रेलवे पारादीप, विशाखापत्तनम (वैजाग), गंगावरम, गोपालपुर और धामरा सहित प्रमुख बंदरगाहों पर सेवा प्रदान करता है और इस्पात, बिजली, एल्यूमीनियम, उर्वरक, सीमेंट और अन्य क्षेत्रों जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों की परिवहन मांगों को पूरा करता है। पूर्व तट रेलवे द्वारा परिवहन की जाने वाली प्रमुख वस्तुएं कोयला, लौह अयस्क, एल्यूमिना, मैंगनीज और बॉक्साइट हैं। केवल 160 दिनों में 100 मिलियन टन उतारने की यह उपलब्धि रेलवे की बेहतर दक्षता और औद्योगिक मांगों को पूरा करने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। तुलनात्मक रूप से, यह मील का पत्थर पिछले वित्तीय वर्ष (2023-24) में 171 दिनों में और 2022-23 के दौरान 191 दिनों में पहुंच गया था।

## रेलवे स्टेशनों पर आज से स्वच्छता चौपाल

नयी दिल्ली/भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। रेलवे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को आगे बढ़ाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसके तहत रेलवे ने स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी पर जोर दिया है। इसके लिए रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल लगाकर जहां रेल यात्रियों को जागरूक किया जाएगा, वहीं ग्राम पंचायतों को भी इस अभियान से जोड़ा जाएगा। गुरुवार को इस विशेष अभियान 4.0 को लेकर रेलवे बोर्ड की सचिव अरुणा नायर की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्वच्छता में सुधार पर जोर दिया गया। यह विशेष अभियान 4.0 दो चरणों (पहला चरण 13 से 30 सितंबर तक और दूसरा चरण 2 से 31 अक्टूबर तक) में आयोजित किया जायेगा। प्रारंभिक चरण के दौरान चिन्हित लंबित मामलों का निपटान किया जायेगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए रेलवे ने देशभर में 150 से अधिक नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। अभियान की तैयारियों की समीक्षा के लिए 12 सितंबर को रेलवे बोर्ड के सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एजीएम/जोनल रेलवे, जीएम/पीयू, सीएमडी/एमडी/पीएसयू, नोडल अधिकारियों और बोर्ड के निदेशालयों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। विशेष अभियान 4.0 को सफल बनाने के लिए बैठक में रेलवे बोर्ड की सचिव ने सभी स्तरों पर सक्रिय भागीदारी पर जोर देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

# ओड़िशा में स्ट्रोक की घटनाएं राष्ट्रीय औसत से अधिक हैं

### हर महीने 500 से अधिक स्ट्रोक रोगियों की देखभाल करता है एम्स भुवनेश्वर न्यूरोलॉजी विभाग




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ब्रेन स्ट्रोक की घटना भारत में एक चिंताजनक स्वास्थ्य चिंता बन गयी है, देश भर में प्रतिदिन लगभग 2,000 मामले सामने आते हैं। द लांसेट में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि ओड़िशा में स्ट्रोक की घटनाएं राष्ट्रीय औसत से अधिक है, जिसमें लगभग सात निवासियों में से एक जोखिम में है। यह बढ़ता हुआ स्वास्थ्य मुद्दा, जो पहले ज्यादातर वृद्ध वयस्कों में देखा जाता था, अब गतिहीन जीवन शैली, खराब आहार संबंधी आदतों, तनाव के बढ़ते स्तर और मधुमेह मेलेटस और उच्च रक्तचाप के बढ़ते प्रसार जैसे कारकों के कारण युवा आबादी को प्रभावित कर रहा है। एम्स भुवनेश्वर के न्यूरोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित इंडियन एसोसिएशन ऑफ न्यूरोलॉजी (आइएएन) स्ट्रोक सबसेक्शन मिडटर्म कॉन्फ्रेंस के दौरान इन चिंताओं पर प्रकाश डाला गया। थीम कोड स्ट्रोक टू स्ट्रोक इंटरवेंशन सम्मेलन में स्ट्रोक की प्रारंभिक पहचान, उपचार की प्रगति और स्ट्रोक की रोकथाम के महत्व पर गहन चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में देश भर के प्रतिष्ठित न्यूरोलॉजिस्टों ने भाग लिया। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने कहा कि एम्स भुवनेश्वर में न्यूरोलॉजी विभाग हर महीने 500 से अधिक स्ट्रोक रोगियों को संभालता है, जो व्यापक देखभाल प्रदान करता है जिसमें अंतःशिरा थ्रोम्बोलिसिस, मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी, स्ट्रोक न्यूरोसर्जरी, न्यूरोक्रिटिकल देखभाल और उन्नत न्यूरो-पुनर्वास सेवाएं शामिल हैं। सम्मेलन में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में डीन (शैक्षणिक) डॉ पीआर महापात्रा, और एम्स भुवनेश्वर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ डीके परिदा शामिल थे। प्रमुख वक्ताओं में आइएएन स्ट्रोक सबसेक्शन के अध्यक्ष डॉ सुनील के नारायण, इंडियन स्ट्रोक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ निर्मल सूर्या, डॉ कामेश्वर प्रसाद, डॉ पी विजया और डॉ एसपी गोरथी शामिल थे, जिन्होंने स्ट्रोक प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की। रेजिडेंट डॉक्टरों और संकाय सदस्यों के लिए स्ट्रोक पर एक पोस्टर सत्र आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट डॉ आरएन साहू को मानव जाति के प्रति उनकी समर्पित सेवा के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मेलन का समन्वय एम्स भुवनेश्वर में न्यूरोलॉजी के प्रमुख डॉ संजीव कुमार भोई ने डॉ मेनका झा और डॉ प्रियंका सामल के साथ किया।

### अनुगुल-सुकिंदा रेल लाइन शेड स्थापित

## माल शेड से यातायात का पहला रेक लोड किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** खोरधा रोड मंडल ने माल ढुलाई के क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की । अनुगुल-सुकिंदा रेल लाइन पर परजंग में नव स्थापित गुड्स शेड से 54 वैगन कोयले से भरी यातायात की पहली रेक का परिवहन किया गया। दामोदर वैली कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा ओड़िशा के परजंग से पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर तक 3167 टन कोयले का परिवहन किया गया।

परजंग में अनुगुल सुकिंदा रेलवे लिमिटेड का नया गुड्स शेड, तालचेर क्षेत्र से कोयला और सुकिंदा क्षेत्र से लौह अयस्क सहित विभिन्न वस्तुओं को देश के विभिन्न भागों में ले जायेगा, जिससे विभिन्न विद्युत घरों और विनिर्माण इकाइयों की मांग पूरी होगी और प्रशासन के लिए राजस्व में वृद्धि होगी।

एचएसबाजवा, मंडल रेल प्रबंधक/खोरधा रोड, परजंग माल शेड में पहली रेक की लोडिंग के दौरान मौजूद थे। उन्होंने खोरधा रोड मंडल के लिए अतिरिक्त ट्रैफिक हैंडलिंग पॉइंट शुरू करने के लिए अनुगुल सुकिंदा रेलवे लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दिलीप सामंतराय और उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उद्योगों और जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में आवश्यक वस्तुओं और कच्चे माल के परिवहन के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे।

# जिंदल स्टेनलेस को व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए मिली फाइव स्टार रेटिंग

- ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल की ओर से दी दयी प्रतिष्ठित रेटिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल ने व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए जिंदल स्टेनलेस के हिसार संयंत्र को फाइव स्टार रेटिंग दी है। यह रेटिंग अपने कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित व स्वस्थ कार्य वातावरण तैयार करने के प्रति कंपनी के समर्पण को दशार्ती है। विस्तृत समीक्षा के बाद प्रदान की गयी ह्यफाइव स्टार रेटिंग जिंदल स्टेनलेस के स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन में उच्चतम मानकों के पालन को दर्शाती है। ऑडिट प्रक्रिया के तहत वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों व कर्मचारियों से बातचीत और स्थल निरीक्षण के साथ-साथ कंपनी की सुरक्षा नीतियों, प्रक्रियाओं व तौर-तरीकों का गहन अध्ययन किया गया। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक, अभ्युदय जिंदल ने इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल से पांच



सितारा रेटिंग मिलना बेहद सम्मान की बात है और यह एक सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। फाइव स्टार व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ऑडिट उद्योग में सबसे व्यापक मूल्यांकनों में से एक है, जिसके तहत कंपनियों के सर्वोत्तम तौर-तरीकों की पड़ताल करके निरंतर सुधार के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष और हिसार इकाई के प्रमुख विजय कुमार बिंदलिश ने इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, यह रेटिंग सुरक्षा संस्कृति को बरकरार रखने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। यह सम्मान हमें अपने सुरक्षा तौर-तरीकों के मामले में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। यह रेटिंग मिलने के बाद कंपनी ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल के प्रतिष्ठित स्वॉर्ड ऑफ ऑनर सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करने के योग्य हो गयी है। ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण प्रबंधन के मामले में दुनिया की अग्रणी मार्गदर्शक संस्था है। यह दुनिया भर के संगठनों और कंपनियों को कार्यस्थलों पर स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण के संबंध में सशक्त बनाती का प्रयास करती है। इस वर्ष की शुरूआत में, संयंत्र को ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल की ओर से लगातार पांचवें वर्ष अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।









# चार रेलवे कर्मचारियों को पूर्व तट रेलवे महाप्रबंधक ने सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक श्री परमेश्वर फूंकवाल ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन और सतर्कता के लिए चार रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया। गोपाल प्रधान, रंभा में कार्यरत ट्रैकमैन चिन्मय कुमार परिडा, निराकरपुर स्टेशन प्रबंधक; विशाखापत्तनम में डीजल लोको शेड में कार्यरत जी कृष्णा प्रसाद और अंबोदला स्टेशन पर कार्यरत दिलीप भोई, ट्रैक मेंटेनर-कने अपने कर्तव्यों का



पालन करते हुए असामान्य विफलताओं का पता लगाया और सुरक्षित ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्रवाई की। कर्मचारी ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए कठिन परिस्थितियों में दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने अपने कर्तव्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण को प्रोत्साहित किया और मंडल रेल प्रबंधकों को ऐसे कर्मचारियों को पहचानने और पुरस्कृत करने की सलाह दी।









# टीपीडब्ल्यूओडीएल के स्मार्ट मीटर पूरी तरह से विश्वसनीय हैं: सीइओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** बुर्ला टीपीडब्ल्यूडीओएल की ओर से बुधवार को बुर्ला स्थित मीटर परीक्षण प्रयोगशाला में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कंपनी की ओर से विभिन्न मीडिया प्रतिनिधियों और कुछ सामाजिक संस्थानों को आमंत्रित किया गया था और उनकी उपस्थिति में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण कुमार बर्मा और अन्य अधिकारियों ने बिजली वितरण के क्षेत्र में विभिन्न सरकारी निर्देशों पर प्रकाश डाला, जिसमें मुख्य रूप से बिजली वितरण में उपयोग किए जाने वाले स्मार्ट मीटर पर प्रकाश डाला गया और उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में इस बात का विस्तृत विवरण दिया गया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास के साथ-



साथ अनुसंधान के माध्यम से पिछले 30 वर्षों में बिजली मीटर कैसे परिवर्तन हुआ हैं। स्मार्ट मीटर से कनेक्शन केवल कंपनी के कंप्यूटर द्वारा स्थापित किया जाता है। स्मार्ट मीटर लगने से ग्राहकों को क्या लाभ हो सकता है, इसका भी विस्तृत विवरण दिया गया। बाद में उपस्थित सभी सदस्यों से मीटर परीक्षण प्रयोगशाला का दौरा करने का अनुरोध किया गया। बुर्ला में मीटर परीक्षण प्रयोगशाला अंतरराष्ट्रीय अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है और सभी स्मार्ट मीटर ( थ्री फेज और सिंगल फेज) को मीटर के गहन परीक्षण के बाद ग्राहक के परिसर में भेजा जाता है, जिसका विवरण भी प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों के माध्यम से कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने दोहराया कि स्मार्ट मीटर एक विश्वसनीय उपकरण है और यह जनता को सटीक बिजली खपत और पूरी तरह से सटीक बिलिंग प्रदान करता है।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**